ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 09 • विक्रम संवत 2080 • रविवार, 28 मई 2023 • वर्ष-29 • अंक-221 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00



'गैंग्स ऑफ वासेपुर' को जिंदगी का 'अभिशाप'... पेज 12 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### झारखंड कैबिनेट की बैठक 31 को

**रांची।** राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक 31 मई को दिनको होगी। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय समन्वय विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। मुख्यमंत्री की हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शाम चार बजे प्रोजेक्ट भवन में होने वाली बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने की संभावना है। मंत्रिमंडल सचिवालय समन्वय विभाग में सभी विभागों को पत्र लिखकर प्रस्ताव की मांग की है , जिसे कैबिनेट की बैठक में रखा जाएगा।

### सात किलो गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

**रांची।** अरगोड़ा थाना पुलिस ने आंनदपुरी के पास से शनिवार शाम एक गांजा तस्कर को पकड़ा है। इसके पास से सात किलो गांजा बरामद किया गया है। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि एसएसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर एक नाबालिग को निरुद्ध किया गया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। बरामद गांजा का बाजार मूल्य 140000 है।

### रांची में यूपीएससी पीटी परीक्षा में 23 हजार अभ्यर्थी होंगे शामिल

**रांची।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की पीटी परीक्षा रविवार को रांची में भी आयोजित होगी। इसके लिए रांची में 56 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा के लिए लगभग 1000 शिक्षक और 150 पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। डीएवी नंदराज में दृष्टि बाधित परीक्षा केंद्र बनाया गया है। रांची के विभिन्न सेंटरों पर लगभग 23 हजार अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। दृष्टि बाधित अभ्यर्थियों की संख्या 81 है। यूपीएससी की ओर से जारी गाइडलाइन का पालन किया जाएगा। कदाचारमुक्त परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने सभी केंद्रों सेंटर सुपरिटेंडेंट को आवश्यक निर्देश भी जारी किये गये हैं। यूपीएससी द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन किया जाएगा। इसके मद्देनजर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में रांची जिला प्रशासन के अधिकारियों की बैठक हुई।

### मुख्यमंत्री राहत कोष से लखींद्र प्रधान को एक लाख की सहायता

**रांची।** सरायकेला खरसावां निवासी शचिंद्र कुमार दास के बेटे के इलाज के लिए खरसावां प्रखंड के बागरायडीह निवासी लखींद्र प्रधान को मुख्यमंत्री राहत कोष से शनिवार को एक लाख रुपये की सहायता राशि मिली। खरसावां विधायक दशरथ गागराई की पहल पर लखींद्र प्रधान को मुख्यमंत्री राहत कोष से यह राशि मिली है। विधायक दशरथ गागराई ने शनिवार को लखींद्र प्रधान को एक लाख का चेक सौंपा।

## सीएम ने झारखंड में विगत तीन वर्षों में विकास की गति में तेजी का किया दावा

# नीति आयोग की बैठक में शामिल हुए हेमंत

**रांची/नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि झारखंड में विगत तीन वर्षों में विकास की गति में काफी तेजी आई है। झारखंड में आधारभूत संरचना के क्षेत्र में निवेश की असीम संभावनाएं हैं और सरकार इस दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री से आग्रह है कि को-ऑपरेटिव फेडरलिज्म के सिद्धान्तों को धरातल पर उतारते हुए झारखंड को उचित सहयोग प्रदान किया जाय, जिससे विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में झारखंड भी भागीदारी दर्ज करा सके।




मुख्यमंत्री शनिवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित नीति आयोग की शासी परिषद की 8वीं बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा मैं इस बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि झारखंड देश के साथ कंधे से कंधा मिला कर कार्य करने के लिए सदैव तत्पर रहा है एवं रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए प्रक्रियाओं के सरलीकरण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सरकार के प्रयासों से निवेशकों में विश्वास बढ़ेगा और निवेशक प्राकृतिक संपदाओं से परिपूर्ण राज्य में निवेश हेतु प्रोत्साहित होंगे। मुख्यमंत्री ने बताया किएमएसएमई सेक्टर में स्थायी पूंजी पर देय पूंजीगत सब्सिडी को 25 प्रतिशत से बढ़ाकर अधिकतम 40 प्रतिशत तक किया जा रहा है। इसके साथ राज्य सरकार एमएसएमई के आरएएमपी कार्यक्रम के तहत स्ट्रेटेजिक निवेश योजना भी तैयार कर रही है। राज्य में वर्तमान लागू खरीद नीति को भी रिवाइज किया जा रहा है, ताकि स्थानीय एमएसएमई को और अधिक महत्व दिया जा सके।

**आवागमन के साधन विकसित करने का हो रहा कार्य :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में राष्ट्रीय उच्च पथ घनत्व को राष्ट्रीय औसत के बराबर लाने के लिए कुल 08 प्रमुख सड़क कॉरिडोर (1662.50 किमी) को भी चिन्हित किया है। इन राजकीय पथों को राष्ट्रीय उच्च पथों में विकसित किये जाने से राज्य अन्तर्गत उत्तर से दक्षिण एवं पूरब से पश्चिम कनेक्टिविटी सुदृढ़ होगी। साहेबगंज एवं ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### इज ऑफ डूइंग बिजनेस में झारखंड रहा है उत्कृष्ट

मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यापार की सुगमता मामले में झारखंड का प्रदर्शन हमेशा से उत्कृष्ट रहा है। व्यापार सुधार कार्य योजना के शुरूआती पांच संस्करणों में झारखंड हमेशा शीर्ष 10 राज्यों की सूची में रहा है। अनुपालन बोझ में कमी कार्यक्रम के अन्तर्गत महत्वपूर्ण पहल की गई है, जिसमें विशेष प्रक्रियाओं को सरल एवं युक्तिसंगत बनाना है। विगत दो वर्षों यथा 2021 और 2022 में व्यवसायों के साथ नागरिक सेवाओं से संबंधित कुल 507 अनुपालन बोझ को कम किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डिक्रिमिनलाइजेशन की दिशा में भी सरकार काम कर रही है, जिसका उद्देश्य छोटे उल्लंघनों पर सजा के स्थान पर वित्तीय दंड का प्रावधान करना है, ताकि व्यवसायियों और नागरिकों में भय का वातावरण समाप्त हो सके।

## पूर्व सांसद सलखान मुर्मू ने की सरना धर्म कोर्ड की मांग

# 15 जून को भारत बंद का किया आह्वान

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आदिवासी सेंगल अभियान के अध्यक्ष सालखन मुर्मू ने सरना धर्म कोर्ड को मान्यता देने सहित कई मांगों को लेकर हुंकार भरी है। उनका कहना है 2011 की जनगणना में जैन धर्म को मानने वालों की संख्या 44 लाख है जबकि आदिवासियों की संख्या 50 लाख। इसके बावजूद सरना धर्म कोर्ड को अबतक मान्यता नहीं मिली है। जैन समुदाय वालों को मिल चुकी है। इसी को लेकर 15 जून भारत बंद का एलान किया है। 30 जून को कोलकाता में बैठकः सरना समिति के सदस्यों और आदिवासी समाज के साथ बैठक करने के बाद आदिवासी सेंगल अभियान के अध्यक्ष सह पूर्व सांसद सालखन मुर्मू ने कहा कि भारत बंद के बाद 30 जून 2023 विश्व सरना धर्म जनसभा का आयोजन कोलकाता के ब्रिगेड परेड मैदान में किया



जाएगा। जिसमें पांच लाख से ज्यादा लोग शामिल होंगे। पारसनाथ पहाड़ आदिवासियों काः उन्होंने बताया कि 15 जून को भारत बंद के माध्यम से वह भारत सरकार से मांग करते हैं कि गिरिडीह के पारसनाथ में मरांग बुरु पहाड़ आदिवासियों के ईश्वर हैं। लेकिन झारखंड सरकार ने 5 जनवरी 2023 को भारत सरकार को यह लिखकर दे दिया कि वह पहाड़ जैन धर्म का है, जो की आदिवासी समाज को अस्वीकार है। संथाली भाषा को प्रथम राजभाषा की मांगः वहीं उन्होंने आदिवासियों के संथाली भाषा को प्रथम राजभाषा का दर्जा देने की मांग की है। सालखन मुर्मू ने कहा कि आदिवासी समाज को बढ़ावा देने के लिए संताली भाषा को प्रथम राजभाषा में शामिल करना अति आवश्यक है। महतो को आदिवासी में शामिल का विरोधः उन्होंने कहा कि झारखंड में कुर्मी महतो को आदिवासी बनाने की बात कही जा रही है। जिसका समर्थन कई आदिवासी नेता और राजनीतिक पार्टियां कर रही हैं, लेकिन आदिवासी सेंगल अभियान इसका घोर विरोध करता है। उन्होंने कहा कि यदि कुर्मी महतो आदिवासी बन जाएंगे तो जो फिर मूल आदिवासी हैं उन्हें काफी नुकसान होगा।

# विदेशी हथियारों के साथ टीएसपीसी के एरिया कमांडर समेत तीन गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने टंडवा कोयलांचल क्षेत्र में लेवी वसूली को लेकर दहशत फैलाने वाले प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के एरिया कमांडर व दो सहयोगियों समेत तीन को विदेशी हथियारों व दस्तावेजों के साथ गिरफ्तार कर शनिवार को चतरा जेल भेज दिया। एसपी राकेश रंजन ने टंडवा एसडीपीओ कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस संबंध में पत्राकारों को जानकारी देते हुए बताया कि बीती 6 मई को पूर्णाडीह परियोजना क्षेत्र में मैथन पॉवर के लिफ्टर बिनोद गिरी को टीएसपीसी के तीन अपराधियों ने गोली मारकर जख्मी कर दिया था। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए विशेष कार्यबल में डीएसपी शंभू कुमार सिंह के नेतृत्व में पिपरवार थाना के पुअनि गोविंद कुमार, पुअनि रुपेश महतो, पुअनि आनंद खण्डैत व अन्य रिजर्व गार्डों के साथ टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों व मजबूत सूचना तंत्र की बदौलत त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड में संलिप्त रांची जिले के खलारी थाना स्थित गुलजार बाग (लालघोडा) निवासी टीएसपीसी के एरिया कमांडर छोटन तुरी ऊर्फ बादल ऊर्फ अभय, पिता टिनु तुरी, सक्रिय सदस्य छपरा जिले के बनियापुर थाना स्थित सरनी निवासी 44 वर्षीय ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## प्रधानमंत्री ने भारत को 2047 तक विकसित बनाने का किया आह्वान

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के लिए साझा दृष्टिकोण तैयार करने का आह्वान करते हुए राज्यों से इस दिशा में कदम उठाने को कहा है। प्रधानमंत्री ने नीति आयोग की संचालन परिषद की यहां आयोजित आठवीं बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस दौरान कई राज्यों के मुख्यमंत्री, केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल और केंद्रीय मंत्री मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने शनिवार को दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित नए कन्वेंशन सेंटर में बैठक को संबोधित करते हुए राज्यों से कहा कि नागरिकों के सपनों को पूरा करने वाले कार्यक्रम तैयार करने के लिए आर्थिक रूप से विवेकपूर्ण निर्णय किए जाएं। उन्होंने कहा कि जब राज्य बढ़ते हैं तो भारत बढ़ता है। उन्होंने 2047 में विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए साझा दृष्टिकोण विकसित करने के महत्व पर जोर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने राज्यों से वित्तीय रूप से विवेकपूर्ण निर्णय लेने का आग्रह किया ताकि वे वित्तीय रूप से मजबूत बनें। बैठक में 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने के लिए स्वास्थ्य, कौशल विकास, महिला सशक्तीकरण और बुनियादी ढांचे के विकास सहित कई मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री ने की। बैठक में केंद्रीय मंत्री अमित शाह, वित्त निर्मला सीतारमण और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के साथ ही उत्तर प्रदेश, असम, झारखंड तथा मध्य प्रदेश सहित कई राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल हुए। हालांकि, आयोग संचालन परिषद की आठवीं बैठक में कई राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल नहीं हुए।

# खूंटी में अनियंत्रित सवारी गाड़ी खाई में गिरी, चार की मौत, दस गंभीर

**खूंटी।** जिले के अड़की थाना क्षेत्र के चातम उटुब गांव के पास अनियंत्रित होकर एक सवारी गाड़ी खाई में गिर गई। खाई में सवारी गाड़ी गिरने से घटनास्थल पर ही चार लोगों की मौत हो गई है, मृतकों में दो महिला और दो पुरूष शामिल हैं। जबकि 8 से 10 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जिन्हें स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से सदर अस्पताल भिजवाया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। कुछ लोगों को मामूली चोटें आई है। बताया जा रहा है कि अड़की के ग्रामीण सायको बाजार से वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान सवारी गाड़ी अनियंत्रित हो गयी और खाई में जा गिरी। जानकारी के अनुसार, घटना उस वक्त घटी जब सायको बाजार से ग्रामीण एक ही सवारी गाड़ी पर सवार होकर अपने-अपने घर अड़की की ओर लौट रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सवारी वाहन में दो दर्जन से ज्यादा लोग सवार थे और गाड़ी की गति तेज होने के कारण अचानक तीखे मोड़ पर सवारी गाड़ी असंतुलित हो गई, जिससे ये दुर्घटना घटी। घटना के वक्त कुछ ग्रामीण पैदल ही अपने घर लौट रहे थे। उन्होंने ही कड़ी मशक्कत के बाद गाड़ी में फंसे लोगों को बाहर निकाला। कच्ची सड़क और सुनसान रास्ते में चीख पुकार की आवाज गांव तक पहुंची तो बड़ी संख्या में ग्रामीण भी घटनास्थल पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस के पहुंचने तक ग्रामीणों ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल घायलों का इलाज जारी है और मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतकों में 38 वर्षीय गिदिसोय भेंगरा, 35 वर्षीय बिरसा तोपनो, 35 वर्षीय सेतेंग भेंगरा और 18 वर्षीय मुक्ति चुटिया पूर्ति शामिल हैं। वहीं घायलों में महादेव नायक, शंकर पाहन, सिनी तोपनो, नौरी चुटिया पूर्ति, राजा नायक, बिजला मुंडा, गांगी रुंडा और अजय नायक शामिल हैं।

## पुलिस से बचने के लिए स्नैचर ने निगल ली सोने की चेन, एक्सरे में दिखी छाती में फंसी चेन

**रांची।** राजधानी में सुनसान रास्तों से गुजरने वाली महिलाओं के गले से सोने की चेन उड़ाने वाले दो स्नैचर्स को पुलिस की टीम ने एक किलोमीटर तक खदेड़ कर धर दबोचा है. दबोचे गए दो में से एक स्नैचर ने पुलिस से बचने के लिए सोने की चेन ही निगल ली ,जिसके बाद उसकी जान पर ही आफत बन आई , अब पुलिस वालों ने ही स्नैचर को अस्पताल में भर्ती करवाया है।




**क्या है पूरा मामला :** राजधानी में महिलाओं के गले से सोने की चेन झपटने वाला सलमान भारी मुसीबत में फंस गया है। शनिवार को रांची के डोरंडा थाना क्षेत्र के डिबडीह पुल के पास शातिर स्नैचर सलमान और जफर ने महिला के गले से सोने की चेन झपट लिया ,चेन झपटने के बाद दोनों बाइक से फरार होने लगे लेकिन शनिवार को दोनों की किस्मत बेहद खराब थी. वारदात वाले स्थान से कुछ ही दूर मौजूद पीसीआर पांच के जवानों ने जैसे ही महिला ने शोर सुना उन्होंने सलमान का पीछा करना शुरू कर दिया ,जवानो ने एक किलोमीटर खदेड़ कर सलमान और जफर दोनों को धर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

**उपलब्धि**

## विपक्ष के 20 दलों का कहना है राष्ट्रपति को नये संसद भवन का उद्घाटन करना चाहिए

# नये संसद भवन का उद्घाटन आज, तैयारियां

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कई विपक्षी दलों के बहिष्कार के बीच, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस नये संसद भवन का रविवार को उद्घाटन करेंगे। हालांकि, विपक्ष के 20 दलों का कहना है राष्ट्राध्यक्ष होने के नाते राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को नये संसद भवन का उद्घाटन करना चाहिए। शुक्रवार को, मोदी ने कहा था कि नया संसद भवन प्रत्येक भारतीय को गौरवान्वित करेगा। उन्होंने नये परिसर का वीडियो भी साझा किया था। नये संसद भवन में उत्तर प्रदेश के मिजार्पुर की कालीन, त्रिपुरा के बांस से बने फर्श और राजस्थान के पत्थर की नक्काशी भारत की संस्कृतिक विविधता को दशार्ती है। तमिलनाडु से संबंध रखने वाले और चांदी से निर्मित एवं सोने की परत वाले ऐतिहासिक राजदंड (सेंगोल) को लोकसभा अध्यक्ष के आसन के पास स्थापित किया जाएगा। अगस्त 1947 में सत्ता हस्तांतरण के प्रतीक के तौर पर प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को दिया गया यह रस्मी राजदंड इलाहाबाद संग्रहालय की नेहरू दीर्घा में रखा गया था। उद्घाटन समारोह का 20 विपक्षी दलों द्वारा



बहिष्कार किए जाने के बीच, राजदंड को लेकर भी राजनीतिक विवाद छिड़ गया है। नये संसद भवन के उद्घाटन के अवसर पर, सरकार 75 रुपये का स्मारक सिक्का भी जारी करेगी। वित्त मंत्रालय के तहत आने वाले आर्थिक कार्य विभाग द्वारा बृहस्पतिवार को जारी एक अधिसूचना के अनुसार, नये संसद भवन के उद्घाटन के उपलक्ष्य में 75 रुपये का स्मारक सिक्का जारी किया जाएगा। सिक्के का वजन 35 ग्राम है और यह चार धातुओं से बना हुआ है। सिक्के के एक तरफ अशोक स्तंभ का शेर अंकित है, जिसके नीचे 'सत्यमेव जयते' लिखा है। इसके बाईं ओर देवनागरी में भारत और दाईं ओर अंग्रेजी में इंडिया लिखा होने के साथ ही रुपये का प्रतीक चिन्ह भी अंकित है। वहीं, सिक्के के दूसरी तरफ नए संसद भवन की तस्वीर है। इसके ऊपर देवनागरी में संसद संकुल और नीचे अंग्रेजी में पार्लियामेंट कॉम्प्लेक्स लिखा है। नीचे 2023 भी लिखा हुआ है। टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड द्वारा निर्मित नये संसद भवन में भारत की लोकतांत्रिक विरासत को प्रदर्शित करने के लिए एक भव्य संविधान हॉल, संसद सदस्यों के लिए एक लाउंज, एक पुस्तकालय, कई समिति कक्ष, भोजन क्षेत्र और पर्याप्त पार्किंग स्थल मौजूद होगा।

**कैसा है नया संसद भवन :** त्रिभुजाकार वाले चार मंजिला संसद भवन का निर्मित क्षेत्र 64,500 वर्ग मीटर है। भवन के तीन मुख्य द्वार हैं- ज्ञान द्वार, शक्ति द्वार और कर्म द्वार। इसमें वीआईपी (अति विशिष्ट व्यक्तियों), सांसदों और आगंतुकों के लिए अलग-अलग प्रवेश द्वार हैं। नये संसद भवन के निर्माण में उपयोग की गई सामग्री देश के विभिन्न हिस्सों से लाई गई है। इसमें ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## टीडीएस व टीसीएस जोड़ने की तैयारी

# राहत मिलेगी या और बढ़ेगी परेशानी

**-ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सरकार ने टैक्सपेयर्स को राहत देने के लिए टीडीएस और टीसीएस को जोड़ने की तैयारी की है। तर्क यह है कि इससे आयकर दाताओं को राहत मिलेगी। क्योंकि इसमें किसी भी व्यक्ति की आय के स्त्रोत पर की गई कर कटौती से उसके भुगतान के लिए स्त्रोत पर कर संग्रह को आपस में जोड़ देगी। मुख्य आर्थिक सलाहकार अनंत नागेश्वरन का कहना है कि सरकार, आपके टीडीएस को टीसीएस से इस तरह से जोड़ने की कोशिश में है कि यदि आपने टीसीएस दिया है, तो वह कम टीडीएस के रूप में नजर आए। इस पूरी कवायद का मकसद यह है कि आपके नकद प्रवाह पर कोई असर न पड़े। नागेश्वरन ने सीआईआई के एक कार्यक्रम में कहा कि टीसीएस और टीडीएस के बीच कोई मेल न होने से परेशान होने वाले आयकरदाताओं को नई व्यवस्था से राहत मिलेगी।टीडीएस का मतलब होता है कि किसी व्यक्ति की आय के स्त्रोत पर की गई कर कटौती और टीसीएस का मतलब भुगतान के स्त्रोत पर टैक्स कलेक्शन है। सरकार की यह कोशिश ऐसे समय सामने आई है जब विदेशों में एक खास सीमा से अधिक खर्च पर एक जुलाई से 20 प्रतिशत टीसीएस की व्यवस्था लागू होने जा रही है।

लेकिन टीडीएस को टीसीएस से जोड़ने के बाद सरकार किस तरह की राहत आयकर दाताओं को देगी, अभी यह साफ नहीं है। कुछ सीए का कहना है कि हो सकता है कि यदि टीसीएस कट रहा है तो टीडीएस की कटौती में राहत दे ,ताकि कैश का प्रवाह ब्लॉक न हो। इस बारे में तभी कुछ कहा जा सकता है कि जब वित्त मंत्रालय इस बारे में सारी जानकारी सार्वजनिक करे।मालूम हो कि सरकार की यह कोशिश ऐसे समय सामने आई है, जब विदेश में 7 लाख रू. से अधिक खर्च पर एक जुलाई, 2023 से 20 प्रतिशत टीसीएस की व्यवस्था लागू होने जा रही है। सरकार ने 7 लाख रुपये तक के लेनदेन को टीसीएस से बाहर रखा है।

NEWS इन ब्रीफ

## मुस्लिम समाज ने की प्रखंड स्तरीय बैठक



**सतबरवा।** प्रखंड करमा गांव के मदरसा में शनिवार को मुस्लिम समाज का प्रखंड स्तरीय बैठक की गई। बैठक में तनजीमे इस्लाहुल मुस्लिमीन कमेटी गठन किया गया। जिसमें सदर मुमताज अंसारी को,सचिव अबुल हसन व जुम्मन मियां तथा शमीम सिद्दीकी समेत 11 लोगों को सदस्य बनाए गया। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि शादी - विवाह में दहेज प्रथा के साथ बम पटाखे, डीजे जैसे फिजूल खर्च नहीं करना है। वही बैठक में मौजूद कमेटी के सचिव जुम्मन मियां ने कहां की शादी विवाह में बहुत लोग दिखाने के चक्कर में फिजूल खर्च करते हैं -जैसे डीजे बजाना, बम पटाखे आदि। इसी को रोक के लिए यह कमेटी बनाई गई है। साथ ही गरीब परिवार की शादी - विवाह में समाज के लोग पूरी जिम्मेदारी के साथ मदद करेंगे। जो भी उल्लंघन करेगा उसे समाज से बर्खास्त किया जाएगा मौके पर कुतुबुद्दीन, मकसूद आलम, शौकत अली, वकील बहार अंसारी, जैनुल सिद्दीकी, मौलाना शाहिद रजा समेत कई लोग मौजूद थे।

## अवैध बालु लदा एक ट्रैक्टर जब्त

**सतबरवा।** अंचल अधिकारी प्रशांत कुमार शाह के द्वारा शुक्रवार को रांची - मेदिनीनगर मुख्य मार्ग एन एच 39 रजडेरवा गांव से अवैध बालु लदा एक ट्रैक्टर जब्त कर सतबरवा पुलिस को सौंप दिया है और आगे की कार्रवाई हेतु पलामू डीएमओ को पत्र लिखा है। इसके पूर्व 18 मई को भी सीओ ने एक बालू लदे ट्रैक्टर को जप्त कर सतबरवा थाना को सौंप कर आगे की कार्रवाई के लिए डीएमओ को पत्र लिखा गया था।इस विषय में अंचल अधिकारी प्रशांत कुमार शाह ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में हो रहे अवैध बालू को लेकर लगातार छापामारी की जा रही है। यह अभियान अभी लगातार जारी रहेगा।

# स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने राष्ट्रपति से की मुलाकात

नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** पूर्व स्वास्थ मंत्री सह विश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से रांची प्रवास के दौरान राजभवन में जाकर मुलाकात की। उन्होने महामहिम द्रोपदी मुर्मू को विश्रामपुर के रामचंद्र चंद्रवंशी विश्व विद्यालय के दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने का निमंत्रण दिया। इसके आलावा उन्होंने महामहिम से लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल का उद्घाटन करने का भी आग्रह किया। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने श्री चंद्रवंशी के आमंत्रण व आग्रह को स्वीकार किया7 उन्होंने विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी को आश्वस्त किया कि विश्रामपुर आने का हर संभव प्रयास रहेगा।श्री चंद्रवंशी ने कहा कि महामहिम का आना बिश्रामपुर के लिए गर्व की बात होगी।

# जिपीडीपी के तहत कार्यालय में दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

**मनातू।** पलामू जिले के मनातू प्रखंड कार्यालय के सभागार में शनिवार को दो दिवसीय कार्यशाला हुई। पंचायती राज के प्रखंड समन्वयक विजय सिंह ने मुखिया, पंचायत सचिव एवं सखी मंडल के सदस्य एवं विभागीय कर्मियों को जिपिडीपी के तहत पंचायत विकास कार्य के लिए वार्षिक कार्य योजना तैयार करने की जानकारी दी गई। कार्यशाला में जिपिडीपी योजना चयन के लिए थीम आधारित संकल्प के साथ बाल सभा व कार्यकारणी समिति की बैठक करने की जानकारी दी गई। उक्त योजना अंतर्गत स्कूल व




आँगनबाड़ी केंद्र में शौचालय एवं चौक चौराहो पर डस्टबिन लगाने तथा पेड़ पौधा लगावाकर गाँवो को हरा भरा बनाये जाने का संकल्प लिया गया। मौके पर मुखिया संघ के पलामू जिलाध्यक्ष मुखिया पति उदय सिंह, नौडीहा मुखिया बंधु भुइयाँ, रंगेया मुखिया कुसमी देवी, मझौली पंचायत के मुखिया पति सह विसूत्री प्रखंड अध्यक्ष उमेश प्रसाद साहू। पंकज कुमार,अंकेश कुमार, बबन मांझी, बिपिएम जेसलपीएस बीपीम नमृता कुमारी. अवधेश कुमार, इंद्रदेव यादव आदि उपस्थित थे।

# चौथी बार निकली बीडीएम के परिचालन स्थगन की अधिसूचना

### दस दिनों के अंदर कोई विकल्प नहीं निकाला तो क्षेत्र के रेल उपभोक्ता उग्र आंदोलन शुरू करने को बाध्य होंगे : सचिव

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** बीते पांच माह से विभिन्न कारणों से बरकाकाना से वाराणासी तक परिचालित बीडीएम पैसेंजर स्पेशल ट्रेन नंबर 03359/ 03360 बंद पड़ी है। जबकि रेल उपभोक्ता समिति पलामू के 18 मई को घोषित रेल चक्का जाम पर रेल प्रशासन ने डीआरएम मुगलसराय से समिति के शिष्टमंडल को वार्ता में बताया गया था कि 29 मई से इस ट्रेन को चालू किया जायेगा। अचानक 26 मई को पूर्व मध्य रेलवे के सीपीटीएम की जारी अधिसूचना में इस ट्रेन का परिचालन स्थगन आदेश बढ़ाकर 28 जून कर दिया गया है। इसका मुख्य कारण वाराणासी व गूलर में यार्ड रिमॉडलिंग कार्य अधूरा रहने व लोको यार्ड 1 से 3 में कोचों की वाशिंग क्षमता नहीं रहना बताया गया है। इस अधिसूचना के क्षेत्र में वायरल होते ही एक बार भी फिर कई संगठनों में रेल प्रशासन की गलत नीतियों के प्रति उबाल आया है। शिक्षाविद व समाजसेवी अरविन्द कुमार सिंह, झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह व सचिव पवन कुमार ने कहा कि माननीय पलामू के सांसद को इस गंभीर समस्या पर त्वरित पहल की जानी चाहिये। रेलवे कार्य को लेकर परिचालन में परेशानी है तो अन्य ट्रेनों के समान इस ट्रेन को शॉर्ट टर्मिनेशन के तहत मुगलसराय या काशी स्टेशन से बरकाकाना तक अविलंब परिचालन कराया जाये। उन्होंने कहा कि रेल प्रशासन ने दस दिनों के अंदर कोई विकल्प नहीं निकाला तो क्षेत्र के रेल उपभोक्ता उग्र आंदोलन शुरू करने को बाध्य होंगे। जिसकी जवाबदेही रेल प्रशासन की होगी।




उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में वैसे भी लगन व शादी विवाह के मौके पर रेलयात्रियों की संख्या में काफी बढ़ोत्तरी हुई है। जिससे खासकर गरीब रेलयात्रियों को सुखद व सुरक्षित यात्रा करना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि इस ट्रेन के परिचालन स्थगन आदेश दिसंबर से अब तक चौथी बार रेलवे ने निकाली है, जो रेलयात्रियों के लिये असहनीय हो गया है। इस रेलखंड के कई स्टेशनों से कोयल - सोन नदी के सीमावर्ती दर्जनों स्थानों के रेलयात्रियों का आवागमन बड़ी संख्या में होता आया है। इसके साथ ही उक्त स्टेशन से जुड़े कई पर्यटक व धर्मिक स्थालों में भीम चूल्हा, कोयल बराज, प्रसिद्ध देवीधाम, कबरा कला पुरातत्व स्थली हैं। जहां दर्शन व भ्रमण के लिये अंतरराज्यीय पर्यटकों व श्रद्धालुओं का आवागमन होता है।

## बालू की वैकल्पिक व्यवस्था को लेकर कांग्रेस ने मुख्यमंत्री से की मांग

**विश्रामपुर।** कांग्रेस के विश्रामपुर नगर अध्यक्ष ऋषि पांडेय ने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र में बालू की किल्लत से प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना का निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है।आवास निर्माण सहित किसी भी सरकारी योजना हेतु बालू नहीं मिल रही है।जिसके कारण आम आवाम भी काफी परेशान हैं। पांडेय आज विश्रामपुर में कांग्रेस द्वारा आयोजित प्रेसवार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस संबंध मे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व कांग्रेस के सभी राज्य मंत्रियों सहित प्रदेश प्रभारी व प्रदेश अध्यक्ष को पत्र भी लिखा है। पत्र के माध्यम से आवास सहित सभी सरकारी योजनाओं में तत्काल बालू के वैकल्पिक व्यवस्था कराने की मांग की है। उन्होने कहा कि बालू की कमी के कारण लाभुक आवास निर्माण कार्य शुरू नहीं करा पा रहे हैं। वहीं नगर परिषद कार्यालय द्वारा लाभुकों पर तय समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करने हेतु दबाव डाला जा रहा है।उन्होंने कहा कि इसी मामले को लेकर चार जून को मुख्यमंत्री से रांची जाकर मुलाकात करूंगा। उन्हे बालू की कमी से लोगों को हो रही परेशानी से अवगत कराऊंगा।

# रेड रोज पब्लिक स्कूल में समर कैंप का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** विश्रामपुर नप मुख्यालय स्थित रेड रोज पब्लिक स्कूल में समर कैंप का आयोजन किया गया। बच्चों ने समर कैंप में जमकर लुफ्त उठाया। इस दौरान कई प्रतियोगिता भी हुई,जिसमे छात्र छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। मेहंदी, ड्राइंग,फैशन शो सिंगिंग,डांसिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने काफी रुचि ली। कैंप समापन से पहले प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियो के बीच पुरस्कारों का वितरण किया गया जिसे विजेता बच्चों को विश्रामपुर थाना प्रभारी शशि रंजन,नप के प्रथम उपाध्यक्ष अजय बक्स राय व स्कूल के निदेशक राजन पांडेय ने संयुक्त रूप से दिया। थाना प्रभारी शशि रंजन ने बच्चों को शिक्षा का महत्व बताया और जीवन में हमेशा आगे बढ़ते रहने को कहा। उन्होंने रेड रोज के सकारात्मक पहल की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों में भौतिक विकास के लिए इस तरह का आयोजन होते रहना चाहिए। मौके पर अजहर अहमद, सोनी कुमारी, सुशांत कुमार, मोनू कुमार, सरिता कुमारी,संध्या कुमारी, सब्बू बानो,मेघा कुमारी सहित कई शिक्षक शिक्षिका और छात्र छात्रा मौजूद थे।

## मैट्रिक व इंटर की परीक्षा में सफल छात्रों को किया सम्मानित

**हरिहरगंज।** झारखंड बोर्ड की दशवीं तथा इंटर साइंस की परीक्षा में महाराजगंज के ब्राइट वे कोचिंग सेंटर के विद्यार्थियों को मिली शत-प्रतिशत सफलता। इनमें सभी परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इनमे छात्रा अनुष्का कुमारी ने मैट्रिक परीक्षा में सबसे अधिक 94.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कोचिंग के टॉपर बनी है। जबकि भारती कुमारी 93.60, इशिका बहुर 92.4, सुप्रिया 91.8, सपना 91, पुष्पा 89, नंदिनी 87.8, आशीष 86.6, गुलाब सा 86.2, प्रियंका 84, रौशनी 50.4 के अलावे रंजीत, अनुराग, तथा सूरज आदि ने बेहतर अंक लाकर संस्थान व क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

### आपदा प्रबंधन विभाग से मुआवजे की मांग

# आंधी-तूफान से दिव्यांग परिवार का मकान क्षतिग्रस्त

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** शुक्रवार को देर शाम अचानक आई तेज आंधी ने प्रखंड स्थित कोशी पंचायत क्षेत्र के रूपनारायणपुर गांव निवासी दिव्यांग संतोष कुमार सिंह उर्फ भूषण सिंह के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया। तेज आंधी की चपेट में आकर मकान के छत में लगे अल्बेस्टर पूरी तरह बर्बाद हो गए। वहीं मकान का दीवार तेज हवा के दबाव के कारण पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जिसके कारण उनके घर के सामानों को काफी नुकसान हुआ है और इस आफत की



आंधी में दिव्यांग परिवार की आशियाना पूरी तरह बिखर गया है। संतोष और उनकी पत्नी दोनों दिव्यांग होने के कारण आर्थिक रूप से काफी कमजोर है। ऊपर से इस बे-मौसम आंधी -तूफान की चपेट ने बेघर और बेसहारा कर दिया है। उक्त घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुचे ग्रामीणों ने उनकों ढांढस बंधाते हुए हर समय मदद करने का आश्वासन दिया है। साथ ही पीड़ित परिवार ने आपदा प्रबंधन विभाग से मुआवजे की मांग की है,ताकि फिर से अपना आशियाना बना सकें।

# पलामू में 883 आंगनबाड़ी केंद्र भवनों का होगा सुदृढ़ीकरण

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर९।** पलामू जिले के 14 बाल विकास परियोजना अंतर्गत 883 आंगनबाड़ी केंद्र भवनों का रंग रोगन और दीवार लेखन का कार्य किया जाना है। इसके लिए राज्य सरकार ने पलामू जिले के 52 लाख 92 हजार राशि आवंटित की है । आंगनबाड़ी केंद्र भवनों के रंग रोगन एवं दीवार लेखन का दायित्व आंगनबाड़ी सेविकाओं को सौंपा गया है इसके लिए उनके खाते में राशि आवंटित की जा रही है विश्रामपुर में 95 चैनपुर में 73 छतरपुर में 79 मेदनीनगर ग्रामीणमे 60 हैदर नगर में 26 हरिहरगंज मैं 65




हुसैनाबाद में 60 लेस्लीगंज में 65 मनातू में 84 नौडीहा बाजार में 40 पाकी मे103 पाटन में 133 और तरहसी में 18 आंगनबाड़ी केंद्र भवनों का सुदृढ़ीकरण योजना के तहत रंग रोगन एवं दीवार लेखन का कार्य किया जाना है ।

# घर में घुसकर महिला के साथ छेड़छाड़, मामला दर्ज

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद सिटी के एक मुहाल्हे के एक घर में घुसकर महिला के साथ छेड़छाड़ व मारपीट करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़िता ने हुसैनाबाद थाना में मुहल्ला के ही दो सगे भाई छोटू, हनी समेत तीन अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि बीते शुक्रवार की शाम सात बजे मैं और मेरी भाभी घर पर अकेली थी। इसी बीच हमारे घर के पास उक्त सभी लोग चारपहिया वाहन खड़ाकर अश्लील भोजपुरी गाना बजाने लगे, जब हम बाहर निकलकर उनलोगों से वाहन हटाने की बात कहीं, तो सभी लोग वाहन से उतरकर मेरे साथ अभद्र व्यवहार करने लगे। जब मै इसका विरोध किया तो उनलोगों ने धक्का देकर मुझे मेरे ही घर में घुसकर मेरे साथ गलत हरकत करने लगे, तभी मेरी भाभी और जोर जोर से चिलाकर बगल के लोगों को आवाज देने लगी मेरी आवाज सुनकर बगल के घर से मेरे भईया आकर उनलोगों को घर से बाहर निकालने लगे, तो उनके साथ भी मारपीट किया गया। अगल बगल की भीड़ देखकर सभी लोग भाग निकले। कुछ देरी के बाद फिर बोलेरो से अपने मां बाप को लेकर दुबारा मेरे घर पर पहुंचकर झगड़ा करने लगे। हमलोगों ने अकेला समझकर अपने घर का दरवाजा बंद कर दिया। इस संबंध मे हुसैनाबाद थाना प्रभारी जगन्नाथ धान ने बताया कि महिला की लिखित शिकायत पर केस पंजीकृत कर मामले की अनुसंधान शुरू कर दी गई है।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय यॉंत्रिक प्रमंडल मंडल, लातेहार शिविर–मेदिनीनगर

पत्रांक....................../ मंडल, लातेहार शिविर – मेदिनीनगर दिनांक.........../2023

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 01/2023–24 दिनांक 27.05.2023

1. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, यॉंत्रिक प्रमंडल मंडल, लातेहार शिविर – मेदिनीनगर।
2. विभाग का नाम :– जल संसाधन विभाग, झारखण्ड रॉंची।
3. परिमाण विपत्र बिक्र की का स्थान :– मुख्य अभियंता(यॉंत्रिक), जल संसाधन विभाग, रॉंची/अधीक्षण अभियंता, सिंचाई यॉंत्रिक अंचल, रॉंची एवं कार्यपालक अभियंता, यॉंत्रिक प्रमंडल मंडल, लातेहार, शिविर – मेदिनीनगर का कार्यालय।
4. अग्रधन की राशि :– रू0. 6600.00( रूपेय छः हजार छः सौ)
4. निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान :– कार्यालय यॉंत्रिक प्रमंडल मंडल, लातेहार, शिविर – मेदिनीनगर।
5. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक 06.06.2023 से 13.06.2023 तक (कार्यालय अवधि में)
6. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– 14.06.2023 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
7. निविदा खुलने की तिथि एवं समय :– 14.06.2023 को 3:30 बजे अपराह्न ।

| क्रमांक | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | नकटीनाला वीयर योजना के यॉंत्रिक कार्य। | 3,29,480.00 | 750.00 | 04(चार) माह। |

नोट : 1. निविदा की शर्त्तें प्रमंडलीय कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता हैं।
2. निविदा बिना कारण बताऐं कभी भी संशोधित या रद्द की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
यॉंत्रिक प्रमंडल मंडल, लातेहार, शिविर–मेदिनीनगर।

PR 298510 District(23-24)D



झारखण्ड सरकार

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग

जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, पलामू

भर्ती कैम्प सूचना

जिला नियोजन (रोजगार) कार्यालय, पलामू के द्वारा बेरोजगार अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर सुगमता से प्रदान करने हेतु दिनांक 31/05/2023 दिन बुधवार को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (Govt. ITI) परिसर, रेड़मा, डालटनगंज में 11:00 बजे (पूर्वा0) से 3:00 बजे (अप0) तक एकदिवसीय भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्न नियोजक के द्वारा उपस्थित रहने की सहमति जताई है :–

| S. No | Company Name | Name of the Post | Category | No. of Vacancy | Qualification | Age | Salary | Place of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | Metacentric Infotech Pvt. Ltd. | Machine Operator | Male | 200 | 10th/ 12th/ ITI/ Diploma | 18-45 | 18,800 | Pune |
| | | Sales Executive | Female | 100 | Graduation | | 20,000 | Jharkhand |
| | | NMT Engineer | Male | 100 | ITI | | 22,000 | |
| | | Helper | Male | 50 | Graduation | | 22,000 | |

भर्ती कैम्प में भाग लेने हेतु इच्छुक आवेदक का झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना आवश्यक है। आवेदक अपने सभी शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, आधारकार्ड, 2 पासपोर्ट साईज का फोटो, नियोजनालय का निबंधन कार्ड एवं अपना बायोडाटा एवं स्थानीय निवासी प्रमाण–पत्र (न्यूनतम अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत) के साथ भर्ती कैम्प में भाग लें। इस रिक्तियों के विरूद्ध भर्ती कैम्प के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। नियोजनालय एवं विभाग मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य करती है। भर्ती–कैम्प में भाग लेने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं है। कैम्प में Covid SOP का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

नोट :– रिक्ति संबंधित विशेष जानकारी हेतु जिला नियोजन कार्यालय, पलामू से सम्पर्क कर सकते हैं।

जिला नियोजन पदाधिकारी
पलामू

PR 298486 District (23-24)_D



जिला मत्स्य कार्यालय, पलामू

आवेदन आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा पलामू जिला के जलाशय स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समिति/सदस्यों को सूचित किया जाता है कि विभागीय आदेश सं0 04/दिनांक 08/05/2023 के द्वारा समेकित मत्स्य पालन योजनान्तर्गत निजी क्षेत्र में बत्तख–सह–मछली पालन का लाभ लेने हेतु विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

**निजी क्षेत्र में बत्तख–सह–मछली पालन –**

निजी क्षेत्र में बत्तख–सह–मछली पालन प्रति इकाई लागत दर मो0–153350/–रू0 प्रति 0.4 हेक्टेयर का दर प्रस्तावित है।

अनु0ज0जा0/अनु0जाति/महिला कोटि के लाभुक को 80प्रतिशत अधिकत्तम 122680/–रू0 अनुदान एवं सामान्य कोटि के लाभुक को 70प्रतिशत अधिकत्तम 107345/– रू0 अनुदान की सहायता की जाएगी।

प्रति लाभुक – 160 पीस बत्तख

**लाभुकों का चयन निम्न बिन्दुओं/अहर्त्ताओं पर किया जाएगा –**

1. योजना कार्यान्वयन का प्रस्तावित स्थल आबादी/घर के नजदीक हो।
2. लाभुक का तालाब कम से कम 1.00 एकड़ अथवा अधिक को प्राथमिकता दी जायेगी।
3. जिला मुख्यालय के नजदीक के लाभुकों के प्राथमिकता दी जाएगी।
4. आर0एफ0एफ0 के लिए प्रति स्थल अधिकत्तम 02इकाई की परियोजना होगी इस हेतु आर0एफ0एफ0 के लाभुकों के समूह सक्रिय हो तथा बैंक खाता संचालित हो।
5. लाभुकों का कलस्टर बनाकर योजना का क्रियान्वयन किया जाना श्रेयस्कर होगा।
6. लाभुक को तालाब का भूमि–स्वामित्व प्रमाण पत्र अथवा 03 वर्षो का लीज एकरारनामा की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. बत्तख शेड लाभुक द्वारा स्थानीय स्तर पर बनाया जायेगा।

आवेदन का प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, पलामू में निःशुल्क उपलब्ध है। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 10/06/2023 है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, पलामू

PR 298474 Fish (23-24)_D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
यॉंत्रिक प्रमण्डल मण्डल(लातेहार) शिविर मेदिनीनगर।

अल्पकालीन ई0–प्रोक्योरमेंट सूचना

अल्पकालीन ई–निविदा प्रसंग सं0–डब्लू0 आर0 डी0/एम0 डी0 मण्डल/02/2023–24
दिनांक–27/05/23

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Renovation work of Right H/R gate, Left H/R gate, Canal gate and Escape gate With Embedded parts, Hoisting arrangement and Platform of **BATANE BARRAGE SCHEME.** |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | 28,06,342.00 (अठाईस लाख छः हजार तीन सौ बेयालीस) मात्र। |
| 3 | कार्य समाप्ति की अवधि | 08(आठ) माह। |
| 4 | अग्रधन की राशि (रुपये में) | रू0 56,200.00 (छप्पन हजार दो सौ) मात्र। |
| 5 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथी एवं समय | 06.06.2023 (05:00 बजे अपराहन् )। |
| 6 | आनलाईन बिड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 12.06.2023 (5:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 7 | परिमाण विपत्र की राशि एवं अग्रधन की राशि को प्रमण्डलीय कार्यालय में जमा करने की तिथि एवं समय | 13.06.2023 तक (05:00 बजे अपराहन् तक)। |
| 8 | ई–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | दिनांक 14.06.2023 (03:00 बजे अपराह्न)। |
| 9 | निविदा आमंत्रित करने वाले का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, यॉंत्रिक प्रमण्डल मण्डल(लातेहार) शिविर मेदिनीनगर। |
| 10 | प्रोक्योरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | 8986668073 |
| 11 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651–249232 |

नोट :– 1. केवल ई– निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
2. विशेष जानकरी के लिए http://jharkhandtenders.gov.inमें देखा जा सकता है।
3. निविदा बिना कारण बताऐं कभी भी संशोधित या रद्द की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
यॉंत्रिक प्रमण्डल, मण्डल(लातेहार)
शिविर मेदिनीनगर।

PR.NO.298519 District(23-24):D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
यॉंत्रिक प्रमण्डल मण्डल(लातेहार) शिविर मेदिनीनगर।

अल्पकालीन ई0–प्रोक्योरमेंट सूचना
द्वि–लिफाफा पद्धति

अल्पकालीन ई–निविदा प्रसंग सं0–डब्लू0 आर0 डी0/एम0 डी0 मण्डल/05/2023–24
दिनांक–27/05/23

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Renovation Work Of C/R And H/R Gate With Embedded Parts, Hoisting Arrangement, Shade And Plateform And Right Canal Chain No. 142 of C/R And H/R Gate With Embedded Parts, Hoisting Arrangement of **Ramghat Weir Scheme.** |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | 55,59,887.00 (पच्चपन लाख उनसठ हजार आठ सौ सत्तासी) मात्र। |
| 3 | कार्य समाप्ति की अवधि | 10(दस) माह। |
| 4 | अग्रधन की राशि (रुपये में) | रू0 1,11,200.00 (एक लाख ग्यारह हजार दो सौ) मात्र। |
| 5 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथी एवं समय | 06.06.2023 (05:00 बजे अपराहन् )। |
| 6 | आनलाईन बिड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 12.06.2023 (5:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 7 | परिमाण विपत्र की राशि एवं अग्रधन की राशि को प्रमण्डलीय कार्यालय में जमा करने की तिथि एवं समय | 13.06.2023 तक (05:00 बजे अपराहन् तक)। |
| 8 | ई–निविदा (Technical Bid) खुलने की तिथि एवं समय | दिनांक 14.06.2023 (03:00 बजे अपराह्न)। |
| 9 | निविदा आमंत्रित करने वाले का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, यॉंत्रिक प्रमण्डल मण्डल(लातेहार) शिविर मेदिनीनगर। |
| 10 | प्रोक्योरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | 8986668073 |
| 11 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651–249232 |

नोट :– 1. केवल ई– निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
2. विशेष जानकरी के लिए http://jharkhandtenders.gov.inमें देखा जा सकता है।
3. निविदा बिना कारण बताऐं कभी भी संशोधित या रद्द की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
यॉंत्रिक प्रमण्डल, मण्डल(लातेहार)
शिविर मेदिनीनगर।

PR.NO.298514 District(23-24):D

## NEWS इन ब्रीफ

### झामुमो हर घर तक तेजी से पहुंच रहा है: राजेंद्र

**मेदिनीनगर।** झामुमो पलामू के जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि झामुमो पलामू की पिछले एकदिवसीय बैठक में हुसैनाबाद, हरिहरगंज, छतरपुर और मोहम्मदगंज प्रखंड कमिटी को भंग किया गया था। वहां झामुमो की मजबूती के लिए नई प्रखंड और पंचायत कमिटी बनाई जाएगी। झामुमो का सदस्यता अभियान भी चल रहा है। झामुमो हर घर तक पहुंच कर लगातार अपनी मजबूती पलामू में बढ़ा रही है। सभी भंग किए गए प्रखंड कमिटी के प्रभारियों की सूची इस प्रकार है। हुसैनाबाद में केंद्रीय समिति सदस्य गोपाल सिन्हा, वशिष्ठ सिंह, प्रदीप सिंह, उपाध्यक्ष रंजन चंद्रवंशी, डॉ. एजाज अहमद और नेहाल असगर शामिल है। हरिहरगंज में केंद्रीय समिति सदस्य सुनील तिवारी, केन्द्रीय समिति सदस्य चंदन सिन्हा, उपाध्यक्ष असफर रब्बानी और सुशील सिंह है। छत्तरपुर में केंद्रीय समिति सदस्य चंदन सिन्हा, उपाध्यक्ष राकेश सिन्हा, अविनाश देव और ललन चौधरी है। मोहमदगंज में सचिव सन्नू सिद्धिकी, उपाध्यक्ष कमाल खान, विवाकानंद सिंह, रानी देवी और छोटू त्रिपाठी है। प्रखंड अध्यक्ष चुनने की प्रक्रिया केंद्रीय समिति सदस्य और जिलाध्यक्ष की निगरानी में होंगे। सभी प्रभारी उपरोक्त प्रखंड के नेतागण से संपर्क स्थापित कर शनिवार से एक महीना के अंदर भंग कमिटी की प्रखंड कमिटी एवं पंचायत कमिटी बना कर जिलाध्यक्ष के पास सौंपेंगे।

### पलामू कांग्रेस ने पंडित नेहरू की पुण्यतिथि मनाई

आज दिनांक 27 मई 2023 को पलामू जिला कांग्रेस कमेटी ने शनिवार को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु जी की 59 मी पुण्यतिथि मनाई । इसे लेकर जिला कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा की गई। इसमें वक्ताओं ने पंडित नेहरू की जीवनी पर प्रकाश डाला। श्रद्धांजलि सभा में 20 सूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी, प्रदेश प्रतिनिधि लक्ष्मी नारायण तिवारी, मिथिलेश कुमार सिंह, जितेंद्र कमलापुरी, रिजवान खान, सत्येंद्र सिंह, हर्ष साहनी, साकेत सिंह ,जाहिद खान, रविंद्र कुमार, कौशल पासवान, विकास पासवान आदि लोग उपस्थित थे।

### दो टेंपो की टक्कर में 5 व्यक्ति घायल

**मेदिनीनगर।** दो टेंपो के टक्कर में 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार नावा बाजार थाना क्षेत्र के कंडा गांव निवासी राजेश कुमार मेहता और गणेश मेहता शुक्रवार की शाम 7:00 बजे अपने घर से टेंपो पर सवार होकर तिलक चढ़ाने के लिए पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम हिसरा बरवाडी जा रहे थे। तभी रास्ते में हिसरा बरवाडी हाई स्कूल के पास उनकी टेंपो की टक्कर दूसरे टेंपो से हो गई जिसमें टेंपो पर सवार गणेश मेहता,राजेश मेहता सहित अन्य तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

# नारायण तिवारी ने हिंदी माध्यम से सिविल सर्विसेज परीक्षा में पाई सफलता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के चैनपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम ओडनार निवासी नारायण तिवारी ने चंडीगढ़ प्रशासन में अपने मजबूत इरादों से सिविल सर्विसेज परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। उनकी इस सफलता में परिवार का काफी सहयोग रहा। तिवारी ने सिविल सर्विसेज में 926 वीं रैंक हासिल की । तिवारी ने बताया कि वह यूटी प्रशासन में सेक्टर-9 स्थित डीलेक्स बिल्डिंग में इंजीनियरिंग विभाग में डिविजनल एकाउंट्स आफिसर हैं। उन्होंने यह सफलता पांचवें प्रयास में हासिल की है।



इंटरव्यू में चंडीगढ़ में बिजली विभाग के निजीकरण पर पूछे गए थे। तिवारी बताते हैं कि सिविल सर्विसेज के इंटरव्यू में उनसे छत्तीसगढ़ के अलावा चंडीगढ़ में बिजली विभाग के निजीकरण पर कई सवाल पूछे गए। सिविल सर्विसेज में हिंदी माध्यम से चयन होना एक बड़ा चैलेंज माना जाता है, लेकिन तिवारी ने परीक्षा में हिंदी विषय और माध्यम से इस परीक्षा को पास किया है। इससे पूर्व उन्होंने हिमाचल में यूको बैंक में नौकरी भी की है। 2015 में चंडीगढ़ प्रशासन में एकाउंटस आफिसर पद पर नियुक्ति हुई। तिवारी छुट्टी के दिनों में सेक्टर-42 बेअंत सिंह मेमोरियल लाइब्रेरी में घंटों तक तैयारी करते रहे। उन्होंने सेल्फ स्टडी की। देश भर से इस बार सिर्फ करीब 54 कैंडिडेट्स हिंदी माध्यम से सिविल सेवा में चुने गए हैं।

### भगवान परशुराम मंदिर निर्माण में सहयोग की घोषणा



**मेदिनीनगर।** रांची रोड रेड़मा में राष्ट्रीय परशुराम भार्गव सेना द्वारा कराये जा रहे भगवान परशुराम के मंदिर निर्माण में पांकी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रूद्र शुक्ला द्वारा मंदिर परिसर को सुसज्जित करने हेतु संपूर्ण लाइट लगाने की घोषणा की गई । वहीं डाल्टनगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी राकेश तिवारी द्वारा तीन हजार स्क्वायर फीट में टाइल्स देने की घोषणा की गई। इसके साथ ही पलामू प्रमंडल के सामाजिक कार्यकर्ता सह सहायक अध्यापक धीरज मिश्रा द्वारा मंदिर परिसर में 21 सीलिंग फैन लगाने का घोषणा की गयी । परशुराम सेना भार्गव के झारखंड प्रदेश पर्यवेक्षक अभिषेक तिवारी ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि परशुराम भक्तों द्वारा प्रतिदिन स्वेच्छा से बढ़ चढ़कर मंदिर निर्माण में सहयोग करने की घोषणा करने के साथ ही मंदिर निर्माण में लगने वाले सामग्री का दान किया जा रहा है । इनके द्वारा किए गए सराहनीय सहयोग के लिए राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव बहुत-बहुत धन्यवाद एवं आभार प्रकट करती है एवं इनके उज्वल भविष्य की कामना करती है।

## 25 लाख की लागत से बनेगा पीसीसी पथ : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला योजना अनाबद्ध निधी से पंचायत - तारिडीह के ग्रम- रसीदा मे अजय राम के घर से बजरंगबली मंदिर तक लगभग पंद्रह सौ पछतर फिट की सड़क पच्चीस लाख की लागत से बनेगी। जिसकी आधारशीला छतरपुर की विधायक पुष्पा देवी और भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद मनोज कुमार के द्वारा रखी गई। ग्रामीणों ने जोर शोर से नारा लगाकर विधायक का स्वागत किया।विधायक ने कहा की सब की सेवा के लिए हमेशा तैयार हुँ।वही पूर्व सांसद मनोज कुमार ने कहा की हमारे लिए असली पूंजी जनता ही है। इसलिए जनता के परेशानियों के निदान हेतु मै लगातार अग्रसर हुँ। मौके पर छतरपुर विधायक प्रतिनिधी संतोष कुमार गुप्ता,नौडीहा प्रतिनिधी मनोज कुमार, शिव भुइयाँ, सुधीर राय, मनोज राय, विवेक राय, लखन राय,अकास राय सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

# लोक अदालत में 106 मामले का निस्तारण

**19 लाख 59 हजार 800 रुपये का मामला सेटल**

**कोर्ट में लंबित 89 मामले का निस्तारण किया गया**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में मासिक लोक अदालत का आयोजन पलामू के प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे के अध्यक्षता में किया गया। लोक अदालत में मामले निस्तारण को लेकर 10 पीठो का गठन किया गया था। लोक अदालत में सुलह समझौता के आधार पर 106 मामले का निस्तारण किया गया। वहीं 19 लाख 59 हजार 800 रुपये का मामला सेटल हुआ। उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बताया



कि प्री लिटिगेशन के 17 मामले का निस्तारण किया गया। जिसमे पांच लाख 52 हजार 60 रुपये का मामला सेटल हुआ। वही कोर्ट में लंबित 89 मामले का निस्तारण किया गया। जबकि 14 लाख 77 हजार 40 रुपए का मामला सेटल हुआ । एमएसीटी के एक केस में पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे ने पीड़ित परिवार को सात लाख50 हजार रुपए का चेक प्रदान किया। इस मौके पर कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मार्तण्ड प्रताप मिश्रा, डीजे प्रथम संतोष कुमार, डीजे द्वितीय विनोद कुमार सिंह, सी जे एम निरूपम कुमार, सिविल जज सीनियर डिविजन संदीप निशित बारा, प्रतीक राज न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, श्रीमती रितु कुजुर न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, मनोज कुमार रेलवे मजिस्ट्रेट ,कमल नयन पांडेय स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष, विक्रम आनंद कार्यपालक दंडाधिकारी, लोक अदालत में मामले निस्तारण के लिए लगाए गए थे । वहीं उनके सहयोग में अधिवक्ता के रूप में अमिताभ चन्द्र सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, वीना मिश्रा ,शशि भूषण, संतोष कुमार पांडेय, अजय कुमार पांडेय, पुष्कर राज, संजय कुमार सिन्हा , वीर विक्रम बक्सर राय, उत्तम कुमार शामिल किए गए थे। वहीं एक हेल्प डेस्क का गठन किया गया था। जिसमें एल ए डी सी के असिस्टेंट उत्तम कुमार व पीएलभी मुनेश्वर राम लोगों को जानकारी देने के लिये लगाए गए थे।

# भाजपा का महा जनसंपर्क अभियान, 40 लाख परिवारों से संपर्क साधने का लक्ष्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल के 9 वर्ष पूर्ण होने और कर्नाटक विधानसभा चुनाव की हार से हतोत्साहित होते हुए भारतीय जनता पार्टी पूरे भारत में जोर शोर से महासंपर्क अभियान शुरू करने जा रही है। यह अभियान 30 मई से 30 जून तक पूरे एक महीने चलेगा। इसके तहत भाजपा ने झारखंड में 40 लाख परिवारों से सीधा संपर्क साधने का लक्ष्य रखा है।पलामू प्रमंडल में महासपर्क अभियान को सफल बनाने के लिए भाजपा के झारखंड प्रदेश महामंत्री राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू को प्रभारी बनाया गया है। पलामू की तरह झारखंड के सभी प्रमंडलों के लिए भाजपा ने अलग-अलग नेताओं को जिम्मेवारी सौंपी है।आम लोकसभा चुनाव-2024 में अब 11 महीने से भी कम समय रह गए हैं। अप्रैल-मई 2024 में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होंगे। ऐसे में यह चुनावी साल चल रहा है। चुनाव जीतकर केंद्र में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने के लिए भाजपा ने तैयारी तेज कर दी है।इस बीच 30 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के केंद्र की सत्ता पर काबिज हुए 9 साल पूरे हो रहे हैं। इस उपलक्ष्य पर भारतीय जनता पार्टी ने देशभर में एक महीने तक महासंपर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इस दौरान झारखंड में 40 लाख परिवारों से संपर्क करने का लक्ष्य है।इसके लिए भाजपा ने अन्य कार्यक्रमों को रद कर दिया है। 15 मई से 10 जून तक आजीवन सहयोग निधि अभियान चलाने की घोषणा की गई थी। इसे भी रद कर दिया गया है। अब सारा फोकस महासंपर्क अभियान पर है। महासंपर्क अभियान के तहत भाजपा के प्रदेश से लेकर जिला और बूथ कमेटी के पदाधिकारी और तमाम जनप्रतिनिधि अपने-अपने इलाके में एक-एक परिवार से संपर्क साधेंगे। इस दौरान सरकार के कार्यों का रिपोर्ट कार्ड भी दिया जाएगा।केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। मोदी सरकारी की लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए देश को आगे ले जाने के लिए भाजपा को समर्थन करने का अनुरोध किया जाएगा।लोकसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर इस समय भाजपा का पूरा जोर बूथ कमेटी (शक्ति केंद्र) को मजबूत करने पर है। झारखंड प्रदेश भाजपा के प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह कहते हैं कि महासपर्क अभियान के तहत हमारा लक्ष्य प्रत्येक बूथ के तहत आने वाले सभी परिवार तक पहुंच मोदी सरकार की उपलब्धियों को बताने का है। 2024 में फिर से केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनेगी।

### घर में आग लगने से लाखों का नुकसान



**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के कंकारी पंचायत अंतर्गत बैजू टोला में सुरेश चौधरी के घर शुक्रवार की रात लगभग 11:00 बजे अचानक आग लगने से घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। इस संबंध में भुक्तभोगी सुरेश चौधरी ने बताया कि शुक्रवार की रात करीब 11:00 बजे घर के सभी सदस्य गहरी नींद में सोए हुए थे। तभी घर में अचानक आग लग गई। घर में सोए हुए लोगों को जैसे ही आग की धधक महसूस हुई तो सभी लोग उठ गए और आसपास के ग्रामीणों को आग बुझाने के लिए इकट्ठा किये। देखते ही देखते आग कीलपटें इतनी तेज हो गई कि ग्रामीण आग बुझाने में असफल रहे। इसके बाद इस घटना की जानकारी चैनपुर थाना को दी गई।घटना की जानकारी मिलते ही चैनपुर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलते ही आधे घंटे के अंदर फायर ब्रिगेड घटनास्थल पर पहुंचकर आग को बुझाने में सफल रही। भुक्तभोगी सुरेश चौधरी ने बताया कि आग लगने की वजह से उसके घर में रखें गहने,राशन ,कपड़ा,जमीन का कागज सहित अन्य सामान जलकर राख हो गए हैं। वहीं शनिवार की सुबह जानकारी मिलने पर कंकारी पंचायत के मुखिया पति शिव कुमार चौधरी घटनास्थल पर पहुंचकर घटना से संबंधित मामले की जानकारी ली। उन्होंने भुक्तभोगी को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया है।

### लड़की को फ्लाईओवर से नीचे फेंका, दुष्कर्म की आशंका

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला में एक लड़की को फ्लाईओवर से नीचे फेंका गया है। आशंका जताई जा रही है कि लड़की के साथ दुष्कर्म किया गया है। लड़की को गंभीर हालत में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां डॉक्टरों की टीम इलाज कर रही है। पूरी घटना पलामू के छतरपुर थाना क्षेत्र की है।इस घटना को लेकर बताया जा रहा है कि छतरपुर थाना इलाके में शुक्रवार दोपहर बाद एक ऑटो से कुछ लोग पहुंचे और एक लड़की को फ्लाईओवर से नीचे फेंक दिया। हालांकि इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने देख लिया और शोर मचाया। ग्रामीणों का आता देख ऑटो पर सवार लोग लड़की को हड़बड़ी में फ्लाईओवर से नीचे गिरा दिया था। ग्रामीणों ने मामले की जानकारी छतरपुर थाना को दी।घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और लड़की को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती करवाया। यहां से लड़की को बेहतर इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है। छतरपुर महिला थाना प्रभारी सोनी कुमारी की निगरानी में अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। मेडिकल और एफएसएल जांच के बाद ही पता चल पाएगा कि लड़की के साथ दुष्कर्म हुआ है या नहीं। लड़की छतरपुर थाना इलाके की रहने वाली है, होश में आने के बाद दुष्कर्म के सवाल पर लड़की कभी हां में जवाब दे रही कभी ना में जवाब दे रही है। लड़की की उम्र 18 वर्ष बताई जा रही है। इस मामले को लेकर छतरपुर थाना प्रभारी शेखर कुमार ने बताया कि पुलिस मामले में अनुसंधान कर रही है, लड़की को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस मामले में सीसीटीवी और अन्य माध्यमों से भी ऑटो सवार लोगों का पहचान करने की कोशिश कर रही है।

## टेंपो व बाइक की टक्कर में दो युवक घायल




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बाइक और टेंपो की टक्कर में बाइक सवार दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखंड के हुंटार निवासी रंजीत कुमार पासवान शुक्रवार को दोपहर बाइक पर सवार होकर अपने मौसा अनुज पासवान के साथ मेदनीनगर ठाकुरबाड़ी मंदिर शादी समारोह में शामिल होने गया था। शादी समारोह खत्म होने के बाद शुक्रवार की शाम दोनों बाइक पर सवार होकर अपने घर जा रहे थे।तभी रास्ते में सदर थाना क्षेत्र के दुबियाखाड के पास एक अज्ञात टेंपो से उनकी बाइक की टक्कर हो गई जिसमें बाइक से गिरकर दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए मेदनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद भी उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।वही इस घटना के बाद इसकी जानकारी परिजनों को दी गई।

## पलामू में दो सड़को व एक आरओबी के निर्माण हेतु मिली स्वीकृति

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद की अनुशंसा के आलोक में पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत केन्द्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि योजना के अंतर्गत वर्ष 2022-23 में विभिन्न सड़कों के निर्माण हेतु सांसद वीडी राम ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार को अनुशंसा की थी। उक्त अनुशंसा के आलोक में पलामू जिला के दो महत्वपूर्ण सड़कों एवं एक आरओबी के निर्माण हेतु प्रस्ताव को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने स्वीकृति प्रदान किया था। जिसका 23 मार्च 2023 को रांची में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के मंत्री नितिन गडकरी के द्वारा शिलान्यास किया गया था। उपरोक्त परियोजनाओं की निविदा प्रकाशित हो चुकी है और बहुत जल्द निविदा का निस्तारण कर कार्य को प्रारंभ किया जाएगा। उक्त सड़कों एवं आर०ओ०बी० के निर्माण से चैनपुर-रामगढ एवं हुसैनाबाद अनुमंडल के लोगों का आवगमन सुगम होगी तथा सिंगरा-चेड़ाबार कोयल नदी पर बने पुल को सिंगरा एन0एच0-75 से जोड़ने हेतु उक्त आर0ओ0बी0 के निर्माण होने से जनता को आवागमन में सुविधा होगी और मेदिनीनगर में लगने वाली जाम की समस्या से निजात मिल सकेगी।



**छापेमारी** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर

# टीएसपीसी के दो सदस्यों को किया गिरफ्तार

**लेवी का पैसा वसूली करने माधुरी जंगल आ रहे थें नक्सली**


**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर सदर डीएसपी ऋषभ गर्ग और पड़वा थाना प्रभारी नकुल शाह के नेतृत्व में 26 मई को समय 10.30 बजे पड़वा थाना अन्तर्गत माधुरी जंगल के पास से लेवी के पैसे जा रहे दो टीएसपीसी नक्सली संगठन के सदस्यों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिला था कि बीएसटीसी के दो सदस्य माधुरी जंगल के पास लेवी का पैसा वसूली करने के लिए आ रहे हैं। नाम पता पुछने पर उक्त दोनो व्यक्ति अपना नाम नकुल सिंह पिता चनारिक सिंह ग्राम गरवट थाना मनातु जिला पलामू ,जबकि दूसरा व्यक्ति अपना नाम सुरेन्द्र सिंह स्वर्गीय ब्रहमदेव सिंह ग्राम सेमरी थाना मनातु का रहने वाला है। पुलिस के द्वारा उक्त दोनो




व्यक्ति की तलाशी लेने पर पहले के पास पिछले पौकेट से (500100 रुपए) के बण्डल में कुल पचास हजार रूपया एवं फुल पेन्ट के आगे के दाहिने पौकेट से विभो कम्पनी का मोबाईल बरामद हुआ तथा दुसरे व्यक्ति सुरेन्द्र सिंह के हाथ में लिए हुए पलास्टिक थैला से दो पावर बैंक, चार नक्सली परचा एवं इनके जिन्स पैन्ट के आगे दाहिने पौकेट से एक मोबाईल बरामद बरामद किया गया। पुलिस द्वारा पूछ ताछ करने पर उक्त दोनो व्यक्तियो ने बताया कि हमलोग टीएसपीसी के संगठन के मुखिया नकुल सिंह के कहने पर पैसा एवं समान को लेकर जा रहे थे। हमलोगो पैसों की अवैध वसूली कर नकुल के कहने पर संगठन के निशान्त, शशिकान्त, मन्टु उर्फ दिलेश नगीना, यमुनाजी, बादल , रंजन , मुखदेव यादव के लिए काम करते हैं। लेवी का पैसा एवं समान नेपाली जी को पहुँचाते हैं तथा नेपाली के कहने पर नेपाली के पत्नी को पहुँचाते है। हमदोनो पड़वा, नावाबजार, लेस्लीगंज क्षेत्र, छत्तरपुर क्षेत्र, से पैसा (लेवी) लेकर पहुँचाये हैं। हमारे अलावा दुसरे क्षेत्र से अन्य लोग भी पैसा (लेवी) लेकर नेपाली एवं नेपाली की पत्नी तथा संगठन के सदस्यों को पहुँचाते है। वहीं पकड़े गए टीएसपीसी के दोनों सदस्यों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। छापामारी दल में शामिल टीम पड़वा थाना प्रभारी नकुल शाह, एसआई दिवाकर कुमार, एएसआई संजय कुमार रजवार, पुलिस जवान उसमान अली,चंचल राय, हवलदार नासीर आलम, चालक अखिलेश कुमार शामिल थे।

### आंधी तूफान में टेंपो पलटने से 16 वर्षीय युवती घायल



**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कुड़ी कमता निवासी नारायण राम की पुत्री शोभा कुमारी उम्र 16 वर्ष आंधी तूफान में टेंपो पलटने की वजह से गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की दोपहर शोभा कुमारी अपने घर के बाहर एक टेंपो के पास खड़ी थी। इसी बीच अचानक आंधी तूफान चलने लगा और टेंपो शोभा कुमारी के ऊपर गिर पड़ा जिसमें शोभा कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां इलाज के बाद भी शोभा कुमारी की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### आप पार्टी का दो दिवसीय उपवास कार्यक्रम शुरू

**मेदिनीनगर।** भारत की प्रथम नागरिक महामहिम द्रौपदी मुर्मू जी को नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह में व पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जी को शिलान्यास कार्यक्रम में आमंत्रित नहीं करके भाजपा ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उसकी मानसिकता आदिवासी व दलित विरोधी है। ऐसी जातिवादी मानसिकता के खिलाफ आम आदमी पार्टी द्वारा दो दिवसीय उपवास का कार्यक्रम दिनांक २७ और २८/०५/२०२३ को राज भवन के सामने रखा गया। झारखंड और पूरे देश के लोग बीजेपी की आदिवासी, दलित और पिछड़ा विरोधी मानसिकता को देख रहे हैं। केंद्र सरकार के इस अघोषित आपातकाल एवं भारतीय संविधान विरोधी कार्यों के विरोध में आम आदमी पार्टी के लोगों ने भी राज भवन के समक्ष जिसमे मुख्य रूप से श्रीमती यास्मीन लाल प्रदेश प्रवक्ता, श्री हरि सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष , महेश मुंडा प्रदेश उपाध्यक्ष जनजातीय मोर्चा , मनीष डेनियल वरिष्ठ कार्यकर्ता ,सावित्री मार्डी सरायकेला विधानसभा अध्यक्ष, कौशल किशोर बच्चन वरिष्ठ कार्यकर्ता , मुन्ना कुमार युवा नेता पलामू, राजीव रंजन जुग सलाई विधानसभा अध्यक्ष, एवं ओम प्रकाश ने उपवास रखा। इस कार्यक्रम में श्रीमती पूनम कुमारी, प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक प्रीतम मिश्रा, दीपक रूपक, श्रीमती नमिता देवी, सरदार अमनदीप सिंह, लक्ष्मण हेंब्रम, श्रीनिवास राज, हरीश सुनानी, श्रीमती पूनम मुंडा, रामचंद्र मार्डी, सुमित कुमार, वीरेश माझी, डेविड मुंडा, टाइगर पूर्ति,गांगी मुंडा, सधन मुंडा, आशा देवी, परनी उरांव,फगनी उरांव, खादी उरांव,पुड़गी मुंडा इत्यादि समेत सैकड़ों आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने राजभवन के समक्ष उपस्थित होकर अपना विरोध दर्ज कराया एवं सभी ने मिलकर यह संकल्प लिया कि आने वाले चुनावो में भाजपा की इस नीति को उजागर करने के लिए आम आदमी पार्टी जन जन तक पहुंच कर कार्य करेगी।

# युवा बॉक्सर ने स्वर्ण पदक जीत कर किया नाम रोशन

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**




पश्चिमी सिंहभूम नोआमुंडी बॉक्सिंग केंद्र में 25 से 27 मई तक आयोजित 16वी झारखंड राज्य स्तरीय यूथ पुरुष/महिला बॉक्सिंग प्रतियोगिता में गढ़वा जिला के विवेक कुमार सिंह ने 75 से 80 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर गढ़वा जिले को गौरवान्वित किया। पदक जीतने पर गढ़वा प्रभारी खेल पदाधिकारी विकास कुमार सिंह, बॉक्सिंग संघ के सचिव रामप्रवेश तिवारी, नितिन तिवारी लव दुबे, पुनीत जसवाल गढ़वा ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक वरीय उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी संरक्षक राकेश पाल रेखा चौबे अनिता दत्त विधायक खेलकूद प्रतिनिधि ओम प्रकाश गुप्ता, धीरज दुबे धर्मेंद्र पाल, सत्येंद्र यादव, डे बोर्डिंग प्रशिक्षक लल्लन पहलवान, प्रभात तिवारी, रामाशंकर सिंह अरविंद दुबे, शारीरिक शिक्षक संतोष कुमार, किशोर कुणाल, राजेश चंद्रवंशी, राजन केसरी आदि ने बधाई दी।

### व्यापारी से छीनी गई लूना बाइक, 2600 रुपये नकद, मोबाइल फोन आदि भी बरामद

# घंटे भर में अपहृत व्यापारी बरामद, अपहर्ता हथियार समेत गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

धुरकी थाना क्षेत्र में शुक्रवार की देर शाम एक व्यापारी के अपहरण के घंटे भर के अंदर ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपहर्ता को हथियार के साथ गिरफ्तार कर अपहृत व्यापारी को सकुशल बरामद कर लिया। साथ ही अपहर्ता की निशानदेही पर व्यापारी से छीनी गई लूना बाइक, 2600 रुपये नकद, सैमसंग कंपनी का एक कीपैड मोबाइल फोन, घटना में प्रयोग में लाई गई टीवीएस मोटरसाइकिल, पूर्व में छीना गया एक जिओ मोबाइल फोन बरामद किया गया है। इसकी जानकारी शनिवार को अपने कार्यालय कक्ष में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केशरी ने पत्रकार वार्ता के दौरान दी।



एसडीपीओ ने बताया कि शुक्रवार की शाम करीब 7:30 बजे सूचना मिली कि बंशीधर नगर के पुरैनी गांव निवासी सह व्यापारी ललित नारायण गुप्ता, पिता सोती साह, धुरकी साप्ताहिक बाजार में आढ़त का काम करने के बाद लूना गाड़ी से अपने घर आ रहा था। इसी दौरान रास्ते में धुरकी-श्री बंशीधर मुख्य मार्ग पर लोलकी जंगल में दो अपराधियों ने हथियार के बल पर उसका अपहरण कर लिया तथा उसके पास से एक कीपैड मोबाइल फोन, 2600 रुपये नकद और लूना गाड़ी लूट ली। पैसा, गाड़ी व मोबाइल फोन लूटने के बाद उसके घर फोन कर फिरौती के रूप में पांच लाख रुपये की मांग की। इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक गढ़वा को दी गई। उनके निर्देश पर एसडीपीओ के नेतृत्व में धुरकी पुलिस ने अपहरण हुए व्यक्ति की सही सलामत बरामदगी एवं घटना में शामिल लोगों की गिरफ्तारी के लिए त्वरित एकार्रवाई करते हुए अपहृत व्यापारी ललित नारायण गुप्ता को सगमा से बरामद किया। साथ ही अपहरण कर ले जा रहे एक व्यक्ति को हथियार के साथ पकड़ा। पकड़े गए अपराधी की निशानदेही पर ललित नारायण से छीनी गई लूना गाड़ी व वेटिंग मशीन को लोलकी जंगल से बरामद किया गया। इस घटना में शामिल एक अन्य अपराधी भागने में सफल रहा। पुलिस टीम द्वारा भागने वाले व्यक्ति के विरुद्ध लगातार छापेमारी की कार्रवाई करते हुए देर रात उसे भी गिरफ्तार कर किया गया। गिरफ्तार दूसरे अपराधी के पास से अपहरण में प्रयुक्त टीवीएस बाइक एवं व्यापारी से छीना गया पैसा, मोबाइल फोन और लूना गाड़ी की चाबी बरामद की गई।

पूछताछ में अपराधियों ने अपना नाम निर्मल यादव, पिता ओमप्रकाश यादव व प्रदीप कुमार यादव, पिता सुनेश्वर यादव, दोनों ग्राम धोबनी थाना धुरकी बताया। साथ ही कहा कि हम दोनों की नई-नई शादी हुई है, खर्च वहन करने के लिए इस तरह की घटना को अंजाम दिया है। साथ ही बताया कि कुछ दिन पहले भी एक व्यापारी से इसी तरह अपहरण कर फिरौती के रूप में राशि की वसूली की थी। छापेमारी दल में एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी, धुरकी थाना प्रभारी सदानंद कुमार, पुअनि कृष्णा रजवार, सअनि शैलेंद्र कुमार यादव व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने सड़क की जाम

# अनियंत्रित पिकअप ने बाइक सवार को रौंदा

**नवीन मेल संवाददाता। मझिआंव**



मझिआंव - बरडीहा-कांडी मुख्य पथ पर अधौरा चौक पर शनिवार की सुबह सात बजे एक पिकअप वाहन ने मोटरसाइकिल सवार युवक को रौंद दिया और बगल में सहजाद खान के बरामदे में घुस गया। इस दौरान घर के बरामदे में खेल रहा सहजाद खान का पोता तमसिल खान का सात वर्षीय पुत्र आदिल एक फीट के फासले पर बाल-बाल बच गया। मृतक की पहचान कांडी थाना क्षेत्र के गोसांग गांव के टोला पखनहा निवासी बिहारी चौधरी (40) के रूप में हुई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने मझिआंव थाना व मृतक के घर पर सूचना दी। इसके बाद आठ बजे मृतक के मामा भोला चौधरी, भाई असर्फी चौधरी तथा पुत्री संगीता देवी घटनास्थल पर आये।

घटना के बारे में परिजनों व स्थानीय लोगों ने बताया कि बिहारी चौधरी मझिआंव थाना क्षेत्र के भगोडीह गांव स्थित अपने समधियाने से शादी समारोह से वापस लौट रहा था। इसी बीच रात्रि में घुरुआ में हुए जलसे से अपने टेंट हाउस का सामान लेने जा रहे पिकअप चालक ने जोरदार टक्कर मारी और उसे बचाने के क्रम में सहजाद खान के बरामदे में घुस गया। घटना के बाद चालक तो तत्काल भाग गया लेकिन पिकअप के ऊपर सोये तीन लोग जग गए और घटना होने की खबर सुनते ही वे भी भाग गए। घटना के बाद जहां एक ओर मृतक की पुत्री व परिजन उसके मृत शरीर को देखते ही चीत्कार करने लगे, वहीं दूसरी ओर उसके संबंधियों ने लकड़ी के बड़े बोटे से सड़क जाम कर आवागमन बाधित कर दिया। वहीं आक्रोशित ग्रामीणों ने कहा कि जबतक मांगें पूरी नहीं होती तबतक सड़क जाम रहेगी। आठ बजे से साढ़े दस बजे तक मुख्य पथ पूरी तरह से जाम रहा। इस दौरान दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई। एएसआई आलोक कुमार द्वारा उन्हें समझा बुझाकर जाम हटवाया गया, लेकिन मृतक के अन्य परिजनों ने पुनः जाम कर दिया और प्रखंडस्तरीय पदाधिकारी को बुलाने पर अड़ गए। साढ़े दस बजे घटनास्थल पर पहुंचे अंचल पदाधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता ने कांडी थाना के सीओ से बात की और मृतक के परिजनों को आपदा राहत कोष से एक लाख रुपये, पारिवारिक लाभ योजना के तहत 20 हजार रुपये, आंबेडकर आवास तथा एसडीओ से कहकर राशनकार्ड बनवाने एवं मुखिया के माध्यम से तत्काल एक क्विंटल राशन दिलाने का आश्वासन दिया, तब जाकर मुख्य पथ से जाम हटा और शव को अंत्यपरीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेजा गया। थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो ने पिकअप वाहन व मोटरसाइकिल जब्त कर लिया। पिकअप वाहन गढ़वा थाना क्षेत्र के प्रतापपुर गांव निवासी दिलशाद खान का बताया गया है। इधर मृतक अपने पीछे पत्नी मीना देवी, दो पुत्र और दो पुत्रियां छोड़ गया है। तलशबरिया पंचायत के मुखिया सह मुखिया संघ के अध्यक्ष महताब ने सड़क पर ब्रेकर बनवाने की मांग की ताकि घनी आबादी वाले क्षेत्र में तेज रफ्तार से वाहन आवगमन न हो।

### हादसे में दो युवक घायल

**गढ़वा।** गढ़वा-चिनियां रोड में मेराल थाना क्षेत्र के चामा गांव के समीप शनिवार को ऑटो व मोटरसाइकिल की आमने सामने की टक्कर में मोटरसाइकिल सवार दो युवक घायल हो गए। घायलों में डंडई थाना क्षेत्र के तसरार गांव निवासी साजिद अंसारी पिता मुस्लिम अंसारी एवं समतुल्लाह अंसारी पिता क्यामुद्दीन अंसारी शामिल हैं। दोनों घायलों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। साजिद अंसारी व समतुल्लाह अंसारी एक ही मोटरसाइकिल से तसरार से गढ़वा आ रहे थे। इस दौरान चामा गांव के समीप सामने से आए अज्ञात ऑटो व मोटरसाइकिल में टक्कर हो गई। इस घटना में मोटरसाइकिल सवार साजिद व समतुल्लाह घायल हो गए। साजिद अंसारी को हाथ व पैर में गंभीर चोट लगी है। घटना के बाद आसपास के लोगों की मदद से दोनों घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज चल रहा है।

# बीडीओ ने कराया पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज

### कार्यालय पहुंच कर मारपीट करने, सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने व सरकारी दस्तावेज फाड़ने का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**



बीडीओ श्रवण राम ने शनिवार को अपनी पत्नी प्रीति कुमारी के विरुद्ध थाने में मामला दर्ज कराया है। बीडीओ श्रवण राम ने पत्नी प्रीति कुमारी पर प्रखंड कार्यालय पहुंच कर मारपीट करने, सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने व सरकारी दस्तावेज फाड़ने का आरोप लगाया है। पुलिस ने श्रवण राम के आवेदन पर प्रीति कुमारी के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज कर अनुसंधान में जुट गई है। बीडीओ श्रवण राम ने थाने को दिए आवेदन में लिखा है कि हम पति-पत्नी के बीच न्यायालय में कई मामले चल रहे हैं। कार्यालय में कार्यशाला से बाहर निकल रहा था, तभी पत्नी प्रीति कुमारी मारपीट कर सरकारी दस्तावेज फाड़ दी। उस समय कार्यालय में करीब 200 कार्यालय कर्मी, पंचायत प्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित थे, जिनके समक्ष प्रीति कुमारी ने मारपीट की, जिससे मैं काफी शर्मिंदा हूं। बताते चलें कि प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर से बाहर निकलते ही प्रीति कुमारी बीडीओ श्रवण राम के साथ मारपीट करने लगी। मारपीट के बाद श्रवण राम थाना पहुंचे और पत्नी के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज करने के लिए आवेदन दिए। आवेदन मिलने पर पुलिस तत्काल प्रीति कुमारी को पकड़कर थाना लाई। यहां भी श्रवण राम और प्रीति कुमारी में हल्की नोकझोंक हुई। पुलिसकर्मियों के बीच बचाव के बाद दोनों अलग हुए। मामला दर्ज होने के बाद दोनों को समझा-बुझाकर वापस भेजा गया। बीडीओ श्रवण राम और प्रीति कुमारी काफी दिनों से अलग-अलग रह रहे हैं। दोनों के द्वारा एक दूसरे पर कई मुकदमे किए गए है, जो न्यायालय में लंबित हैं।

### गलियारे में खड़ी बाइक उड़ा ले गए चोर

**डंडई।** थाना क्षेत्र के जरही गांव के अकड़ी टोला निवासी लाल बिहारी चौधरी के पुत्र मोतीलाल चौधरी के घर के गलियारी में लगी मोटरसाइकिल चोरी कर ली गई। इस घटना को लेकर भुक्तभोगी मोती लाल चौधरी ने बताया कि प्रत्येक दिन की तरह घर के गलियारे में गुरुवार को मोटरसाइकिल लगा कर उससे सटे मिट्टी के घर में हम लोग सोए थे। इसी दौरान रात्रि करीब दो बजे अज्ञात लोग मोटरसाइकिल को गलियारे से निकाल कर भाग गए। उसने बताया कि मेरी बाइक हीरो कंपनी की की थी। भूल से बाइक में लगी ही चाबी छोड़ दी थी। घटना की जानकारी थाने में दी है। थाना प्रभारी शाहबाज अंसारी ने इस संबंध में बताया कि जांच पड़ताल की जा रही है।

# जनप्रतिनिधियों का धरना उपायुक्त के आश्वासन पर समाप्त

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी(गढ़वा)**

शुक्रवार की देर शाम लगभग 8 बजे पंचायत समिति का धरना उपायुक्त शेखर जमुआर के कार्रवाई के आश्वासन के बाद समाप्त हो गया। उपायुक्त ने बीस सूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक से दूरभाष पर बात कर शनिवार को 11 बजे प्रमुख, उपप्रमुख तथा पंचायत समिति सदस्यों के साथ गढ़वा बुलाया है। सभी जनप्रतिनिधि आकर अपनी समस्या बताएं। लापरवाही बरतने वाले ब्लॉक पदाधिकारी तथा कर्मियों पर निश्चित रूप से कार्रवाई की जायेगी।

बता दें कि शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय पर पंचायत समिति की बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में कई पदाधिकारी अनुपस्थित थे। पंचायत समिति के लोगों ने अनुपस्थित पदाधिकारी के बारे में जानकारी लेनी चाही। इस दौरान किसी बात से नाराज होकर नाजीर शैलेष कुमार बैठक से बाहर निकल गए। इससे नाराज सभी पंचायत समिति सदस्यों ने ब्लॉक पदाधिकारी तथा कर्मियों पर बैठक में आए प्रस्ताव का अनुपालन नहीं करने तथा अकसर जन प्रतिनिधियों के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए प्रखंड मुख्यालय के गेट पर धरने पर बैठ गए थे। शनिवार को प्रमुख आभा रानी, उपप्रमुख देवदत प्रसाद आर्य, बीस सूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक, करिवाडीह पंचायत समिति सदस्य विकास कुमार सिंह व अन्य समिति सदस्य ने उपायुक्त से मिलकर आवेदन देते हुए कार्रवाई की मांग की है। कहा गया कि पंचायत समिति की बैठक में सदस्यों की उपस्थिति के बाद बैठक की कार्रवाई प्रारंभ की गई, परंतु प्रखंड कर्मियों के आचरण एवं अनुशासनहीनता के कारण बैठक नहीं हो सकी। बाध्य होकर सभी सदस्य के साथ कार्यालय के मुख्य द्वार पर धरना पर बैठ गए।पंचायत समिति की बैठक में सभी पदाधिकारी तथा कर्मियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित हो। पंचायत समिति की बैठक में लिए गए प्रस्ताव का शत-प्रतिशत अनुपालन किया जाए। शुक्रवार की बैठक में सदस्यों को अपमानित करने वाले बीडीओ, बीपीओ तथा नाजीर के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। सही क्षेत्र भ्रमण के दौरान लोग अकसर शिकायत करते है कि अंचल निरीक्षक नामांतरण वाद के नाम पर 5 से 10 हजार रुपये लिए जाते हैं। ऐसे अंचल निरीक्षक के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की जाए।

### बीडीओ ने जनप्रतिनिधियों खिलाफ डीसी को दिया आवेदन



**खरौंधी(गढ़वा)।** बीडीओ गणेश महतो ने भी शुक्रवार को श्रीबंशीधर एसडीओ तथा गढ़वा उपायुक्त को आवेदन देकर प्रखंड के जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रखंड व अंचल के कर्मियों को लगातार प्रताड़ित एवं दुर्व्यवहार करने की शिकायत की है। आवेदन में उल्लेख किया है कि प्रखंड तथा अंचल कर्मी को अकसर जनप्रतिनिधि किसी न किसी बात को लेकर प्रताड़ित एवं दुर्व्यवहार करते रहते हैं। इनके साथ गाली गलौज, मारपीट तथा किसी आरोप में फंसा देने की धमकी दी जाती है। खासकर, पंचायत समिति तथा बीस सूत्री की बैठक में बुलाकर कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार एवं गाली गलौज की जाती है। साथ ही सिद्धांत से हटकर गलत कार्य करने का दबाव बनाया जाता है। प्रायः सभी पार्टी के प्रतिनिधियों द्वारा चंदा के रूप में पैसे की मांग की जाती है। अलग-अलग तरीकों से प्रताड़ित किया जाता है। शुक्रवार को प्रतिनिधियों ने 7 बजे के बाद भी सभी कर्मियों को कार्यालय के अंदर ही जबरदस्ती तथा बाहर से ताला बंद कर रखा गया। प्रखंड कर्मी तथा अंचल कर्मी कार्य करने में असहजता महसूस कर रहे हैं।

### जीपीडीपी के तहत प्रशिक्षण का शुभारंभ

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में जीपीडीपी अंतर्गत प्रखंड स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। इसका उद्घाटन प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम, 20सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे एवं उपप्रमुख गणेश प्रताप देव ने संयुक्त रूप से किया। बीडीओ ने जन योजना अभियान के अंतर्गत सभी योजनाओं का समेकन करने के लिए पंचायतों के सभी प्रतिभागियों को निर्देश दिया। प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी उत्तम रंजन, पीएचडी विभाग के कनीय अभियंता भरत प्रसाद, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी राजदीप कुमार, कनीय अभियंता रणधीर कुमार, जितेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

### राहत | जलजमाव से निजात दिलाने में खर्च होंगे 18 लाख

# केतार बाजार में होगा नाले का निर्माण

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**




केतार बाजार स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के समीप सड़क पर लगे जलजमाव को लेकर शनिवार को बीडीओ मुकेश मछुआ, थाना प्रभारी संतोष कुमार एवं मुखिया प्रमोद कुमार की उपस्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था बनाकर पानी की निकासी की गई। इस मौके पर बीडीओ मुकेश मछुआ ने कहा कि बाजार में पिछले दिनों हुई बारिश से जलजमाव हुआ था। इससे राहगीरों ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था।

इस जलजमाव से आसपास के लोगों को हैजा, मलेरिया जैसी महामारी बीमारी फैलने की अशंका थी। इसको लेकर जमीन मालिक गणेश प्रसाद की सहमति पर वैकल्पिक व्यवस्था बनाकर सड़क पर जलजमाव को मोटर लगाकर निकाला गया। इसके बाद उक्त सड़क पर आवागमन शुरू हुआ। बीडीओ मुकेश मछुआ ने कहा कि सोमवार को केतार मुख्य बाजार में हुए अतिक्रमण को लेकर सीमांकन एवं अतिक्रमणकारियों को नोटिस तामिल कराया जाएगा। थाना प्रभारी संतोष कुमार ने कहा कि सीमांकन में अड़चन डालने वाले लोगों पर कानूनी कारवाई कि जायेगी। केतार मुखिया प्रमोद कुमार ने कहा कि एक दशक से केतार बाजार में जलजमाव की समस्या है, लेकिन पूर्व के जन प्रतिनिधियों ने पहल नहीं की। लेकिन हम केतार बाजार की दुकानदार एवं आम ग्रामीणों की सहयोग से ग्राम सभा के माध्यम से जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट एवं प्रधानमंत्री क्षेत्रीय कार्य योजना के अंतर्गत लगभग 18 लाख रुपये की लागत से नाले का प्राक्कलन बनाकर प्रखंड कार्यालय से जल्द जिला कार्यालय में भेजने का कार्य कर रहे हैं ताकि जनता को जलजमाव से मुक्ति मिल सके।

# आंधी-बारिश से गरीबों का उजड़ा आशियाना

### खपरैल मकान पर गिरा महुआ पेड़, बाल-बाल बचे एक ही परिवार के आधा दर्जन लोग

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**



प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को शाम 4 बजे आई बेमौसम बारिश और तेज आंधी ने जमकर तबाही मचाई। कई स्थानों पर लगे टिन शेड हवा में उड़ गए। आंधी के चलते विशेष कर, आम की फस्ल को भारी क्षति पहुंची। फल लगे वृक्ष धराशाई हो गए, तो वहीं गरीबों की परेशानी भी बढ़ गई। बारिश और तेज आंधी के कारण नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 14 स्थित जंगीपुर में एक गरीब परिवार के खपरैल घर महुआ के पेड़ की विशाल डाली गिर जाने से पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। वहीं घर के पास रखे ठेला भी धराशाई हो गया। इस घटना में आधा दर्जन परिवार बाल-बाल बच गए। किसी को चोट नहीं लगी। गनीमत रही कि यह हादसा दिन में हुआ अन्यथा किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता था। घटना के बाद खपरैल मकान में सोए परिवार के सदस्यों को किसी तरह से कमरे से बाहर निकाला गया। इनमें ज्यादातर छोटे-छोटे बच्चे थे।

बता दें कि जंगीपुर गांव निवासी संजय चंद्रवंशी, अजय चंद्रवंशी एवं सत्येंद्र चंद्रवंशी के परिवार के सभी सदस्य मिट्टी से बने खपरैल के टूटे-फूटे घर में रहते हैं। घर में बूढी मां व उनके तीन पुत्र का परिवार रहता है। उनके घर में दर्जनों सदस्य खपरैल के मकान में रहने को मजबूर है। एक पुत्र मानसिक रूप से पीड़ित है, जबकि संजय चंद्रवंशी, अजय चंद्रवंशी एवं सत्येंद्र चंद्रवंशी मजदूरी का कार्य कर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। आर्थिक स्थिति ठीक नहीं रहने के कारण पिता के बने उस खपरैल मकान में ही वह सभी रहने को विवश है। घर में पानी गिरने के कारण ऊपर से प्लास्टिक से ढक दिया गया है। इस घटना के बाद परिजन काफी चिंतित और परेशान हैं। पीड़ित संजय चंद्रवंशी ने कहा कि वह किसी तरह से इस घर के एक कमरे में अपने पांच पुत्री एक पुत्र व पत्नी के साथ जीवनयापन करता है। उनके खपरैल मकान पर पेड़ गिर जाने के कारण उनका घर बर्बाद हो गया है। इससे गरीब परिवारों के समक्ष सिर छिपाने की समस्या उत्पन्न हो गई है। इधर घटना के बाद वार्ड 14 के वार्ड पार्षद अनिल कुमार गुप्ता ने पीड़ित के घर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया है। वार्ड पार्षद अनिल गुप्ता ने प्रशासन से आपदा राहत के तहत मुआवजा दिलाने का भरोसा दिया। प्रशासन से परिवार को सहायता करने का अनुरोध किया है।

# मार्च तक पूरा करना था पुल निर्माण कार्य, अभी तक दो पिलर खड़े हुए

**अजय सिन्हा/रुस्तम। लातेहार**
प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत महुआडांड़ के चटकपुर से सरनाडीह तक सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। इसी सड़क में बूढ़ा नदी पर पुल का निर्माण कराया जा रहा है। तकरीबन 80 मीटर लंबे इस पुल निर्माण योजना की प्राक्कलन राशि 3 करोड़ 60 लाख रुपये है। पुल का निर्माण कार्य गत वर्ष चार सितंबर को प्रारंभ किया जाना था और इसे इस साल 30 मार्च तक पूरा कर लेना था। लेकिन दीगर बात यह है कि इन नौ महीने में पुल के मात्र दो स्तंभों को खड़ा किया गया है और एक स्तंभ को अभी खड़ा किया जा रहा है। कार्य की इतनी धीमी गति योजना की गुणवत्ता

### देरी की वजह से गुणवत्ता पर भी उठ रहे सवाल



की पोल खोल रही है। ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित परियोजना के तहत यह कार्य संवेदक मेसर्स अशोक कुमार मल्होत्रा को आवंटित किया गया है।

इसी सड़क व पुल निर्माण में लगे एक पोकलेन एवं चार ट्रैक्टरों में 25 मई की रात्रि नक्सलियों ने आग लगा दी। लेवी के लिए इस घटना को अंजाम दिया गया है। बताया जाता है कि माओवादियों के दस्ते ने इस घटना को अंजाम दिया है। गुरुवार देर रात हथियारबंद सड़क निर्माण स्थल के साइट पर पहुंचे। नक्सलियों ने वहां मौजूद मजदूरों को वहां से हटा दिया और साइट में खड़े ट्रैक्टरों और पोकलेन को आग के हवाले कर दिया। नक्सलियों ने बिना संगठन की अनुमति के कार्य नहीं प्रारंभ करने की धमकी दी। कहा कि बिना आदेश के कार्य शुरू करने पर गंभीर परिणाम भुगतना पड़ेगा। इससे पहले भी नक्सलियों ने कंस्ट्रक्शन कंपनी से लेवी की मांग की थी. नक्सली करीब एक घंटे तक साईट पर रहे।

## संत जेवियर्स महाविद्यालय में तीन दिवसीय 'युवा महोत्स्व' का शुभारंभ

# 'युवाओं को लक्ष्य के प्रति स्पष्ट व प्रतिबद्ध होना चाहिए'

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**
संत जेवियर्स महाविद्यालय में शुक्रवार को तीन दिवसीय 'युवा महोत्स्व' का शुभारंभ बिशप थिओडर मैस्क्रेन्स, विधायक रामचंद्र सिंह, प्राचार्य फादर डॉ. एम के जोस द्वारा किया गया। इसमें लातेहार, गढ़वा और पलामू के विभिन्न कॉलेजों के हजारों विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत में महाविद्यालय छात्रावास के विद्यार्थियों ने स्वागत गान प्रस्तुत किया। इस मौके पर फादर मैस्क्रेन्स ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा समाज और देश के भविष्य होते हैं। युवाओं को अपने लक्ष्य को लेकर स्पष्ट और प्रतिबद्ध





होना चाहिए। साथ ही समय और परिस्थिति के अनुकूल खुद को ढालने की क्षमता विकसित करनी चाहिए। मनिका विधायक राम चंद्र सिंह ने अपने संदेश में कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही व्यक्ति और समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। उन्होंने अपनी भाषा, संस्कृति और अस्मिता के प्रति युवाओं को जागरूक करने की बात कही। युवा महोत्सव के कोआर्डिनेटर प्राचार्य फादर डॉ. एम के जोस ने बताया कि इस तरह के अयोजन को करने का मुख्य उद्देश्य युवाओं के सपनों को आधार देना, नेतृत्व और समन्वय की क्षमता विकसित करना, अपनी भाषा, संस्कृति, अस्मिता के प्रति जागरूक करते हुए वैश्विक परिदृश्य के अनुरूप उन्हें तैयार करना है। मौके पर मुख्य रूप से एसडीओ नीत निखिल सुरीन, धर्माध्यक्ष फेलिक्स टोप्पो, उप प्राचार्य सिस्टर कैसलिन जुलियट, डॉ. समीर टोप्पो, एसबीआई महुआडांड़ शाखा के मैनेजर वेंसलस लकड़ा, डॉ. राजिप तिर्की, एनएसएस के कोऑर्डिनेटर मैक्सेंशियस कुजूर, प्रो. शशि शेखर व हजारों युवा उपस्थित थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### किसानों को दिलाई गई पर्यावरण संरक्षण की शपथ



**बारियातु।** प्रखंड मुख्यालय सभागार परिसर में पर्यावरण पूरक जीवन पहती अभियान के तहत कृषक गोष्ठी सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया। कार्यकम की अध्यक्षता जिला कृषि पदाधिकारी एसएन महतो द्वारा की गई। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड के विभिन्न गांवों से उपस्थित बिरसा किसानों को वन्यप्राणीयों एवं पर्यावरण के संरक्षण में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने, अन्य लोगों को भी पौधरोपण एवं उनके संरक्षण के लिए प्रेरित करने, एक भी वन्य प्राणियों को नुकसान नहीं पहुंचाने एवं अन्य लोगों को भी नुकसान पहुंचाने से रोकने का हर संभव प्रयास करने, अपने घर-गांव, नगर को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान देने और प्लास्टिक के उपयोग में कमी करने की शपथ दिलाई गई। बीपीएमसीसी सहायक तकनीकी प्रबंधक समीम अंसारी, प्रखंड उप प्रमुख निशा सहदेव, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी, उप परियोजना निदेशक आत्मा की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### कार्यशाला आयोजित

**लातेहार।** जिला बाल संरक्षण इकाई लातेहार एवं मिराकेल फाउंडेशन इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को शहर के होटल कार्निवाल में परिवार आधारित और वैकल्पिक देखभाल दिशा में बदलाव विषय पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन विधि शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार सिंह एवं जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी रीना कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। मेरा कल फाउंडेशन इंडिया के प्रतिनिधि विष्णु दत्त पांडे व अखिलेश श्रीवास्तव ने अतिथियों का सम्मान किया। मौके पर चाइल्डलाइन लातेहार के समन्वयक आशुतोष कुमार आदि उपस्थित थे।

## उपायुक्त के तबादले के साथ ठंडे बस्ते में चली गई विकसित करने की योजना

# खतरे में जगराहा डैम का अस्तित्व

### डैम में फैले जलकुंभी की वजह से उत्पन्न हो गई है विकट स्थिति, कई बार निकल चुकी थी डैम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने से संबंधित निविदा

**मुबारक आलम। चंदवा**
शहर की वाटर लाइफ लाइन कहे जाने वाले जगराहा डैम का अस्तित्व खतरे में है। कभी न सूखने वाले उक्त डैम की स्थिति दिन ब दिन दयनीय होती जा रही है। किसी जमाने में यह डैम लबालब भरा रहता था, लेकिन आज यह सूखने की कगार पर है। लगातार हो रहे अतिक्रमण व वाटर लिंकेज टूटने से यह स्थिति उत्पन्न हुई है। बताया जाता है कि उक्त डैम का निर्माण 60 के दशक में मिशन के द्वारा किया गया था। यह विस्तृत भूभाग में फैला हुआ है। यह डैम आसपास के क्षेत्र के वाटर लेवल को रिचार्ज करता है। बुजुर्गों की मानें तो निर्माण के बाद से अबतक यह डैम कभी सूखा नहीं है, लेकिन अब स्थिति चिंताजनक बनती जा रही है। डैम जलकुंभी व जलीय पौधों से ढक चुका है। ऑक्सीजन की कमी से मछलियों व अन्य जीव जंतुओं पर भी आफत आ गई है। अगर समय रहते डैम की सफाई नहीं कराई गई तो शहर में पानी की समस्या विकराल रूप धारण कर सकती है।



**मत्स्य पालन समिति भी नहीं कर पा रही है मछली पालन का कार्य :** जगराहा डैम में मछली पालन का कार्य कर रही समिति के सामने भी स्थिति दयनीय हो गई है। मछली पालन का कार्य कर रहे सदस्यों ने बताया कि समिति के द्वारा हर वर्ष डैम में मछली का जीरा डाला जाता था, जिससे हमलोगों का जीवकोपार्जन चलता था पर अब डैम पूरी तरह से जलकुंभी पौधों से ढक चुका है। इसकी वजह से डैम में मछली पालन का कार्य पूरी तरह से बंद पड़ा हुआ है।

**तत्कालीन डीसी ने विकसित करने के लिए की थी पहल :** तत्कालीन डीसी अबु इमरान द्वारा जगराहा डैम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने को लेकर पहल की गई थी। इसको लेकर राष्ट्रीय पर्यटन दिवस के अवसर पर एसडीओ शेखर कुमार ने जगराहा डैम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की घोषणा की थी। इसके बाद अधिकारियों के एक दल ने डैम का निरीक्षण किया था। उक्त डैम को विकसित करने को लेकर वाटर ट्रीटमेंट, कैंटीन, पार्किंग, पेबर ब्लॉक कार्य आदि से संबंधित निविदा भी निकाली जा चुकी थी, जिसमें पेबर ब्लॉक का काम भी हो चुका है। इसी बीच डीसी अबु इमरान का तबादला हो गया और वर्तमान डीसी के द्वारा उक्त योजना में दिलचस्पी नहीं दिखाने की वजह से यह ठंडे बस्ते में चली गई।

### क्या कहते हैं लोग

चंदवा पूर्वी मुखिया रंजीत उरांव ने कहा कि जगराहा डैम प्रशासनिक उदासीनता का दंश झेल रहा है। अगर जल्द ही डैम की साफ सफाई नहीं कराई गई तो यहां पानी की समस्या गहरा सकती है। युवा समाजसेवी इरशाद मुन्ना ने कहा कि कई बार हम लोगों ने उक्त डैम की साफ सफाई कराने को लेकर अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराने का कार्य किया है, पर अबतक डैम को साफ करने की दिशा में कोई कार्य नहीं किया गया है। मत्स्य पालन समिति के मो. सरफराज कहते हैं कि डैम में समिति द्वारा मछली पालन का कार्य किया जाता है, पर विगत कुछ वर्षों में डैम की स्थिति दयनीय हो गई है। इसकी वजह से मछली पालन का कार्य पूरी तरह से प्रभावित हो गया है। जलकुंभी की वजह से जीव जंतुओं पर भी आफत आ गई है।

# कमांडर छोटू खेरवार समेत 30 नक्सलियों पर प्राथमिकी

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**
थाना क्षेत्र के सरनाडीह गांव स्थित बूढ़ा नदी पर हो रहे पुल निर्माण कार्य में लगे वाहनों को जलाने के मामले में पुलिस ने इनामी माओवादी कमांडर छोटू खेरवार समेत 30 माओवादियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। माओवादियों के खिलाफ पूरे क्षेत्र में छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। इस संबंध में डीएसपी राजेश कुजूर ने बताया कि घटनास्थल पर मिले नक्सली पर्चा के आधार पर पुलिस ने माओवादी कमांडर छोटू खैरवार समेत कुल 30 नक्सलियों पर महुआडांड़ थाने में प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस द्वारा मजदूरों से पूछताछ करने पर मजदूरों ने बताया, उनके पास हथियार अत्याधुनिक थे। घटनास्थल पर

### बूढ़ा नदी पर हो रहे पुल निर्माण कार्य में लगे वाहनों को जलाने का मामला

माओवादी दक्षिण कोयल शंख जोन के नाम से पर्चा मिला था। मामले की गहनता से छानबीन के दौरान पुलिस को पता चला कि इस घटना को अंजाम देने में इनामी माओवादी कमांडर छोटू खेरवार के दस्ता की मुख्य भूमिका है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने अभियान शुरू कर दिया है। ज्ञात हो कि गुरुवार की देर रात माओवादी छोटू खेरवार के नेतृत्व में माओवादियों ने बूढ़ा नदी पुल निर्माण कार्य में लगे एक पोकलेन समेत चार ट्रैक्टरों को को जला दिया था। इस दौरान कई मजदूरों के साथ हल्की मारपीट भी की गई थी।

# लाखों के जेवरात सहित 20 हजार रुपये की चोरी

**गिद्धौर(चतरा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सलगा गांव निवासी कृष्ण कुमार पांडेय के घर से अज्ञात चोरों ने लाखों के जेवरात सहित 20 हजार रुपए नकद की चोरी कर ली। पांडेय ने थाना में लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। 24 मई को घर में ताला बंद कर सभी परिवार हजारीबाग गए थे। 27 मई को दूरभाष पर बड़े भाई ने सूचना दी कि घर का ताला टूटा हुआ है।अलमारी में रखा सोने चांदी के करीब ढाई लाख रुपए की जेवरात के साथ नकदी 20 हजार की चोरी कर ली गई है। इधर पुलिस चोरी के मामले की जांच में जुट गई है।

# अनियंत्रित कार ने बस में मारी टक्कर चालक व महिला गंभीर रूप से घायल

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**
गिद्धौर थाना क्षेत्र के गांगपुर बारियातु दतुवा आहर के समीप शनिवार को एक अनियंत्रित कार सवारी बस में जा टकराई, जिससे कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और चालक व कार में सवार एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।

थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव घटनास्थल पर पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त कार व बस को जब्त कर लिया। बताया जाता है कि हजारीबाग की सुरेश कॉलोनी के इंद्रदेव दांगी अपनी पत्नी चिंतामणिके साथ राजपुर रिश्तेदार के यहां जा रहे थे। इसी क्रम में कार अनियंत्रित हो गई। वहीं चतरा से



साथी यात्री बस हजारीबाग की ओर जा रही थी। दुर्घटना में इंद्रदेव दांगी को गंभीर चोट आई है। वही पत्नी को मामूली चोट आई है। दोनों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया गया।

वहीं दूसरी घटना में एक युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक को भी बेहतर इलाज के लिए चतरा भेज दिया गया। घायल युवक सदर थाना क्षेत्र के लोवागड़ा गांव के दयानंद पाठक बताया जाता है। युवक गांगपुर होते पत्थरगड़ा की ओर जा रहा था। पत्थलगड़ा की ओर से आ रही सवारी गाड़ी में युवक जा टकराया।

### सुग्गा बांध से अवैध बालू लदे वाहन को किया गया जब्त

**गारू।** वनपाल परमजीत कुमार तिवारी ने गुप्त सुचना पर अवैध बालू लदा ट्रेक्टर जब्त किया है। बताया जाता है कि जब्त वाहन बारेसाड़ ललमटिया निवासी सुनील प्रसाद का है। इस संबंध में वनपाल तिवारी ने कुछ भी बताने से इनकार किया है। कहा कि जो भी पूछना है रेंजर साहब से पूछें, जो कुछ भी बताना होगा इस मामले में वह रेंजर साहब ही बताएंगे, वह कुछ नहीं बता सकते। रेंजर तरुण कुमार से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया परंतु उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। ज्ञात हो कि जब्त वाहन वन विभाग बारेसाड़ के कैम्पस में खड़ा किया गया है।

# चक्रवाती तूफान ने बरपाया कहर सैकड़ों पेड़, पॉल्ट्री फार्म धराशायी

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड**
जिले के मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मंझगावां व महेशा में शुक्रवार देर शाम चक्रवाती तूफान ने जमकर तबाही मचाई। तूफान की चपेट में आने से सड़क किनारे सैकड़ों पेड़ सहित मंझगावां में संचालित एक पॉल्ट्री फार्म धराशाही हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हवा इतनी तेज व गोलाकार घूमती हुई थी कि जो भी चीज चपेट में आई उसे उखाडती हुई दस मिनट में समाप्त हो गई। चक्रवाती तूफान ने प्रखंड के दो ही गांवों को अपनी चपेट में लिया।

मंझगावां निवासी बाल मुकुंद सिंह कर्ज लेकर फार्म निर्माण कर मुर्गी



पालन कर परिवार का लालन पालन कर रहे थे, पर अचानक आए चक्रवाती तूफान की चपेट में आने से पूरा फार्म धराशाही हो गया। इससे पीड़ित को लाखों रुपये का नुकसान हो जाने के साथ परिवार के लालन पालन में परेशानी उत्पन्न हो गई। पीडित परिवार ने अंचल अधिकारी व थाना में आवेदन देकर आपदा के तहत क्षतिपूर्ति की मांग की है।

## कार्यशाला — जिप अध्यक्ष ने कहा, युवक-युवतियों को रोजगार से जोड़ा जा रहा

# 'कौशल विकास प्रशिक्षण योजना से जुड़ें युवा'

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
जेएसएलपीएस की ओर से नगर भवन लातेहार में दीन दयाल ग्रामीण कौशल विकास प्रशिक्षण योजना पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, जिला परिषद उपाध्यक्ष अनिता देवी एवं परियोजना निदेशक आईटीडीए विंदेश्वरी ततमा ने इसका शुभारंभ किया। इस मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष ने लोगों को संबोधित करते हुये कहा कि दयाल ग्रामीण कौशल्य विकास योजना के माध्यम से ग्रामीण युवक-युवतियों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार से जोड़ा जाता है। उन्होंने कहा इस योजना के तहत विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षण दिया जाता है। साथ ही प्रशिक्षण प्रदान करने वाली संस्था द्वारा प्रशिक्षुओं को रोजगार दिलाने के लिए भी सहयोग किया जाता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अपने आसपास के व्यक्तियों को इस कौशल विकास प्रशिक्षण योजना के बारे जानकारी दें।

परियोजना निदेशक आईटीडीए ने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के बारे बताते हुये कहा इस योजना के तहत अनुसूचित जाति,



अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग को स्वरोजगार के लिए 25 लाख रुपये तक का ऋण प्रदान किया जाता है।कार्यशाला में डीपीएम जेएसएलपी संतोष कुमार एवं प्रोग्राम एग्जीक्यूटिव अमित कुमार ने विभिन्न ट्रेड में दिये जाने वाले कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के उपरांत प्रशिक्षुओं को रोजगार दिलाने में सहयोग किया जाता है। कार्यशाला में जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार शेखर कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी बंधन लांग, जिला पंचायती राज पदाधिकारी दीपाली भगत, जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार एवं अन्य उपस्थित थे।

### प्रशिक्षित आवेदकों को दिया गया प्लेसमेंट पत्र

**बालूमाथ।** चेताग पंचायत भवन परिसर में कौशल विकास जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि कौशल विकास जिला प्राधिकारी मृदुला कुमारी, बीडीओ ललिता बाख्ला एवं अभिषेक कुमार तथा कौशल विकास मिशन सोसाइटी के सूरज कुमार और पंकज कुमार तथा बालूमाथ प्रखंड श्रमिक मित्र लालदेव गंझु उपस्थित रहे। इस मौके पर प्रशिक्षण प्राप्त आवेदकों के बीच प्लेसमेंट पत्र वितरण किया गया। इस मौके पर राजेंद्र साव, पंचायत समिति सदस्य ईश्वरी पासवान, चेताग पंचायत श्रमिक मित्र देवंती देवी, आबुद्रता अंसारी आदि उपस्थित रहे।



# गरीबों के जीवन को उन्नत बनाने का कार्य कर रही है सरकार : मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
झारखंड स्टेट लाइवहुड प्रमोशनल सोसाइटी (जेएसएलपीएस) द्वारा दीनदयाल उपाध्याय-ग्रामीण कौशल योजना के तहत कौशल विकास के विभिन्न आयामों पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला परिषद स्तिथ सभागार में किया गया। इसका उद्घाटन श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता सहित अन्य उपस्थित गणमान्य अतिथियों द्वारा सयुंक्त रूप से किया गया।

कार्यक्रम में मंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार लगातार जेएसएलपीएस के साथ विभिन्न योजनाओं द्वारा गरीबों के जीवन को उन्नत बनाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कई कल्याणकारी योजनाओं को लाया गया है और योग्य लाभुकों तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। वहीं कार्यशाला में बताया गया



कि डीडीयू-जीकेवाई का लक्ष्य गरीब ग्रामीण युवाओं को कौशल और रोजगार प्रदान करना है, जिनकी मासिक आय न्यूनतम से भी कम है। कार्यक्रम में मंत्री एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले जॉब रिसोर्स पर्सन और ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर जेएसएलपीएस को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, सांसद प्रतिनिधि निर्भय ठाकुर, अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी समेत अन्य पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, पीआईए सदस्य उपस्थित थे।

# शहर में आदित्य विजन के 109वें स्टोर का उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
शहरी क्षेत्र के मिशन चौक के समीप नवनिर्मित आदित्य विजन के 109वें नए शोरूम का भव्य शुभारंभ किया गया। इसका उद्घाटन आदित्य विजन के निदेशक निशांत प्रभाकर समेत अन्य अतिथियों ने किया। इस मौके पर निदेशक ने कहा कि अपनी लगन और कर्मठता से आदित्य विजन आज अपने 109वां शोरूम शुरू कर रहा है। आदित्य विजन का एक ही संकल्प है कि अपने ग्राहकों की सुविधा का निरंतर ख्याल रखना। आदित्य विजन बिहार और झारखंड एवं उत्तर प्रदेश का इलेक्ट्रॉनिक रिटेल चैन है। जहा विभिन्न कंपनियों के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का संगम स्थल है। जहां ग्राहकों को उनकी पसंद के अनुसार हर प्रकार का घरेलू उपकरण या इलेक्ट्रॉनिक उपकरण अच्छी कीमतों में प्राप्त होंगे। मौके पर श्वेता केशरी, अरविंद कुमार, प्रियंका शर्मा समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### पुलिस अधीक्षक ने लोगों को पढ़ाया ट्रैफिक नियम, कई वाहनों को जब्त किया

# सड़क पर उतरे एसपी रामकुमार, चलाया वाहन जांच अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
शहरी क्षेत्र के पावर गंज चौक में लोहरदगा एसपी आर रामकुमार की अगुवाई में वाहन जांच अभियान चलाया गया। इसका नेतृत्व खुद एसपी आर रामकुमार सड़कों पर उतरकर कर रहे थे। उनके साथ एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह, सदर थाना प्रभारी अनिल उरांव, एसआई संतोष कुमार यादव, अभिषेक तिवारी समेत अन्य थाना व ट्रैफिक जवान मौजूद थे।

इस दौरान एसपी ने बिना हेलमेट पहने व बिना सीट बेल्ट लगाए वाहनों को जब्त किया, जबकि हेलमेट पहने व सीट बेल्ट लगाए लोगों को टॉफी देकर उत्साहित किया। कहा कि आप जागरूक नागरिक होने का कार्य कर रहे हैं। ऐसे ही अपने आसपास के लोगों को जागरूक करने का कार्य करें। इस दौरान उन्होंने लोगों को ट्रैफिक नियमों से वाहन चलाने की सलाह दी। एसपी ने कहा कि सड़कों पर वाहन चलाने से पूर्व हेलमेट पहनना सुनिश्चित करें। सड़क सुरक्षा के प्रति सचेत और जागरूक बनें। वाहन चलाते समय मोबाइल का इस्तेमाल कभी नहीं करें और हमेशा सीट बेल्ट लगाकर गाड़ी चलायें। इधर एसपी के द्वारा वाहन जांच अभियान चलाने को लेकर पावर गंज चौक पर अफरा तफरी का माहौल बन गया। जो लोग बिना हेलमेट के थे वे दूर से ही इधर उधर भागते नजर आए। लगभग दो दर्जन से अधिक वाहनों को जब्त किया गया जिनमें कुछ वाहनों का चालान काटने के बाद छोड़ दिया गया। खबर लिखे जाने तक लगभग 34000 वाहनों का चालान काटा गया था। वहीं टीनएजर भी बिना हेलमेट के बाइक चलाते पकड़े गए जिस पर एसपी ने साफ तौर पर कहा कि अभिभावक को बुलाकर थाने में फटकार लगाई जाएगी और चालान काटा जाएगा। ये लोग अपने बच्चों के हाथ में गाड़ी देकर उनके जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को बाइक नहीं दे। टीनएजर के हाथों में गाड़ी देने से सड़क दुर्घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है। अपने परिवार की सुरक्षा आपके हाथों में है।

### मेगा लीगल इम्पावरमेंट कैंप में बोले जिला सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल

# न्यायालय का मुख्य कार्य विवादों का निपटारा



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल ने कहा कि न्यायालय का मुख्य कार्य विवादों का निपटारा है। विवादों के निपटारे के लिए डालसा पूरी तरह प्रयासरत है। जिनको किन्हीं प्रकार की विधिक सहायता चाहिए वे डालसा कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। किसी भी मुकदमा से पूर्व और मुकदमा के बाद भी विधिक सहायता डालसा की ओर से दी जाती है। पाल शनिवार को जिला प्रशासन और डालसा, लोहरदगा की ओर से नगर भवन, लोहरदगा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि निःशुल्क विधिक सहायता एक लक्षित वर्ग समूह को दी जाती है जिसमें महिला, बच्चे, अनुसूचित जनजाति वर्ग, सैनिक, बाढ़ से ग्रसित व्यक्ति, तीन लाख रुपये से कम आय वाले व्यक्ति शामिल है। विधिक सहायता के लिए लीगल एंड डिफेंस काउंसिल का भी गठन किया गया है। जिला स्तरीय कार्यक्रम में डालसा सचिव, संबंधित विभागों के पदाधिकारी व लाभुक उपस्थित थे।

**मन का मिलन पखवाड़ा 29 मई से :** पाल ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार कार्यालय में मन का मिलन पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन 29 मई से 14 जून, 2023 तक किया जाएगा। इसमें जागरूकता कार्यक्रम होंगे, परामर्श सेवाएं दी जाएंगी, दृश्य-श्रव्य माध्यम से मध्यस्ता की जाएगी/लोक अदालत पर सफल कहानियाँ दिखायी जाएंगी। मध्यस्थता की विशेषता यह रहेगी कि सभी बातें गोपनीय रहेंगी, समय, धन तथा व्यक्तिगत संबंध की रक्षा होगी। इस पखवाड़ा में परामर्श हेतु मध्यस्थ से, पुलिस अधिकारी से और सचिव डालसा से प्रातः सात बजे से दोपहर 12 बजे तक मिला जा सकता है। अपने मामलों के निपटारा के लिए कोई भी संपर्क कर सकते हैं।

**अधिकतर घरेलू मामले मध्यस्थता से सुलझाए जा सकते हैं :** प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय सुभाष ने कहा कि परिवार के झगड़े या घरेलू मामले मध्यस्थता के जरिये आसानी से सुलझाए जा सकते हैं। एक बार न्यायालय में मामला आने के बाद हम अंतिम निर्णय से पूर्व कोशिश करते हैं कि घरेलू मामला का अंत सुखद हो और संबंध/ विवाह विच्छेद ना हो। अगर आप स्वयं चाहेंगे तो मामला कोर्ट में नहीं उलझेगा।

**कानून का लाभ के लिए जानकारी जरूरी :** पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने कहा कि डालसा की ओर से यह प्रयास सराहनीय है। जब लोगों को कानून की जानकारी होगी तो वे आसानी से कानून संबंधी लाभ ले सकेंगे। आप जानकारी लें और लोगों के बीच भी प्रचारित करें। आज क्राइम करने का तरीका बहुत ही एडवांस है इसलिए आप अपडेट रहें।

**लीगल कैंप का लाभ उठाएं :** अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने कहा कि आप सभी इस लीगल कैम्प का फायदा उठाएं। डालसा की ओर से समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। मन का मिलन पखवाड़ा कार्यक्रम डालसा कार्यालय, लोहरदगा में 29 मई से 14 जून 2023 तक आयोजित किया जाएगा। आप की जो भी समस्या है जो मध्यस्थता के जरिये सुलझाई जा सकती है, आप इस पखवाड़ा के दौरान डालसा कार्यालय पहुंचें और लाभ लें।

**परिसंपत्तियों का किया गया वितरण :** शिविर में अलग-अलग विभागों की ओर से परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। इसमें सदर प्रखंड की ओर से 05 लाभुकों के बीच मनरेगा जॉब कार्ड, 05 लाभुकों के बीच बिरसा संवर्धन कूप और बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत आम बागवानी, कृषि विभाग की ओर से 05 लाभुकों के बीच 20-20 किग्रा मूंगफली बीज, 05 लाभुकों के बीच सर्वजन पेंशन योजना, भूमि संरक्षण विभाग की ओर से 04 लाभुकों के बीच पम्पसेट, पशुपालन विभाग की ओर से मुख्यमंत्री पशुधन योजना अंतर्गत मेडिकल किट, बैंक ऑफ इंडिया की ओर से मुद्रा ऋण अंतर्गत जेएसएलपीएस की 34 सखी दीदियों के बीच 26.50 लाख रुपये का ऋण और क्रेडिट लिंकेज अंतर्गत जेएसएलपीएस की 21 सखी मंडल के बीच 52.50 लाख रुपये का क्रेडिट लिंकेज किया गया।

# आंधी व बारिश में ढहा गरीब का आशियाना, परिवार हुआ बेघर

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**
बीती शाम बारिश और आंधी की चपेट में आने से भंडरा प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों के ग्रामीणों का आशियाना ढह गया। अचानक ढहे मकान की चपेट में गृहस्वामी की 50 हजार से अधिक की सामग्री, खाने पीने की वस्तुएं बर्बाद हो गईं। बेघर हुए परिवार के लोग पड़ोसियों के घर का सहारा ले रहे हैं । प्रखंड के उदरंगी निवासी मकदुम अंसारी बीती शाम परिवार के साथ घर पर था। अचानक तेज हवा व बारिश की चपेट में उसका मकान लगे अलबेस्टर को तेज हवा उड़ा कर दूर ले गया। वह परिवार को लेकर किसी तरह सुरक्षित बाहर निकल पाया। चार कमरों के मकान मे गृहस्थी, खाने पीने की वस्तुएं, कपड़े और कृषि उपकरण बारिश व दिवार के मलबे मे दब कर बर्बाद हो गया। पड़ोसियों ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। मामले की जानकारी तत्काल राजस्व कर्मी को दी गई। बेघर हुए मकदुम अंसारी व उसका परिवार पड़ोसियों के घर में शरण लिए हुए हैं। वंही भंडरा पंचायत अंतर्गत ओकील अम्बवा निवासी मंगरा उरांव का घर का अल्बेस्ट्स आंधी और बारिश की वजह से उड़ गया इसमें मंगरा उरांव का करीब बीस हजार रुपये का नुकसान हुआ है।



# सभी प्रखंडों में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन





**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा एवं जिला प्रशासन के विभिन्न इकाइयों के संयुक्त प्रयत्न से लोहरदगा जिले के सभी सातों प्रखंडों में मेगा विधिक सशक्तिकरण - सह- विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। लोहरदगा के विभिन्न प्रखंडों में इस निमित्त न्यायिक पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। टाउन हॉल में कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश -सह- अध्यक्ष डालसा राजेंद्र बहादुर पाल, प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय श्री सुभाष, जिले के आरक्षी अधीक्षक -सह- सदस्य डालसा आर रामकुमार, डालसा सचिव राजेश कुमार एवं अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर डालसा अध्यक्ष ने कहा कि सरकार एवं न्यायपालिका का हमेशा से यह प्रयत्न रहा है कि कानूनों एवं विभिन्न योजनाओं का लाभ देश के प्रत्येक नागरिकों को मिले। इसी उद्देश्य से लोहरदगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार समय-समय पर विद्यालयों में, हाट बाजार में एवं गांव गांव जाकर ना सिर्फ उनके समस्याओं को सुनती है। अपितु उन्हें जागरूक करते हुए समस्या समाधान करने का प्रयास भी कराती है। वहीं डालसा सदस्य सह पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने कहा कि ऐसे आयोजनों से लोगों को सीधा लाभ मिलता है। वहीं अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने लोहरदगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए मध्यस्थता से विवादों के निपटारे पर बल दिया। जिले में लाभुकों के बीच करोड़ों रुपये की परिसंपत्ति का वितरण किया गया। 2000 से ज्यादा लोगों ने भाग लिया। प्रखंड परिसर लोहरदगा में दिनभर कार्यक्रम को लेकर चहल-पहल बनी रही। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, हुटाप गांव में पसरा सन्नाटा

**किस्को।** जिले के किस्को थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पाखर के ग्राम हुटाप निवासी का रामलाल उरांव का 25 वर्षीय पुत्र सड़क दुर्घटना में बूरी तरह से घायल हो गया था। जिसे इलाज हेतु तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किस्को ले जाया गया जहां पर डॉक्टरों ने स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया। इधर सदर अस्पताल में युवक का इलाज के दौरान मृत्यु हो गया। जानकारी के मुताबिक प्रमोद उरांव अपने घर से साप्ताहिक शनिवार बाजार जा रहा था इसी दौरान यह हादसा हुआ है।

# फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन की अनुमंडलीय स्तर की बैठक हुई

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर (गुमला)**
चैनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित लुथेरान बगीचा मे फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन की अनुमंडल स्तर की बैठक फेयर प्राईस शॉप डीलर एसोसिएशन गुमला के जिला अध्यक्ष अरखिता नंद देवधरिय की अध्यक्षता में हुई। इसमे चैनपुर, डुमरी व अ ए जारी प्रखड के ज वि प्र दुकानदार उपस्थित रहे। मौके पर उपस्थित जिला सचिव तनवीर नाज ने कहा कि हमारे दुकानदार भाई एवं महिला समूह के दुकानदार माताएं एवं बहनें कठिन परीश्रम करते हुए सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का संचालन करते हैं और देश के अंतिम व्यक्ति तक खाद्यान्न मुहैया करने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं लेकिन हमें हमारे परिश्रम का उचित मानदेय सरकार अब तक तय नहीं कर पाई है, जिससे हमारी समस्या बहुत बढ गई है। हमारे एकजुट संघर्ष का ही परिणाम है कि जुलाई माह में राष्ट्रीय स्तरीय वार्ता के लिए सरकार ने हमें बुलाया है। अंत में उसके बाद तीनों प्रखंड के दुकानदारों से उनकी समस्याओं को जाना गया जिसपर जल्द ही समाधान होने की बात हुई। इस बैठक में रायडीह प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष जगदीश सिंह, गणेश केशरी, सत्यनारायण नंद, परवेज आलम, अख्तर अली, रंजन कुमार, शेख हसन,उषा मिंज सहित तीनों प्रखंड के कई दुकानदार उपस्थित रहे।



### स्मृति शेष — कांग्रेसियों ने मनाई प्रथम प्रधानमंत्री की पुण्यतिथि

# पुण्यतिथि पर याद किए गए पंडित नेहरू

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
राजेंद्र भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय में देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि शनिवार को जिला अध्यक्ष सुखेर भगत की अध्यक्षता में मनाई गई। इस दौरान कांग्रेसियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धासुमन अर्पित करने के पश्चात कांग्रेसियों ने कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू न सिर्फ भारत के प्रधानमंत्री थे, बल्कि वे आधुनिक भारत के निमार्ता थे। उन्होंने ऐसे समय पर हिन्दुस्तान का नेतृत्व किया जब देश टूट चुका था। सामाजिक ताना-बाना बिखर चुका था। आजादी के बाद पहले प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने देश को एकजुटता में बांधते हुए विकास का मार्ग प्रशस्त किया। उनके पदचिन्हों पर चलकर ही हम उन्हें सच्ची श्रद्धाजंलि अर्पित कर सकते हैं। मौके पर कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शकील अहमद, प्रदेश डेलीगेट नेसार अहमद, विधायक प्रतिनिधि निशिथ जायसवाल, मोहन दुबे, हाजी सदरूल अंसारी, कांग्रेस के फहद खान, युवा जिला अध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, कुणाल अभिषेक, महिला कार्यकारी अध्यक्ष अमृता उरांव, शुशील देवी, बबीता देवी, जमील अंसारी, सैफ अहमद, कैश आलम, पंसस राजमनी उरांव, परवेज सिद्दीकी, शंभु प्रजापति, चमन नगेशिया, तनवीर गौहर, दीपक ठाकुर, नंदकिशोर शुकला आदि बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद थे।



## कांग्रेसी वज्रपात से घायल मरीजों से मिले

जिला कांग्रेस कमिटी लोहरदगा के अध्यक्ष सूखैर भगत एवं पदाधिकारियों द्वारा वज्रपात से घायल सदर अस्पताल में ईलाजरत लोगों से मुलाकात कर उनके स्वस्थ्य की जानकारी ली एवं डॉक्टर से मिल कर उन्हें अच्छी स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। 26 मई को जिले के पाखर ग्राम के जलेश्वर नगेशिया, गुमला नगेशिया एवं अरेया ग्राम के रोहित कुमार वज्रपात से घायल हो गए थे। इस मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि सह जिला उपाध्यक्ष निशीथ जायसवाल, जिला महासचिव सदरुल अंसारी, सचिव सोहराब अंसारी ,चमन नगेशिया आदि शामिल थे।

## राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन ने सीएम के नाम मांगपत्र सौपा

**लोहरदगा।** प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन लोहरदगा के युवा जिलाध्यक्ष आदित्य साहू के द्वारा मुख्यमंत्री के नाम लोहरदगा उपायुक्त को एक ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया है कि झारखंड के तेली समाज सहित सम्पूर्ण पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग के संवैधानिक अधिकारों की उपेक्षा केंद्र और राज्य सरकारें करतीं आ रहीं है। विगत दिनों राज्य सरकार द्वारा आरक्षण रोस्टर प्रकाशित की गई थी, जिसमे पिछड़ा जाति और अति पिछड़ा जाति को सात जिला में शून्य एवं शेष जिला में न्यूनतम कर दी गई है। मौके पर बिरेंद्र साहू, आशीष साहू, शेखर साहू, राकेश कुमार, अंकित कुमार, अकाश साहू, उपस्थित थे।



# विधायक शिल्पी नेहा तिर्की कांग्रेस कार्यकर्ताओ से मिलीं

**नवीन मेल संवाददाता। घाघरा**
मांडर विधायक शिल्पा नेहा तिर्की महुआडांड़ से लौटने के क्रम में घाघरा चाहत होटल के प्रांगण में कांग्रेसी कार्यकताओं के साथ बैठक कर जन समस्याओं पर चर्चा की। इस अवसर पर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की का स्वागत घाघरा प्रखंड कांग्रेसियों ने प्रखंड प्रमुख सविता देवी के अगुवाई में किया। इस दौरान विधायक शिल्पी नेहा तिर्की को घाघरा प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अरुण पांडे द्वारा घाघरा में लचर स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार के साथ एंबुलेंस सुविधा दुरुस्त कराने बैंक ऑफ इंडिया घागरा एकमात्र शाखा रहने के कारण एक अन्य किसी भी बैंक शाखा की स्थापना कराने की मांग रखी। साथ ही साथ संगठन की मजबूती पर चर्चा की गयी। विधायक शिल्पा नेहा तिर्की ने सभी कार्यकताओं को क्षेत्र में पूरे दमखम के साथ कार्य करते हुए आगामी लोकसभा चुनाव के लिए तैयारी में जुट जाने की बात कही। साथ ही कहा कि कांग्रेस पार्टी के सभी पदाधिकारी ग्राम एवं बूथ स्तर पर कमेटी को मजबूत कर जन समस्याओं के निराकरण के लिए हमेशा तत्पर रहें। मौके पर प्रखंड प्रमुख सविता देवी, प्रखंड अध्यक्ष अरुण पांडे, कांग्रेसी नेता कृष्णा कुमार लोहरा, दिलबहार अंसारी, नसीम अंसारी, घुड़ा उरांव, शहजाद खान, कामाख्या भगत, विजय उरांव, संदीप मिंज, देवा उरांव, बलि राम सहित कई लोग मौजूद थे।



## कार्यशाला में बच्चों को विभिन्न कौशलों के बारे में बताया गया

**चैनपुर(गुमला)।** चाइल्डफंड इंटरनेशनल की ओर से शनिवार को चैनपुर ब्लॉक के पंचायत भवन में 21वीं सेंचुरी कौशल विषय पर उड़ान फेलो के लिए एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें 25 बच्चियों ने भाग लिया। इस कार्यशाला का उद्देश्य था बच्चों को 21वीं सदी के कौशलों में तैयार करना। चाइल्डफंड के वरिष्ठ अधिकारी प्रोग्राम मिथुन नाथ, संसाधन व्यक्ति आर्यन गर्ग, बचपन बचाओ आंदोलन जिला समन्वयक नेहा तिवारी और अन्य लोग भी इस कार्यशाला में शामिल हुए। इस कार्यशाला में बच्चों को उड़ान के बारे में बताया गया और उन्हें इसके लिए आवश्यक कौशलों का अभ्यास कराया गया। इस कार्यशाला में बच्चों को टीम वर्क, समस्या समाधान, नए विचारों का विकास और नए तकनीकों का अभ्यास कराया गया। इसके अलावा बच्चों को अपनी भावनाओं को समझने और उन्हें व्यक्त करने के लिए भी ट्रेनिंग दी गई।

# गोफर्स्ट मामले में हाईकोर्ट में अब 30 मई को सुनवाई




**एजेंसी। नई दिल्ली**
दिल्ली हाईकोर्ट में गोफर्स्ट एयरलाइन से एयरक्राफ्ट वापस लेने के मामले में अब 30 मई को सुनवाई होगी। शुक्रवार को हुई सुनवाई में ग्रोफर्स्ट को लीज पर एयरक्राफ्ट देने वाली कंपनियों यानी लेसर्स ने अपने विमान वापस लेने के लिए हाईकोर्ट से मांग की। लेसर्स ने कहा कि विमान उनके हैं और इसे 5 दिनों में डीरजिस्टर कर दिया जाना चाहिए। इससे पहले गुरुवार को जज प्रतिभा एम सिंह ने सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था। जिन लेसर्स ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है, उनमें एसिपिटल इन्वेस्टमेंट्स एयरक्राफ्ट 2 लिमिटेड, एडर एविएशन 12 (आयरलैंड) लिमिटेड, पेमब्रोक एयरक्राफ्ट लीजिंग 11 लिमिटेड और स्टइउ एविएशन कैपिटल लिमिटेड शामिल हैं। लेसर्स ने हाईकोर्ट से उऋछअ को गो फर्स्ट के दिए एयरक्राफ्ट को डी रजिस्टर करने का आदेश देने का आग्रह किया है। उधर गो फर्स्ट ने अपनी सभी फ्लाइट को 28 मई तक के लिए सस्पेंड कर दिया है। जिन लोगों ने पहले से टिकट बुकिंग कर रखी थी एयरलाइन उन्हें टिकटों का पैसा भी लौटा रही है। रिफंड ओरिजिनल पेमेंट मोड के जरिए किया जा रहा है। मतलब, जिन लोगों ने क्रेडिट कार्ड के माध्यम से टिकट का पेमेंट किया है, उनके क्रेडिट कार्ड स्टेटमेंट में रिफंड दिखाई देगा। वहीं जिन्होंने वढक और नेट बैंकिंग से पेमेंट किया है, उन्हें रिफंड सीधे उनके अकाउंट में मिलेगा। सुनवाई के दौरान लेसर्स में से एक एडर एविएशन 12 (आयरलैंड) लिमिटेड की ओर से सीनियर एडवोकेट दयान कृष्णन ने जस्टिस तारा वितस्ता गंजू की सिंगल जज बेंच से कहा कि हम लेसर्स हैं। एनसीएलटी में गो फर्स्ट की दिवालिया याचिका से पहले हमने लीज टर्मिनेट कर दी थी। इन्सॉल्वेंसी बैंकरप्सी कोड या डीरजिस्ट्रेशन के संबंध में कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है। रोहतगी ने कहा कि विमानों को 5 दिनों में डीरजिस्टर कर दिया जाना चाहिए। हाईकोर्ट में एक घंटे से ज्यादा समय तक सुनवाई के बाद मामले को 30 मई के लिए लिस्ट कर दिया गया। गो फर्स्ट एयरलाइन ने 2 मई 23 को अचानक ऐलान किया कि वो अपनी फ्लाइट्स 3, 4 और 5 मई के लिए कैंसिल कर रही है। इसके बाद फ्लाइट सस्पेंशन बढ़ाकर 9 मई कर दिया गया। फिर इसे 12 मई, 19 मई, 23 मई, 26 मई और 28 मई कर दिया गया। एयरलाइन के पास फ्यूल भराने का भी पैसा नहीं है। गो फर्स्ट की वेबसाइट के अनुसार एयरलाइन एक समय रोजाना 27 डोमेस्टिक और 8 इंटरनेशनल डेस्टिनेशन के लिए 200 से ज्यादा फ्लाइट ऑपरेट करती थी।

## हाइब्रिड सुपरकार 'मैकलारेन आटुर्रा' भारत में लॉन्च

**नई दिल्ली।** ब्रिटिश लग्जरी कार मेकर मैकलारेन ऑटोमोटिव ने आज भारत में अपनी नई हाइब्रिड सुपरकार (आटुर्रा) लॉन्च कर दिया है। कंपनी ने इस सुपरकार की दिल्ली एक्स-शोरूम कीमत लगभग 5.1 करोड़ रुपए रखी है। मैकलारेन आटुर्रा को कंपनी ने कार्बन लाइटवेट आर्किटेक्चर से बनाया है। इसी वजह से कार का कर्व वेट केवल 1,498 किग्रा है। कंपनी का दावा है कि ये कार मात्र 3 सेकेंड में 0 से 100 केएम/एच और मात्र 8.3 सेकेंड में 200 केएम/एच की स्पीड पर अचीव कर सकती है। मैकलारेन आटुर्रा में 2993 सीसी का 3.0 लीटर, ट्विन टर्बो वी6 इंजन दिया गया है, जिसे 8 स्पीड ऑटोमेटिक गियरबॉक्स के साथ ट्यून किया गया है। यह इंजन 680बीएचपी की पावर और 720 एनएम का पीक टॉर्क जनरेट करता है। इसके साथ ही सुपरकार में इलेक्ट्रिक मोटर और 7.4केडब्ल्यूएच का बैटरी पैक दिया गया है, जो 31 किलोमीटर की रेंज देता है। यह मोटर 94बीएचपी का पावर और 225 ठे का पीक टॉर्क जनरेट करता है।


## कार्यालय जिला परिषद, पलामू

Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

**शुद्धि-पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा ज्ञापांक 634/जि0प0, दिनांक 24.05.2023 के माध्यम से प्रकाशित अतिअल्पकालिन ई–निविदा आमंत्रण सूचना (ई संख्या– DOPR/CEO/ZP/Palamu 04/2023-24) जिसका PR No.- 298286 है, मैं आंशिक संशोधन करते हुए क्रमांक 10 की योजना "प्रखण्ड छतरपुर में प्रखण्ड कार्यालय के समीप मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण" एवं क्रमांक 11 की योजना "जिला परिषद पलामू के कार्यालय भवन के उन्नयन/मरम्मति" को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जिला परिषद, पलामू

PR 298459 District (23-24)_D


# अब बैंक में एफडी पर मिलेगा ज्यादा ब्याज




**एजेंसी। नई दिल्ली**
बैंक ऑफ इंडिया ने फिक्स्ड डिपॉजिट पर मिलने वाले ब्याज में बढ़ोतरी की है। अब 1 साल की एफडी पर बैंक आम नागरिकों को 7% और वरिष्ठ नागरिकों को 7.50% ब्याज दे रहा है। ये नई ब्याज दरें 2 करोड़ से कम की एफडी पर लागू हुई हैं। वरिष्ठ नागरिकों को 3 साल से कम की एफडी पर आम नागरिकों के मुकाबले 0.50% ज्यादा ब्याज दिया जा रहा है। वहीं 3 साल या इससे ज्यादा की एफडी पर आम नागरिकों के मुकाबले 0.75% ज्यादा ब्याज दिया जा रहा है। एफडी से मिलने वाला ब्याज पूरी तरह से टैक्सेबल होता है। आप एक साल में एफडी पर जो भी ब्याज कमाते हैं, वो आपकी एनुअल इनकम में जुड़ता है। कुल आय के आधार पर, आपका टैक्स स्लैब निर्धारित किया जाता है। चूंकि एफडी पर अर्जित इंटरेस्ट इनकम को इनकम फ्रॉम अदर सोर्सेज माना जाता है, इसलिए इसे टैक्स डिडक्टेड एट सोर्स या टीडीएस के तहत चार्ज किया जाता है। जब आपका बैंक आपकी ब्याज आय को आपके अकाउंट में जमा करता है, तो उसी समय टीडीएस काट लिया जाता है। यदि आपकी कुल आय एक वर्ष में 2.5 लाख रुपए से कम है, तो बैंक फिक्स्ड डिपॉजिट पर टीडीएस नहीं काटता है। हालांकि, इसके लिए आपको फॉर्म 15जी या 15एच जमा करना पड़ेगा। ऐसे में अगर आप टीडीएस बचाना चाहते हैं तो फॉर्म 15जी या 15एच जरूर जमा करें। यदि सभी एफडी से आपकी इंटरेस्ट इनकम एक वर्ष में 40,000 रुपए से कम है, तो टीडीएस नहीं काटा जाता है। वहीं अगर आपकी ब्याज आय 40,000 रुपए से अधिक है तो 10% टीडीएस काटा जाएगा। पैन कार्ड नहीं देने बैंक 20% काट सकता है। 40,000 से ज्यादा इंटरेस्ट इनकम पर टीडीएस काटने की यह लिमिट 60 साल से कम उम्र के लोगों के लिए है। वहीं 60 साल से ज्यादा उम्र, यानी सीनियर सिटिजन की एफडी से 50 हजार रुपए तक की आय टैक्स फ्री होती है। इससे ज्यादा आय होने पर 10% टीडीएस काटा जाता है। अगर बैंक ने आपकी एफडी इंटरेस्ट इनकम पर टीडीएस काट लिया है और आपकी कुल आय इनकम टैक्स के दायरे में नहीं आती है तो आप काटे गए टीडीएस को टैक्स फाइल करते समय क्लेम कर सकते हैं।

## इस हफ्ते सोने-चांदी में बड़ी गिरावट

**नई दिल्ली।** इस हफ्ते सोने-चांदी के दामों में गिरावट देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के अनुसार सरार्फा बाजार में इस हफ्ते की शुरूआत, यानी 22 मई को सोना 60,760 रुपए पर था जो अब 27 मई को 60,142 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 618 रुपए घटी है। वेबसाइट के अनुसार इस हफ्ते चांदी में डेढ़ हजार रुपए से ज्यादा की गिरावट देखने को मिली है। इस हफ्ते की शुरूआत में ये 72,095 रुपए पर थी जो अब 70,500 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 1,595 रुपए कम हुई है। अजय केडिया के मुताबिक, सोने में 2020 से शुरू सुपर साइकिल अब भी जारी है। इस साल सोना 62,000 तक पहुंचने का अनुमान था, लेकिन मौजूदा परिस्थितियों में ये 64,000 तक पहुंच सकता है। सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट अनुज गुप्ता कहते हैं कि शेयर बाजार में जारी उतार-चढ़ाव के कारण सोने को सपोर्ट मिल रहा है। इसके चलते इस साल के आखिर तक सोना 65 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। नए नियम के तहत एक अप्रैल यानी आज से छह डिजिट वाले अल्फान्यूमेरिक हॉलमार्किंग के बिना सोना नहीं बिकेगा।

# निसान मैग्नाइट गीजा एडिशन भारत में लॉन्च




**एजेंसी। नई दिल्ली**
निसान इंडिया ने अपनी सब-कॉम्पैक्ट रवश मैग्नाइट के स्पेशल एडिशन को भारत में लॉन्च कर दिया है। कंपनी ने न्यू मैग्नाइट गीजा एडिशन को 7.39 लाख रुपए के दिल्ली एक्स-शोरूम कीमत में पेश किया है। कंपनी के अनुसार, मैग्नाइट गीजा एडिशन जापानी थिएटर और वहां की एक्सप्रेसिव म्यूजिकल से इंस्पायर्ड है। मैग्नाइट गीजा एडिशन को ब्लेड सिल्वर, फ्लेयर गार्नेट रेड, स्ट्रॉम व्हाइट, सैंडस्टोन ब्राउन और ओनिक्स ब्लैक के साथ पांच कलर में पेश किया गया है। निसान मैग्नाइट गीजा एडिशन में 999सीसी का 1.0-लीटर नेचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन दिया गया है, जिसे 5-स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स के साथ ट्यून किया गया है। मैग्नाइट के हायर वैरिएंट में मैन्युअल और ऑटोमैटिक गियरबॉक्स का भी ऑप्शन मिलता है। यह इंजन 71बीएचपी की पावर और 96 ठे का पीक टार्क जनरेट करता है। स्टैंडर्ड वेरिएंट के मुकाबले कंपनी ने निसान मैग्नाइट गीजा एडिशन में कई नए फीचर्स एड किए हैं। इसमें वायरलेस एंड्रॉइड ऑटो, जेबीएल स्पीकर, ऐंबिएंट लाइटिंग विथ ऐप बेस्ड कंट्रोल, रियर कैमरा, बेज अपहोल्स्ट्री (ऑप्शनल) और शार्क-फिन एंटीना के साथ 9.0 इंच का टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम शामिल है। इसके साथ ही न्यू मैग्नाइट गीजा एडिशन में ट्रैक्शन कंट्रोल, हिल स्टार्ट असिस्ट, व्हीकल डायनामिक कंट्रोल विथ स्टीयरिंग एक्टिव लर्निंग जैसे कई और सेफ्टी फीचर्स दिए गए हैं।


## कार्यालयः– जिला अभियंता, लातेहार।

**संशोधित सूचना**

इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण संख्या–05/2023–24 प्रकाशित करायी गयी थी जिसका PR. No 298273 Rural Development (23-24)D है। उक्त निविदा में प्रखण्ड बारियातु के अतिरिक्त प्रखण्ड बालूमाथ एवं हेरहंज के निबंधित संवेदक भाग ले सकते है। निविदा के क्रमांक 06 पर अंकित निविदा खोलने की तिथि 02.06.2023 के अपराहन् 03:30 बजे समझा जाए।

शेष शर्ते यथावत रहेंगी।

जिला अभियंता,
लातेहार।

PR 298494 Rural Development(23-24)D


## विदेश

# भूमध्य सागर में 500 शरणार्थियों से भरी नाव लापता




**एजेंसी। वाशिंगटन**
मेडिटेरेनियन सी यानी भूमध्य सागर में 500 शरणार्थियों से भरी एक नाव लापता हो गई है। इस नाव में एक नवजात और एक गर्भवती महिला भी मौजूद है। माइग्रेंट्स की नावों पर नजर रखने वाली संस्था अलार्म फोन ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी है। संस्था के मुताबिक शरणार्थियों से उनकी नाव का आखिरी बार संपर्क बुधवार सुबह हुआ था। उस समय नाव लिबिया के बेंगाजी पोर्ट से 320 और इटली से 400 किलोमीटर की दूरी पर थी। उसका इंजन ठीक से काम नहीं कर पा रहा था। वहीं, इटली के इमरजेंसी एनजीओ ने बताया कि उनकी लाइफ सपोर्ट शिप शरणार्थियों की नाव को 24 घंटे से ढूंढ रही है। हालांकि, उसका कोई पता नहीं चल पाया है। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक इटली के कोस्टगार्ड ने कल यानी गुरुवार को ही दो अलग-अलग ऑपरेशन चलाकर 1094 शरणार्थियों की जान बचाई है। ये लोग भी समुद्र में भटक गए थे। दरअसल, हिंसा वाली जगहों से शरणार्थियों का अपने देश छोड़कर यूरोप आना लगातार जारी है। अंतर्राष्ट्रीय कानून के मुताबिक इन्हें वापस नहीं भेजा जा सकता है। इटली में नावों के जरिए अब तक 47 हजार शरणार्थी आ चुके हैं। जो पिछले साल के मुकाबले 18 हजार ज्यादा है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में खुलासा किया है कि ग्रीस ने अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन कर सोमालिया, इरिट्रिया और इथियोपिया से बचकर ग्रीस में पनाह लेने गए प्रवासियों को बोट में बैठाकर वापस भेज दिया।

## नॉर्थ कोरिया में 2 साल के बच्चे को उम्रकैद

**नॉर्थ कोरिया।** नॉर्थ कोरिया में एक ईसाई परिवार को सिर्फ अपने धर्म का पालन करने और बाइबिल रखने के आरोप में आजीवन कारावास की सजा दे दी गई। सजा पाने वालों में परिवार का 2 साल का बच्चा भी शामिल है। ये खुलासा अमेरिका के स्टेट डिपार्टमेंट की धार्मिक आजादी को लेकर जारी की गई रिपोर्ट में हुआ है। मामला 2009 का बताया जा रहा है। रिपोर्ट में दावा किया है कि नॉर्थ कोरिया में बाइबिल रखने पर लोगों को आजीवन कारावास से लेकर मौत तक की सजा दी जा रही है। 2022 में नॉर्थ कोरिया ने 70 हजार से ज्यादा ईसाइयों को जेल में डाला दिया था। अमेरिका के स्टेट डिपार्टमेंट ने एक एनजीओ 'कोरिया फ्यूचर' से मिली जानकारियों के आधार पर अपनी रिपोर्ट बनाई है। एनजीओ ने दावा किया है कि नॉर्थ कोरिया में ईसाई लोगों को धर्म का पालन करने पर टॉर्चर किया जाता है। उनसे जबरन मजदूरी कराई जाती है और महिलाओं का यौन उत्पीड़न किया जाता है।

# अमेरिका में माता-पिता और भाई-बहन की हत्या की

**एजेंसी। टेक्सास**
अमेरिका के टेक्सास में 18 साल के लड़के ने अपने माता-पिता, बहन और 5 साल के भाई की हत्या कर दी। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। उसने पुलिस को बताया कि उसके परिवार के लोग नरभक्षी थे और उसे खाने की प्लानिंग कर रहे थे। आरोपी का नाम सीजर ओलेड है। घटना टेक्सास के नाश शहर की है। इस परिवार के एक परिचित ने पुलिस को फोन करके घटना के बारे में बताया। मौके पर पहुंची पुलिस ने ओलेड को सरेंडर करने के लिए कहा। इसके बाद घर में जाने पर उन्हें 4 शव मिले। इनमें ओलेड के माता-पिता, बड़ी बहन और 5 साल का एक भाई शामिल था। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने परिवारों वालों पर कई बार गोलियां चलाईं। इसके बाद वह शवों को खींचकर बाथरूम तक ले गया। पूरे घर में कई जगहों पर खून था। पुलिस रिपोर्ट के मुताबिक, आरोपी सीजर ओलेड की मां लिसबेट ओलेड काम पर नहीं गई थीं। इस वजह से उनके साथ काम करने वाले जोसफ फ्लाइडर उनके घर हालचाल लेने पहुंचे। यहां उन्हें दरवाजा खटखटाने पर कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद ओलेड के परिवार का एक सदस्य भी वहां आया। वह जोसफ फ्लाइडर के साथ जबरदस्ती घर में दाखिल हुए तो देखा कि सीजर ने अपने पूरे परिवार को बंदी बना रखा है। उसने घर आए लोगों को भी जान से मारने की धमकी दी। सीजर लगातार अपने घरवालों को नरभक्षी बता रहा था।


## कार्यालयः जिला शिक्षा अधीक्षक, लातेहार

**समाहरणालय परिसर लातेहार**

**कार्यालय-आदेश**

लातेहार जिलान्तर्गत प्रारंम्भिक विद्यालयों शिक्षक/शिक्षिकाओं को सूचित किया जाता है कि विभिन्न ग्रेडो में प्रोन्नति हेतु औपबंधिक मास्टर वरियता सूची तैयार कर जिला के वेबसाईट www.latehar.nic.in पर अपलोड की गई है, तथा उक्त सूची सभी प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कार्यालय में शिक्षकों के अवलोकन हेतु उपलब्ध करा दी गई है। जिले के सभी संबंधित शिक्षक जिला के वेबसाईट एवं प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कार्यालय में उपलब्ध सूची का अवलोकन करते हुए संतुष्ट हो लेंगे कि आपके नाम के सामने अंकित सभी प्रवृष्टी सही एवं सत्य है अंकित प्रवृष्टी में यदि किसी तरह का सुधार की आवश्यकता हो तो अपनी आपत्ति स्पष्ट आवेदन में अंकित करते हुए साक्ष्य सहित नियंत्री पदाधिकारी के माध्यम से जिला कार्यालय को दिनांक 25.06.2023 के अपराहन 5:00 बजे तक उपलब्ध कराना सूनिश्चित करेगे।

औपबंधिक मास्टर वरियता सूची में यदि किसी शिक्षक/शिक्षिका का नाम अंकित नहीं है तो पूर्व में उपलब्ध कराये गए विहित प्रपत्र में सभी प्रविष्टी अंकित करते हुए अपना फोल्डर नियंत्री पदाधिकारी के माध्यम से साक्ष्य सहित उपलब्ध करायेंगे।

ह0/–
जिला शिक्षा अधीक्षक
लातेहार

PR 298509 Human Resource Developement (23-24)_D


## उपलब्धि

### साइंटिस्ट ने दिमाग-रीढ़ की हड्डी के कनेक्शन को जोड़नेवाली डिवाइसस बनाई

# सोचते ही चलने लगा लकवाग्रस्त मरीज

**एजेंसी। बर्न (स्विट्जरलैंड)**
लकवाग्रस्त मरीज अब सोचते ही चल सकेंगे। कोई भी जरूरी काम कर सकेंगे। दरअसल साइंटिस्टों ने एक ऐसी डिवाइस बनाई, जो दिमाग-रीढ़ की हड्डी के कनेक्शन को जोड़ती है और विचारों को एक्शन में बदलती है। इसे 'वायरलेस डिजिटल ब्रिज' नाम दिया गया है। स्विट्जरलैंड के लुसाने स्थित स्विस फेडरल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की टीम ने इस इंटरफेस ब्रिज को तैयार किया है। यह टूट चुकी रीढ़ और दिमाग के बीच के कनेक्शन को फिर जोड़ देता है। ये इलेक्ट्रिक स्विच, टच स्क्रीन की तरह काम करता है, जिसमें संकेत मिलते ही एक्शन होता है। दरअसल दिमाग और रीढ़ के बीच का कनेक्शन जब टूट जाता है तो कोई भी अंग लकवाग्रस्त हो सकता है। इसका प्राकृतिक रूप से से दोबारा जुड़ना मुश्किल है, लेकिन अब यह खोज उन्हें अपने काम करने में मदद करेगी। इसे स्विट्जरलैंड की पब्लिक रिसर्च यूनिवर्सिटी इपीएल ने तैयार किया है। ये डिजिटल ब्रिज एक ब्रेन-स्पाइन इंटरफेस होता है, जो दिमाग और रीढ़ की हड्डी के बीच खोए हुए कनेक्शन को रीस्टोर करने का काम करता है। आसान शब्दों में कहें तो ये 'वायरलेस डिजिटल ब्रिज' डिवाइस लकवाग्रस्त अंग के मूवमेंट को कंट्रोल करने में मदद करता है। इस की मदद से 40 साल के गर्ट-जान ओस्कम, वॉकर के सहारे अपने पैरों पर खड़े हो सके और चल पाए। 2011 में नीदरलैंड के गर्ट-जान ओस्कम का एक्सीडेंट हो गया था। उस दौरान वो चीन में रहते थे। हादसे के बाद वो पैरालाइज्ड हो गए थे। उनके पैरों ने काम करना बंद कर दिया था। वो न तो चल पाते थे और न ही खड़े हो पाते थे। अब डिजिटल इम्प्लांट के जरिए वो अपने दिमाग से ही पैरों को शिफ्ट करने का काम कर सकते हैं। एरढछ के न्यूरोसाइंस के प्रोफेसर ग्रेगोइरे कोर्टाइन ने बताया, 'हमने दिमाग और रीढ़ की हड्डी के बीच एक वायरलेस इंटरफेस बनाने के लिए ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस तकनीक का इस्तेमाल किया। ये तकनीक दिमाग के थॉट को एक्शन में बदल देती है। उन्होंने बताया, 'चलने के लिए दिमाग, रीढ़ की हड्डी को कमांड भेजता है लेकिन रीढ़ की हड्डी में चोट लग जाए तो ये कनेक्शन टूट जाता है। वायरलेस डिजिटल ब्रिज' डिवाइस इसी कनेक्शन को वापस जोड़ने का काम करती है।' न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, गर्ट-जान की इंप्लांट सर्जरी करने वाली न्यूरोसर्जन और प्रोफेसर जॉक्लीने बलोच ने कहा- ये डिवाइस अभी रीसर्च स्टेज में है और लकवाग्रस्त रोगियों के लिए उपलब्ध होने में इसे कुछ साल लग सकते हैं। वहीं, फ्यूचर में पैरों के अलावा हाथों के लिए भी इस डिवाइस का इस्तेमाल किया जा सकता है। उन्होंने कहा- शरीर के पैरेलाइज्ड होने के अलग-अलग कारण हो सकते हैं। ये डिवाइस फिलहाल सिर्फ उन लोगों पर काम कर सकती हैं जो रीढ़ की हड्डी में चोट लगने की वजह से पैरेलाइज हुए हों।


## शपथ पत्र

मैं रीना कुमारी, पति- अरविंद कुमार ग्राम- बारालोटा, पो. जीएलए कॉलेज कैंपस, थाना- सदर मेदिनीनगर, जिला- पलामू, झारखंड की निवासी हूं। मैं शपथ पूर्वक घोषणा करता हूं कि मेरा बेटा प्रतिक रंजन का जन्म तिथि स्कूल में भूलवश 23/11/2015 की जगह 23/11/2014 हो गया है। जबकि मेरा बेटा प्रतिक रंजन का जन्म तिथि सभी कागजात में 23/11/2015 अंकित किया गया है। जो कि सही है।

**शपथ पत्र संख्या : 41/11684 दिनांक : 27/05/2023**

## शपथ पत्र

मैं रीना कुमारी, पति- अरविंद कुमार ग्राम-बारालोटा, पो. जीएलए कॉलेज कैंपस, थाना- सदर मेदिनीनगर, जिला- पलामू, झारखंड की निवासी हूं। मैं शपथ पूर्वक घोषणा करता हूं कि मेरी बेटी कुमारी कृतिका वर्मा का जन्म तिथि स्कूल में भूलवश 24/10/2009 की जगह 24/10/2008 हो गया है। जबकि मेरी बेटी कुमारी कृतिका वर्मा का जन्म तिथि सभी कागजात में 24/10/2009 अंकित किया गया है। जो कि सही है।

**शपथ पत्र संख्या : 41/11683 दिनांक : 27/05/2023**

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### याँत्रिक प्रमण्डल मण्डल(लातेहार) शिविर मेदिनीनगर।

अल्पकालीन ई0–प्रोक्योरमेंट सूचना

**द्वि–लिफाफा पद्धति**

अल्पकालीन ई–निविदा प्रसंग सं0–डब्लू0 आर0 डी0/एम0 डी0 मण्डल/03/2023–24
दिनांक–27/05/23

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Restoration work of New Gates (Emergency and Service gate) embedded parts, Hoisting arrangement, platform & shade C/R gate of Chain no. 10, H/R gate of Chain no. 10 Trash rack of **BUTANDUBA RESERVOIR SCHEME.** |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | 57,31,756 (सनतावन लाख इक्कतीस हजार सात सौ छप्पन) मात्र। |
| 3 | कार्य समाप्ति की अवधि | 10(दस) माह। |
| 4 | अग्रधन की राशि (रुपये में) | रू0 1,14,700.00 (एक लाख चौदह हजार सात सौ) मात्र। |
| 5 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथी एवं समय | 06.06.2023 (05:00 बजे अपराहन् )। |
| 6 | आनलाईन बिड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 12.06.2023 (5:00 बजे अपराहन तक)। |
| 7 | परिमाण विपत्र की राशि एवं अग्रधन की राशि को प्रमण्डलीय कार्यालय में जमा करने की तिथि एवं समय | 13.06.2023 तक (05:00 बजे अपराहन् तक)। |
| 8 | ई–निविदा (Technical Bid) खुलने की तिथि एवं समय | दिनांक 14.06.2023 (03:00 बजे अपराहन)। |
| 9 | निविदा आमंत्रित करने वाले का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, यॉत्रिक प्रमण्डल मण्डल(लातेहार) शिविर मेदिनीनगर। |
| 10 | प्रोक्योरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | 8986668073 |
| 11 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651–249232 |

नोट :– 1. केवल ई– निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
2. विशेष जानकारी के लिए http://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
3. निविदा बिना कारण बताऐं कभी भी संशोधित या रद्द की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
यॉत्रिक प्रमण्डल, मण्डल(लातेहार) शिविर मेदिनीनगर।

PR 298515 District(23-24)D

**एक नजर इधर भी**

## वनमाला : राजकुमारी नायिका से संन्यास तक

***साल 1954*** में भारत सरकार ने राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार देने शुरू किये थे। और इस वर्ष सर्वश्रेष्ठ फिल्म का राष्ट्रपति स्वर्ण कमल पुरस्कार मराठी फिल्म श्यामची आई को दिया गया था। मराठी पत्रकार/ लेखक साने गुरुजी की आत्मकथात्मक कहानी पर बनी इस फिल्म का निर्देशन पीके अत्रे ने किया था और निर्माण अभिनेत्री वनवाला ने। उन्होंने इस फिल्म में स्वयं मां का यादगार अभिनय भी किया था। चालीस और पचास के दशक की मशहूर अभिनेत्री वनमाला (मूल नाम सुशीला पंवार ) की यह अंतिम फिल्म थी। अपने समय की सबसे सुशिक्षित, सुंदर और शालीन इस अभिनेत्री ने इसके बाद अपने पिता के कहने पर फिल्मों से संन्यास लेकर अध्यात्म की शरण ली थी। ग्वालियर के सिंधिया राजघराने के नजदीकी कर्नल रायबहादुर बापूराव आनंदराव पंवार के घर 23 मई, 1915 को उज्जैन में जन्मी वनमाला का बचपन ग्वालियर में राजकुमारों के बीच गुजरा। उन्हें राजघराने के अनुरूप ही पढ़ाने और लिखाने के साथ ही घुड़सवारी, तीरंदाजी, तैराकी, पोलो और शिकार आदि का भी प्रशिक्षण दिया गया। वे कथक और कथकली और मणिपुरी नृत्य में भी पारंगत थी । आगरा विश्वविद्यालय से बीए करने के बाद बाद वह पढ़ाई के लिए बंबई गई। 1935 में अपनी मां की मृत्यु के बाद वे अपनी मौसी के पास पूना चली गईं जो वहां आचार्य अत्रे द्वारा स्थापित स्कूल की प्राचार्य थीं। वे इसी स्कूल में पढ़ाने लगीं। इस स्कूल में मराठी और हिंदी फिल्मों की नामी-गिरामी हस्तियों का आना जाना लगा रहता था। सब उनकी सुंदरता और शालीनता से प्रभावित थे और उन्हें अपनी फिल्मों में लेना चाहते थे लेकिन तब फिल्मों में काम करना बेहद घटिया समझा जाता था और उनका परिवार तो वैसे भी राजपरिवार का नजदीकी था। पर सबके समझाने पर आखिरकार 1936 में उन्होंने नवयुग चित्रपट द्वारा बनाई जा रही लपांडव (आंख-मिचौनी) फिल्म स्वीकार की। इस फिल्म को देखते ही सोहराब मोदी ने तुरंत अपनी फिल्म सिकंदर की नायिका रुखसाना का रोल उन्हें दे दिया। इसके बाद तो सफल फिल्मों का सिलसिला चल पड़ा। चित्र मंदिर की वसंत सेना (शाहू मोडक ) वी. शांताराम की पर्वत पे अपना डेरा, इजरा मीर की बीते दिन ओर वाडिया ब्रदर्स की शरबती आंखें वनमाला के करिअर की अन्य उल्लेखनीय फिल्में हैं। उन्हें उस दौर के तमाम नामी नायकों के साथ काम करने का मौका मिला। पहाड़ी सान्याल (कादंबरी), सुरेंद्र (परिंदें), और मोतीलाल ने फिल्म मुस्कराहट में उनके साथ काम किया। अपनी अंतिम फिल्म श्यामची आई जो कि नायिका प्रधान थी में उन्होंने एक ऐसी मां का रोल निभाया था, जिसका पति एक छोटा बेटा छोड़कर मर जाता है। वह सिलाई कढ़ाई जैसे घरेलू काम कर संघर्ष के साथ बेटे को शिक्षित कर एक बड़ा आदमी बनाने में सफल होती है। इस फिल्म के बाद वनमाला ने फिल्मों से ही नहीं बल्कि अपने जीवन में भी संन्यास ले लिया। बंबई से लौटकर वनमाला पुनः ग्वालियर अपने पिता के घर आकर रहने लगीं । उनके परिवार ने उन्हें माफ कर दिया। अध्यात्म की शरण में जाकर उन्होंने समाज सेवा को जीवन का लक्ष्य बनाया। वृन्दावन में श्री स्वामी हरिदास कला संस्थान की नींव रखी। ब्रज कला केंद्र मथुरा की अध्यक्ष रहीं। अनेक ट्रस्टों की ट्रस्टी रहते हुए शैक्षणिक तथा समाज सुधार के अनेक कार्य किये। अपने संन्यासी जीवन में उनका नया नाम सुशीला बहन था। उम्र के आखिरी पड़ाव (92) तक समाज सेवा में धोखे खाने के बाद भी वे लगातार सक्रिय रहीं। एक समय सफलता और लोकप्रियता के चरम पर रही इस अभिनेत्री ने अपना अंतिम समय बेहद सादगी से बिताया।

**चलते-चलते :** वनमाला के पिता उनके फिल्मों में जाने से बेहद नाराज थे और पूरे परिवार ने उनसे अपना नाता रिश्ता खत्म कर लिया था। कहा जाता है कि जब वे उनकी पहली फिल्म देखने ग्वालियर के रीगल सिनेमा घर में गये और पर्दे पर वनमाला दिखाई दीं तो उन्होंने गुस्से में अपने रिवाल्वर से पर्दे पर गोलियां चला दीं। पर्दा फट गया और हॉल में भगदड़ मच गई । इतना ही नहीं उन्होंने ग्वालियर में उनकी लगने वाली सभी फिल्मों को बैन करवा दिया।

■ **हृदयनारायण दीक्षित**

# स्वतंत्र्यवीर सावरकर व हिन्दू, हिन्दी, हिन्दुस्तान

***स्वातंत्र्यवीर*** सावरकर (विनायक दामोदर सावरकर) की 28 मई को 140वीं जयंती है। वह सारी उम्र हिन्दू, हिन्दी और हिन्दुस्तान के लिए जिये। भारत के महान क्रांतिकारी, स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक, इतिहासकार, राष्ट्रवादी और प्रखर विचारक वीर सावरकर हिन्दू राष्ट्रवाद की राजनीतिक विचारधारा के उन्नयन के प्रथम शिखर पुरुष हैं। वकील, राजनीतिज्ञ, कवि, लेखक और नाटककार वीर सावरकर हिन्दुत्व के पुरोधा हैं। उनके राजनीतिक दर्शन में उपयोगितावाद, तर्कवाद, प्रत्यक्षवाद, मानवतावाद, सार्वभौमिकता, व्यावहारिकता और यथार्थवाद के तत्व हैं। वह सभी धर्मों के रूढ़िवादी विचारों के विरोधी थे। वीर सावरकर का जन्म 28 मई, 1883 को महाराष्ट्र में नासिक के भागुर गांव में मां राधाबाई तथा पिता दामोदर पन्त सावरकर के घर पर हुआ था। इनके दो भाई गणेश (बाबाराव) व नारायण दामोदर सावरकर तथा एक बहन नैनाबाई थीं। वीर सावरकर नौ वर्ष के थे तभी महामारी में उनकी मां का देहान्त हो गया। 1899 में प्लेग की महामारी में उनके पिता भी स्वर्ग सिधार गये। बड़े भाई गणेश ने परिवार के पालन-पोषण का कार्य संभाला। दुख की इस घड़ी में गणेश के व्यक्तित्व का विनायक पर गहरा प्रभाव पड़ा। वीर विनायक ने शिवाजी हाईस्कूल नासिक से 1901 में मैट्रिक की परीक्षा पास की। बचपन से ही वे पढ़ाकू थे। घर में आर्थिक संकट के बावजूद भाई बाबाराव ने विनायक की शिक्षा जारी रखी। इसी दौरान वीर सावरकर नवयुवकों को संगठित करके मित्र मेलों का आयोजन कर राष्ट्रीयता की भावना जागृत करने लगे। साल 1901 में यमुनाबाई के साथ उनका विवाह हुआ। उनके ससुर रामचन्द्र त्रयम्बक चिपलूणकर ने उनकी विश्वविद्यालय की शिक्षा का भार उठाया। 1902 में मैट्रिक की पढ़ाई पूरी करके उन्होंने पुणे के फर्ग्युसन कालेज से बीए किया। इनके पुत्र विश्वास सावरकर एवं पुत्री प्रभात चिपलूनकर थी। 1904 में उन्होंने अभिनव भारत नामक एक क्रांतिकारी संगठन की स्थापना की। 1905 में बंगाल के विभाजन के बाद उन्होंने पुणे में विदेशी वस्त्रों की होली जलाई। बाल गंगाधर तिलक के अनुमोदन पर 1906 में उन्हें श्यामजी कृष्ण वर्मा छात्रवृत्ति मिली। इंडियन सोशियोलाजिस्ट और तलवार नामक पत्रिकाओं में उनके लेख प्रकाशित हुए। यहबाद में कलकत्ता के युगान्तर पत्र में भी छपे। सावरकर रूसी क्रांतिकारियों से ज्यादा प्रभावित थे। 10 मई 1907 को उन्होंने इंडिया हाउस लंदन में प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की स्वर्ण जयंती मनाई। इस अवसर पर विनायक सावरकर ने अपने ओजस्वी भाषण में सप्रमाण 1857 के संग्राम को गदर नहीं अपितु भारत की स्वतंत्रता का प्रथम संग्राम सिद्ध किया। जून 1908 में इनकी पुस्तक द इंडियन वॉर ऑफ इंडिपेंड्स 1857 तैयार हो गई थी। परंतु इसके मुद्रण की समस्या आई। बाद में यह पुस्तक गुप्त रूप से हॉलैंड से प्रकाशित हुई। इस पुस्तक में सावरकर ने 1857 के सिपाही विद्रोह को ब्रिटिश सरकार के खिलाफ स्वतंत्रता की पहली लड़ाई बताया था। मई 1909 में इन्होंने लंदन से बार एट ला (वकालत) की परीक्षा उत्तीर्ण की परन्तु उन्हें वहां वकालत करने की अनुमति नहीं मिली। सावरकर ने लंदन के ग्रेज इन लॉ कॉलेज में प्रवेश लेने के बाद इंडिया हाउस में रहना आरम्भ कर दिया। इंडिया हाउस उस समय राजनीतिक गतिविधियों का केन्द्र था जिसे श्यामा प्रसाद मुखर्जी चला रहे थे। सावरकर ने 1857 की क्रांति पर आधारित पुस्तकों का गहन अध्ययन किया और द हिस्ट्री ऑफ द वॉर ऑफ इंडियन इंडिपेंडेंस नामक पुस्तक लिखी। उन्होंने इस बारे में भी गहन अध्ययन किया कि अंग्रेजों को किस तरह जड़ से उखाड़ा जा सकता है। लंदन में उनकी मुलाकात लाला हरदयाल से हुई। लाला इंडिया हाउस की देखरेख करते थे। 1 जुलाई, 1909 को मदनलाल ढींगरा द्वारा विलियम हट कर्जन वायली को गोली मार दिए जाने के बाद उन्होंने लंदन टाइम्स में एक लेख भी लिखा। मार्च 1910 में वीर सावरकर को तोड़फोड़ और युद्ध के लिए उकसाने से संबंधित विभिन्न आरोपों में गिरफ्तार किया गया और उन्हें मुकदमे के लिए भारत भेजा गया। 24 दिसम्बर, 1910 को उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। एक-दूसरे मुकदमे में उन्हें भारत में एक ब्रिटिश जिला मजिस्ट्रेट की हत्या में उनकी कथित मिलीभगत का दोषी ठहराया गया। इसके बाद 31 जनवरी 1911 को इन्हें दोबारा आजीवन कारावास दिया गया। इस प्रकार वीर सावरकर को ब्रिटिश सरकार ने क्रांति की अलख जगाने के लिए के लिए दो-दो आजन्म कारावास की सजा दी। यह विश्व के इतिहास की पहली एवं अनोखी सजा के रूप में दर्ज है। सजा सुनाए जाने के बाद उन्हें जीवन भर के लिए हिरासत में रखने के लिए अंडमान द्वीप भेज दिया गया। उन्हें 1921 में वहां से वापस भारत लाया गया और 1924 में नजरबंदी से रिहा कर दिया गया। विनायक दामोदर सावरकर को बचपन से ही हिन्दू शब्द से बेहद लगाव था।

**वीर सावरकर नौ वर्ष के थे तभी महामारी में उनकी मां का देहान्त हो गया। 1899 में प्लेग की महामारी में उनके पिता भी स्वर्ग सिधार गये। बड़े भाई गणेश ने परिवार के पालन-पोषण का कार्य संभाला। दुख की इस घड़ी में गणेश के व्यक्तित्व का विनायक पर गहरा प्रभाव पड़ा। वीर विनायक ने शिवाजी हाईस्कूल नासिक से 1901 में मैट्रिक की परीक्षा पास की।**

**इन दिनों**



**रमेश सर्राफ धमोरा**

वीर सावरकर ने जीवन भर हिन्दू, हिन्दी और हिन्दुस्तान के लिए ही काम किया। सावरकर को 1937 में पहली बार हिन्दू महासभा का अध्यक्ष चुना गया। 1938 में हिन्दू महासभा को राजनीतिक दल घोषित कर दिया गया। उन्हें लगातार छह बार अखिल भारतीय हिन्दू महासभा का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। हिन्दू राष्ट्र की राजनीतिक विचारधारा को विकसित करने का बहुत बड़ा श्रेय सावरकर को जाता है। उनकी इस विचारधारा के कारण आजादी के बाद की सरकारों ने उन्हें वह महत्व नहीं दिया जिसके वे वास्तविक हकदार थे। आठ अक्टूबर, 1949 को उन्हें पुणे विश्वविद्यालय ने डी-लिट की मानद उपाधि से अलंकृत किया। 10 नवंबर, 1957 को नई दिल्ली में आयोजित 1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के शाताब्दी समारोह में वे मुख्य वक्ता रहे। आठ नवम्बर, 1963 को उनकी पत्नी यमुनाबाई चल बसीं। सितंबर 1965 से उन्हें तेज ज्वर ने आ घेरा, जिसके बाद उनका स्वास्थ्य गिरने लगा। एक फरवरी 1966 को उन्होंने मृत्युपर्यन्त उपवास करने का निर्णय लिया। भारत के इस महान क्रांतिकारी ने 26 फरवरी, 1966 को आखिरी सांस ली। वीर सावरकर का संपूर्ण जीवन स्वराज्य की प्राप्ति के लिए संघर्ष करते हुए ही बीता। दुनिया के वे ऐसे पहले कवि हैं जिन्होंने अंडमान के एकांत कारावास में जेल की दीवारों पर कील और कोयले से कविताएं लिखीं और फिर उन्हें याद किया। याद की हुई 10 हजार पंक्तियों को उन्होंने जेल से छूटने के बाद पुनः कागज पर लिखा। पांच फरवरी, 1948 को महात्मा गांधी की हत्या के उपरान्त उन्हें प्रिवेंटिव डिटेंशन एक्ट की धारा के अंतर्गत गिरफ्तार कर लिया गया। मुकदमे में अपर्याप्त साक्ष्य के कारण उन्हें बरी कर दिया गया। वीर सावरकर तो भारत रत्न देने की मांग लंबे समय से की जा रही है। संसद में तो उनका चित्र लगाया जा चुका है। **(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।**

# अपने राष्ट्रवादी विचारों की बदौलत हर भारतीय की प्रेरणा है सावरकर

***सन 1921*** में सावरकर को अंडमान से कलकत्ता बुलाना पड़ा। वहां उन्हें रत्नागिरी जेल भेज दिया गया। 1924 को सावरकर को जेल से मुक्त कर रत्नागिरी में ही स्थानबद्ध कर दिया गया। उन्हें केवल रत्नागिरी में ही घूमने-फिरने की स्वतंत्रता थी। सावरकर कहा करते थे- 'काल स्वयं मुझसे डरा है, मैं काल से नहीं। कालेपानी का कालकूट पीकर काल से कराल स्तंभों को झकझोर कर, मैं बार-बार लौट आया हूँ और फिर भी मैं जीवित हूँ, हारी मृत्यु है, मैं नहीं।'- ऐसे अदम्य साहस, महान क्रांतिकारी, दृढ़ राजनेता, ओजस्वी वक्ता व समर्पित समाज सुधारक सावरकर से प्रेरणा प्राप्त कर मातृभूमि के लिए न जाने कितने ही यौवन हंसते हंसते बलिदान हो गये। अपने महापुरुषों का स्मरण व सदैव उनके गुणों को आत्मसात करते हुए आगे बढ़ते रहना, यही भारत की श्रेष्ठ परंपरा है। ऐसे ही अकल्पनीय व अनुकरणीय जीवन को याद करने का दिन है सावरकर जयंती। स्वातंत्र्य विनायक दामोदर सावरकर केवल नाम नहीं, एक प्रेरणा पुंज हैं जो आज भी देशभक्ति के पथ पर चलने वाले मतवालों के लिए जितने प्रासंगिक हैं उतने ही प्रेरणादायी भी। वीर सावरकर अदम्य साहस, इस मातृभूमि के प्रति निश्छल प्रेम करने वाले व स्वाधीनता के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाला अविस्मरणीय नाम है। इंग्लैंड में भारतीय स्वाधीनता हेतु अथक प्रवास, बंदी होने पर भी अथाह समुद्र में छलांग लगाने का अनोखा साहस, कोल्हू में बैल की भांति जोते जाने पर भी प्रसन्नता, देश के लिए परिवार की भी बाजी लगा देना, पल-प्रतिपल देश की स्वाधीनता का चिंतन व मनन, अपनी लेखनी के माध्यम से आमजन में देशभक्ति के प्राण का संचार करना, ऐसा अद्भुत व्यक्तित्व था विनायक सावरकर का। सावरकर ने अपनी नजरबंदी के समय में अंग्रेजी व मराठी के अनेक मौलिक ग्रंथों की रचना की, जिसमें मैजिनी, 1857 स्वातंत्र्य समर, मेरी कारावास कहानी, हिंदुत्व आदि प्रमुख हैं। **सर्वत्र प्रथम कीर्तिमान रचने वाले सावरकर :** सावरकर दुनिया के अकेले स्वातंत्र्य योद्धा थे जिन्हें दो-दो आजीवन कारावास की सजा मिली, सजा को पूरा किया और फिर से राष्ट्र जीवन में सक्रिय हो गये। वे विश्व के ऐसे पहले लेखक थे जिनकी कृति 1857 का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम को दो-दो देशों ने प्रकाशन से पहले ही प्रतिबंधित कर दिया। सावरकर पहले ऐसे भारतीय राजनीतिज्ञ थे जिन्होंने सर्वप्रथम विदेशी वस्त्रों की होली जलाई। वे पहले स्नातक थे जिनकी स्नातक की उपाधि को स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेने के कारण अंग्रेज सरकार ने वापस ले लिया। वीर सावरकर पहले ऐसे भारतीय विद्यार्थी थे जिन्होंने इंग्लैंड के राजा के प्रति वफादारी की शपथ लेने से मना कर दिया। फलस्वरूप उन्हें वकालत करने से रोक दिया गया। वीर सावरकर ने राष्ट्र ध्वज तिरंगे के बीच में धर्म चक्र लगाने का सुझाव सर्वप्रथम दिया था, जिसे तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने माना। उन्होंने ही सबसे पहले पूर्ण स्वतंत्रता को भारत के स्वतंत्रता आंदोलन का लक्ष्य घोषित किया। वे ऐसे प्रथम राजनैतिक बंदी थे जिन्हें विदेशी (फ्रांस) भूमि पर बंदी बनाने के कारण हेग के अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में मामला पहुँचा। वे पहले क्रांतिकारी थे जिन्होंने राष्ट्र के सर्वांगीण विकास का चिंतन किया तथा बंदी जीवन समाप्त होते ही जिन्होंने अस्पृश्यता आदि कुरीतियों के विरुद्ध आंदोलन शुरू किया। दुनिया के वे ऐसे पहले कवि थे जिन्होंने अंडमान के एकांत कारावास में जेल की दीवारों पर कील और कोयले से कविताएँ लिखीं और फिर उन्हें याद किया। इस प्रकार याद की हुई दस हजार पंक्तियों को उन्होंने जेल से छूटने के बाद पुनः लिखा।

**क्या मैं अब अपनी प्यारी मातृभूमि के पुनः** दर्शन कर सकूंगा ? 4 जुलाई 1911 को अंडमान के सेलुलर जेल में पहुँचने से पहले सावरकर के मन की व्यथा शायद कुछ ऐसी ही रही होगी। अंडमान की उस काल कोठरी में सावरकर को न जाने कितनी ही शारीरिक यातनाएं सहनी पड़ी होंगी, इसको शब्दों में बता पाना असंभव है। अनेक वर्षों तक रस्सी कूटने, कोल्हू में बैल की तरह जुत कर तेल निकालना, हाथों में हथकड़ियां पहने हुए घंटों टंगे रहना, महीनों एकांत काल-कोठरी में रहना और भी न जाने किस-किस प्रकार के असहनीय कष्ट झेलने पड़े होंगे सावरकर को। लेकिन ये शारीरिक कष्ट भी कभी उस अदम्य साहस के प्रयाय बन चुके विनायक सावरकर को प्रभावित न कर सके। कारावास में रहते हुए भी सावरकर सदा सक्रिय बने रहे। कभी वो राजबंदियों के विषय में निरंतर आंदोलन करते, कभी पत्र द्वारा अपने भाई को आंदोलन की प्रेरणा देते, कभी अपनी सजाएँ समाप्त कर स्वदेश लौटने वाले क्रांतिवीरों को अपनी कविताएं व संदेश कंठस्थ करवाते। इस प्रकार सावरकर सदैव अपने कर्तव्यपथ पर अग्रसर दिखाई दिए। उनकी अनेक कविताएं व लेख अंडमान की उन दीवारों को लांघ कर 600 मील की दूरी पार करके भारत पहुँचते रहे और समाचार पत्रों द्वारा जनता में देशभक्ति की अलख जगाते रहे।

**समरसता व हिंदुत्व के पुरोधा :** सन् 1921 में सावरकर को अंडमान से कलकत्ता बुलाना पड़ा। वहां उन्हें रत्नागिरी जेल भेज दिया गया। 1924 को सावरकर को जेल से मुक्त कर रत्नागिरी में ही स्थानबद्ध कर दिया गया। उन्हें केवल रत्नागिरी में ही घूमने-फिरने की स्वतंत्रता थी। इसी समय में सावरकर ने हिंदू संगठन व समरसता का कार्य प्रारम्भ कर दिया। महाराष्ट्र के इस प्रदेश में छुआछूत को लेकर घूम-घूमकर विभिन्न स्थानों पर व्याख्यान देकर धार्मिक, सामाजिक तथा राजनैतिक दृष्टि से छुआछूत को हटाने की आवश्यकता बतलाई।

■ **डॉ. पवन सिंह मलिक**

**है न विचित्र बात !**

## अंधविश्वास में जकड़ा भारत

***बावजूद*** इसके कि हमारा देश अब विकास और आधुनिकता की राह पर सरपट दौड़ रहा है। उसके बावजूद हमें अपने देश में व्याप्त सदियों पुराने अंधविश्वास से छुटकारा नहीं मिल पा रहा है। एक तरफ तो तमाम ठग व निठल्ले लोग अंधविश्वास में जकड़े लोगों से धन ऐंठ कर अपना जीविकोपार्जन कर रहे हैं तो दूसरी ओर पागलपने की हदें पार करता जा रहा यही अंधविश्वास इस कुचक्र में उलझे लोगों की जान का दुश्मन बन चुका है। निश्चित रूप से अशिक्षित लोग इस कुचक्र में कुछ ज्यादा ही उलझे हुये हैं परन्तु स्वयं को शिक्षित कहने वाले लोग भी अंधविश्वास के कुप्रभाव से सुरक्षित नहीं हैं। उदाहरण के तौर पर विगत कुछ वर्षों से महिलाओं ने अपने पैरों में काला धागा बांधना शुरू कर दिया है। जिसे देखो वही अपने एक पैर में काला धागा बांधे हुये है। क्या शिक्षित क्या अशिक्षित सभी अपने पैरों में काला धागा बांधकर न जाने क्या हासिल करना चाहते हैं और कौन सी सिद्धि प्राप्त करना चाहते हैं। महिलाओं तक फैला यह अन्धविश्वास अब धीरे-धीरे देश के युवाओं को भी अपनी गिरफ़्त में लेता जा रहा है और इस की नकल कर युवा भी अपने पैरों में काला धागा बांधना शुरू कर चुके हैं। अंधविश्वास की लहर केवल अशिक्षित, गांव देहात अथवा गरीबों तक ही सीमित नहीं है बल्कि लगभग समग्र भारतीय समाज इसका शिकार है। और इसकी जड़ें इतनी गहरी हो चुकी हैं कि इस चक्रव्यूह से बाहर निकल पाना भी अब मुश्किल नजर आता है। अपने घरों या व्यावसायिक ठिकानों पर नींबू मिर्च लटकाने से आखिर किस समस्या का समाधान निकलता है कोई नहीं जानता परन्तु लटकाता जरूर है। जब नींबू मिर्च लटके लटके सूख जाती है तो उसे बदल कर नींबू मिर्च का नया 'सेट' लटका दिया जाता है। गली मोहल्लों में घूम घूम कर शनि देवता का भय दिखाकर लोगों से पैसे ऐंठने वाले निठल्ले हट्टे कट्टे लोग स्वयं प्रत्येक शनिवार को थोक के भाव से नींबू मिर्च की माला बनाये हुये सेट लेकर गली गली घूमते हैं। वे इसे बेचते नहीं बल्कि स्वयं लोगों के घरों पर लटका देते हैं। और नींबू मिर्च के लटकने में बरकत या सुरक्षा की उम्मीद रखने वाला व्यक्ति अपनी जेब ढीली कर शनि के उस 'एजेंट' को अपनी श्रद्धा अनुसार भुगतान कर देता है। और यही इस विश्वास व अंधविश्वास के पीछे छुपा हुआ असली व्यवसायिक खेल है। अंधविश्वास का यह खेल उस समय और अधिक चिंताजनक हो जाता है जब यह लोगों की जान लेने पर उतारू हो जाये। आये दिन अंधविश्वास में जकड़े लोगों द्वारा अपनी या अपने परिवार के सदस्यों की जान देने, मानव बलि चढ़ाने या दूसरों की बलि लेने जैसे दिल दहलाने जैसी घटनायें अंजाम दी जाती हैं। पिछले दिनों गुजरात के राजकोट जिले के वीछिंया तालुका नामक एक गांव में इसी तरह का एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया। कथित तांत्रिक क्रिया करने के बाद एक दंपत्ति ने हवन कुंड में अपने सिर काटकर अपनी ही आहुति दे दी। बताया जा रहा है कि मृतक 38 /35 वर्षीय इस दंपति ने अपने सिर कलम करने के लिए स्वयं ही एक ऐसा तेज धार हथियार तैयार किया था जिससे दोनों के सिर कटकर सीधे हवन कुंड में ही गिरें। हवन कुंड के पास ही एक सुसाइड नोट भी मिला है जिसमें इस दंपत्ति ने स्वेच्छा से अपनी जान देने की बात लिखी है। 50 रुपए के स्टांप पर लिखे गये इस सुसाइड नोट में लिखा है - 'जय भगवान, जय भोलेनाथ, हम दोनों स्वेच्छा से अपने हाथों से अपने प्राण त्याग रहे हैं। हमारे घर वाले बहुत अच्छे से रह रहे हैं। मेरे भाई भी हम लोगों को बहुत चाहते हैं। आज तक उनकी मेरी पत्नी से कोई गलत बात नहीं हुई। वे सभी हमारा बहुत खयाल रखते हैं।

■ **निर्मल रानी**

# नया संसद भवन, नया भारत, नया सवेरा

***भारत*** का मन उल्लास से भरा पूरा है। 28 मई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नये संसद भवन का लोकार्पण करेंगे। यह इतिहास का स्वर्णिम अध्याय होगा। लेकिन भारतीय स्वाभिमान के इस अवसर पर भी लगभग डेढ़ दर्जन राजनीतिक दल कार्यक्रम का बहिष्कार कर रहे हैं। वे राष्ट्रीय महत्व के इस अवसर पर भी अपनी राजनीतिक रोटियां सेंक रहे हैं। गृहमंत्री अमित शाह ने इसे ओछी राजनीति बताया और कहा है कि, 'नया संसद भवन देश की सांस्कृतिक विरासत परंपरा व सभ्यता को आधुनिकता से जोड़ने का सुन्दर प्रयास है। इस ऐतिहासिक समारोह के साक्षी बनने के लिए सबको निमंत्रित किया गया है कि इस कार्यक्रम में सब लोग हिस्सा लें।' उन्होंने कहा है कि इस कार्यक्रम को राजनीति से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। यह भारतीय परम्पराओं व आधुनिकता से जुड़ने का महान क्षण है। इस स्थान का इतिहास भी महत्वपूर्ण है। दिल्ली कई सदियों से सत्ता का प्रमुख केन्द्र रही है। ब्रिटिश सत्ता ने प्रारम्भ में अपनी राजधानी कलकत्ता में स्थापित की थी और बाद में दिल्ली। तत्कालीन शासक किंग जार्ज प्रथम ने 12 दिसंबर 1911 में इसकी आधारशिला रखी थी। ब्रिटिश वास्तुकार एडविन लुटियंस और अलबर्ट बेकर ने इस नये नगर की योजना बनाई थी। लगभग बीस वर्ष बाद योजना पूरी हुई। 13 फरवरी 1931 को दिल्ली को राजधानी घोषित किया गया था। नये भवन की अनेक विशिष्टताएं हैं। नवनिर्मित संसद भवन में लोकसभा अध्यक्ष के आसन के पास 'सेंगोल' की स्थापना की जायेगी। यह पांच फीट लंबा चांदी से बना दण्ड है। इस पर सोने की पालिश है। आठवीं सदी के बाद से लगभग आठ सौ वर्ष तक चोल साम्राज्य था। चोल साम्राज्य में सत्ता का हस्तांतरण इसी 'सेंगोल' से होता था। विद्वान राजनेता सी. राजगोपालाचारी के सुझाव पर तमिलनाडु के तिरुवदुथुराई मठ ने इसे तैयार कराया था। इसके शीर्ष पर न्याय के रक्षक और प्रतीक नंदी अटल दृष्टि के साथ मौजूद हैं। चोल शिव उपासक थे। सेंगोल तमिल भाषा के शब्द सेम्मई से निकला है। इसका अर्थ धर्म निष्ठा और सच्चाई होता है। सेंगोल राजदण्ड भारतीय शासक की शक्ति और अधिकार का प्रतीक था। 14 अगस्त 1947 को पं. जवाहर लाल नेहरू ने तमिलनाडु की जनता से सेंगोल को स्वीकार किया था। ब्रिटिशों से सत्ता हस्तांतरण के लिए राजाजी ने चोल वंश के सत्ता हस्तांतरण से प्रेरणा लेने का सुझाव दिया। चोल वंश में एक राजा से दूसरे राजा को सत्ता सौंपते समय पुजारियों का आशीर्वाद लिया जाता था। सेंगोल का प्रतीकात्मक हस्तांतरण भी होता था। चोल राजवंश वास्तुकला और संस्कृति के संरक्षण में असाधारण योगदान के लिए प्रसिद्ध था। सी. राजगोपालाचारी के सुझाव के बाद तमिलनाडु के तिरुवदुथुराई मठ ने सेंगोल तैयार कराया था। पूरा भारत नये संसद भवन की खूबसूरती के साथ चोल साम्राज्य की प्राचीन परंपरा से भी जुड़ रहा है। संसद भारतीय संवैधानिक व्यवस्था की जीवमान सत्ता है। संसद के पास विधायी और संविधायी अधिकार हैं। भारत में ऋग्वेद के रचनाकाल के पहले से ही लोकतंत्र की धारा प्रवाहमान रही है। यहां देवताओं के सम्बंध में भी तर्क प्रतितर्क का वातावरण रहा है। यूरोपीय विद्वान ब्रिटिश संसद को विश्व लोकतंत्र की जननी बताते हैं। वस्तुतः भारत में ही लोकतंत्र और संसदीय संस्थाओं का जन्म और विकास वैदिक काल में ही हो चुका था। सभा और समितियां ऋग्वेद में हैं। महाभारत 18 पर्वों में विभाजित है। एक पर्व का नाम सभा पर्व है। सभा समिति में वैदिक काल में ही सामाजिक महत्व के विषयों पर विचार विमर्श होते थे। गायों को प्रणाम करते हुए ऋग्वेद के एक ऋषि कहते हैं कि, 'हे गौ माता आपकी चर्चा सभा में होती है।' भारतीय परंपरा में परस्पर विचार विमर्श का विशेष महत्व रहा है। अथर्ववेद (7.1.63) के एक मंत्र में ऋषि कहते हैं, 'सभा और समिति प्रजापति की दुहिताएं हैं। वे मेरी रक्षा करें। मुझे उत्तम शिक्षा दें। सदन में एकत्र हुए वरिष्ठ समुचित भाषण करें।' सभा और समिति के उल्लेख से वैदिक साहित्य भरा पूरा है। अथर्ववेद के एक मंत्र में कहा गया है, 'सभा हमारी रक्षा करे। उसके सभ्य सभासद मेरी रक्षा करें।' (15.9.2) ऋग्वेद के एक मंत्र में कहते हैं कि, 'तुम अपने घर को भद्र बनाओ। तुम्हारी वाणी भद्र हो और तुम चिरकाल तक सभा में रहो।' (6.28.6) सभा में लम्बे समय तक रहना प्रतिष्ठा का विषय था। ऋग्वेद के एक अन्य मंत्र में सभा में जाने वाले की प्रशंसा है। कहते हैं कि, 'वह हमेशा सभा में जाता है।' सभा और समितियां सामान्य एकत्रीकरण नहीं थीं। सभा एक सुसंगठित संस्था थी। इसके सदस्य सभ्य या सभेय कहे जाते थे। सभा वैदिक काल में ही राष्ट्र व जनपदों में सक्रिय और जीवंत थी। मधुर बोलना, सुन्दर तर्क देना, विपक्षी के तर्क सुनना जैसे सभी लोकतांत्रिक तत्व वैदिक काल में विकसित हो चुके थे। भारतीय संविधान निर्माताओं ने संसदीय प्रणाली अपनायी। भारत के लिए इसे स्वीकार करने में सुविधा थी। भारत की प्रज्ञा पहले से ही लोकतांत्रिक थी। भारत के लोगों को संसदीय प्रणाली अपनाने में कोई कठिनाई नहीं हुई। हमारी संसद ने जटिल से जटिल विषयों पर धीर गंभीर होकर कानून बनाये हैं। बेशक संवैधानिक आपातकाल के समय सम्पूर्ण विपक्ष जेल में था। संसदीय प्रणाली पर ऐतिहासिक संकट था। अनेक महत्वपूर्ण संविधान संशोधन भी विपक्ष की गैरहाजिरी में ही पारित हुए। लेकिन संसद ने आपातकाल के बाद जरूरी संशोधन किए। संसद भारतीय बुद्धि और विवेक का मन दर्पण है।

**गृहमंत्री अमित शाह ने इसे ओछी राजनीति बताया और कहा है कि, 'नया संसद भवन देश की सांस्कृतिक विरासत परंपरा व सभ्यता को आधुनिकता से जोड़ने का सुन्दर प्रयास है। इस ऐतिहासिक समारोह के साक्षी बनने के लिए सबको निमंत्रित किया गया है कि इस कार्यक्रम में सब लोग हिस्सा लें।' उन्होंने कहा है कि इस कार्यक्रम को राजनीति से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए।**

■ **हृदयनारायण दीक्षित**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

**"सार्वजनिक जगहों पर धूम्रपान पर प्रतिबंध लगाकर लोगो को जागरूक करने की चेष्टा की जा रही है। प्रत्येक इंसान को एक सुव्यवस्थित जीवन शैली अपनानी चाहिए। संतुलित भोजन और व्यायाम करके अपने स्वास्थ्य को ठीक रखना चाहिए। धूम्रपान की रोकथाम एक बहुत ही गंभीर विषय है। सार्वजनिक शिक्षा धूम्रपान के उपयोग की शुरूआत को रोकने और बंद करना धूम्रपान रोकने के प्रचार करने के प्रयास का एक कार्यकारी अंग है धूम्रपान के उपयोग से खतरनाक स्वास्थ्य प्रभाव के बारे में स्वास्थ्य जागरुकता के प्रयासों में वृद्धि के परिणामस्वरूप उच्च स्तर का ज्ञान हो सकता है और इस तरह के तरीकों का उपयोग करने के लिए धूम्रपान को लेकर घोषणा, जैसे धूम्रपान पर रोक, मीडिया में बड़े पैमाने पर विज्ञापन अभियान, चरम शिक्षा कार्यक्रम, सामुदायिक लामबंदी, प्रेरक साक्षात्कार, तंबाकू उत्पादों पर स्वास्थ्य चेतावनी, विपणन प्रतिबंध और सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान पर प्रतिबंध लगाना है।"**

# तंबाकू हमारे शरीर के लिए जहर



तंबाकू एक जानलेवा पदार्थ है। ये बात सब लोग जानते हैं लेकिन फिर भी इसका उपयोग करते है। आपने सुना या फिर देखा भी होगा कि तंबाकू का अधिक सेवन करने से कई लोगों की जान जा चुकी है। कुछ लोगों को तो इसके हानिकारक प्रभाव के बारें में पता भी नहीं होता है। इसके अधिक सेवन से हमारे शरीर को कितना नुकसान पहुंचता है, इसका कोई अंदाजा नहीं लगा सकता है। तंबाकू हमारे शरीर के लिए जहर समान है, जो धीरे-धीरे करके हमारे पूरे शरीर में फैल जाता है और कई बीमारियो को जन्म देता है। तंबाकू का उपयोग करने से हमारे शरीर में अनेक बीमारी उत्पन होती है। जिसकी वजह से छोटी-सी उम्र में कई सारे लोगों की जान चले जाती है। वो भी सिर्फ तंबाकू के सेवन करने से। इसलिए विश्व तंबाकू निषेध दिवस के माध्यम से लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूप किया जाता है। जागरूप करने के लिए सरकार द्वारा कई प्रचार-प्रसार, कैंप किये जाते है। तंबाकू का बुरा प्रभाव केवल उसका उपयोग करने वाले व्यक्ति पर ही नहीं पड़ता है, बल्कि उसके पुरे परिवार पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। वर्त्तमान समय में छोटी उम्र के बच्चे तंबाकू के सेवन कर रहे है। जो उनके आने वाले भविष्य के लिए बेहद ही खराब है।तम्बाकू का सेवन करना छोड़ दे। यदि कोई भी इंसान इसका सेवन जितनी जल्दी छोड़ देता है, तो उसका तत्काल और दीर्घकालिक स्वास्थ्य सही हो सकता है। यह दिवश मनाने का मुख्य उद्देस्य तंबाकू के सेवन को खत्म करना और इसकी वजह से होनी वाली मौतों के आकड़े को कम करना है। डब्ल्यूएचओ ने स्वास्थ्य पर तंबाकू के नकारात्मक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए कई प्रकार के अभियान चलाये है। तम्बाकू से होने वाले रोग और इसकी समस्याओं से पूरी दुनिया को मुक्त बनाने के लिये डबल्यूएचओ द्वारा विभिन्न दूसरे स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम भी आयोजित किये जाते हैं जैसे एड्स दिवस, मानसिक स्वास्थ्य दिवस, रक्त दान दिवस, कैंसर दिवस आदि। महत्वपूर्ण ढंग से पूरी दुनिया में ये सभी कार्यक्रम आयोजित और मनाये जाते हैं। पूरे विश्व से किसी भी रुप में तंबाकू का सेवन पूरी तरह से रोकने या कम करने के लिये लोगों को बढ़ावा देने और जागरुकता के विचार से इसे मनाया जाता है। दूसरों पर इसकी जटिलताओं के साथ ही तंबाकू इस्तेमाल के नुकसानदायक प्रभाव के संदेश को फैलाने के लिये वैश्विक तौर पर लोगों का ध्यान खींचना इस उत्सव का लक्ष्य है। इस अभियान में कई वैश्विक संगठन शामिल होते हैं जैसे राज्य सरकार, सार्वजनिक स्वास्थ्य संगठन आदि विभिन्न प्रकार के स्थानीय लोक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर के इस दिवस को मनाया जाता है। लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूप करना और तंबाकू के अधिक सेवन से होने वाले बुरे प्रभाव को लोगों तक बताना ही दिवस का उद्देस्य है।

❖ **कुमारी रिया**

# धूम्रपान दुनिया के प्रमुख जानलेवा समस्याओं में से एक





धूम्रपान एक बुरी लत है जो ना जाने हर वर्ष कितने लोगो की जान ले लेती है। धूम्रपान जैसा कि हम सब जानते है यह हमारे शरीर के लिए खतरनाक है और धीरे धीरे यह व्यक्ति को मौत के मुंह तक ले जाती है। सरकार नागरिको के स्वास्थ्य को गंभीरता से ले रही है। यही वजह है कि सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान को निषेध किया गया है। यह सरकार ने बिलकुल सही किया है। लोग अपनी बुरी आदत को छोड़ नहीं पाते है और कहीं भी सिगरेट पीने लगते है। सिगरेट से जहरीली गैस निकलती है जो फेफड़ो के लिए सही नहीं है। इससे दिल और फेफड़ो पर बुरा असर पड़ता है। सरकार अब धूम्रपान पर प्रतिबंध लगा रही है।सिगरेट पीना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। ज्यादातर लोगो को कम उम्र से ही सिगरेट पीने की बुरी लत लग जाती है और छूटती नहीं है। लोग एक दिन में कई सारे सिगरेट पी जाते है जो बिलकुल गलत और अनुचित है। इससे ना केवल इंसान खुद को तकलीफ पहुंचता है बल्कि आस पास के लोगो को भी सिगरेट के धुंए से मुश्किल में डालता है। धूम्रपान दुनिया के प्रमुख जानलेवा समस्याओं में से एक है।ऐसे कई तरीके हैं जिनसे व्यक्ति धूम्रपान छोड़ सकता है। किसी आदत को अचानक छोड़ना आसान नहीं होता है, इसलिए खुद को मानसिक रूप से तैयार करने के लिए समय देने की तारीख तय करें। जब तक आप धूम्रपान छोड़ने के लिए दृढ़ हैं, तब तक प्रयास करने में कोई हानि नहीं है। उदाहरण के लिए, फिल्टर, धूम्रपान निवारक, ई-सिगरेट, एक्यूपंक्चर, कोल्ड लेजर थेरेपी, योग और बहुत कुछ कुछ लोगों के लिए काम कर सकते हैं। हमेशा याद रखें कि आप तुरंत धूम्रपान नहीं छोड़ सकते क्योंकि यह आपके लिए भी बुरा होगा।इसे कम करने की कोशिश करें और फिर धीरे-धीरे और लगातार इसे पूरी तरह छोड़ दें।धूम्रपान करना स्वास्थ्य के लिए बुरा है। धूम्रपान जैसे बुरी आदतों को त्याग करना जरूरी है। इससे ना केवल मनुष्य अपना बल्कि अपने परिवार और दोस्तों की ज़िन्दगी को भी खतरे में डाल सकता है। सिगरेट व तम्बाकू के पैकेट पर धूम्रपान ना करने की सलाह दी जाती है। फिर भी लोग इसकी अनदेखी कर रहे है और अपने जिन्दगी को खतरे में डाल देते है। लोगो को जागरूक होकर सिगरेट की आदत को हमेशा के लिए छोड़ देना चाहिए। कोई भी नशा ज़िन्दगी से बड़ी नहीं होती है। सिगरेट स्मोकिंग अर्थात धूम्रपान को छोड़ देने में ही सबकी भलाई है।

❖ **ओम प्रकाश प्रजापति**

# पलामू सहित पूरे भारत में हर 10वां व्यक्ति तंबाकू का सेवन करता है

तंबाकू के सेवन से स्वास्थ्य जोखिमों के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए हर साल विश्व तंबाकू निषेध दिवस का आयाजन होता है और सरकारों को ऐसी नीतियों को लागू करने के लिए प्रोत्साहित करता है, जो धूम्रपान और अन्य तंबाकू उत्पादों के उपयोग को कम करने में मदद करती हैं।तंबाकू का सेवन करने वालों की संख्या पलामू सहित पूरे भारत में बहुत ज्यादा है। एक रिसर्च के मुताबिक भारत में हर 10वां व्यक्ति किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन करता है। तंबाकू के ज्यादा सेवन करने से फेफड़ों के कैंसर होने का सबसे ज्यादा खतरा रहता है। ऐसा इसलिए क्योंकि तंबाकू में क्रोमियम, आर्सेनिक, बंजोपाइरींस, निकोटीन, नाइट्रोसामाइंस जैसे तत्व बहुत अधिक मात्रा में पाए जाते हैं। तंबाकू का सेवन करने के कारण होने वाले गंभीर रोग हो सकते हैं।

फेफड़ों के कैंसर का मुख्य कारण तंबाकू को ही माना जाता है।लिवर कैंसर लिवर कैंसर के कारण भारत में हजारों लोग अपनी जान गंवाते हैं।कोलन कैंसर तंबाकू का सेवन करने से कोलन कैंसर का भी खतरा बढ़ जाता है। मुंह के कैंसर से भारत में पुरुष ही नहीं बल्कि महिलाएं भी जूझ रही हैं। तंबाकू का सेवन करने के कारण कई लोगों के मुंह से बोलते वक्त थूक भी निकलने लगती है। तंबाकू का सेवन करने के कारण महिलाओं को ब्रेस्ट कैंसर का खतरा सबसे ज्यादा होता है।तंबाकू का सेवन करने से ह्दय रोग जैसी बीमारी हो जाती है। तंबाकू का सेवन करने के कारण इरेक्टाइल डिस्फंक्शन का जोखिम कई गुना तक बढ़ जाता है। यह पुरुषों में होने वाली एक ऐसी समस्या है जो इरेक्शन को ठीक तरह से नहीं होने देती है।

डतंबाकू का सेवन करने से डायबिटीज का खतरा बढ़ जाता है। तंबाकू निषेध दिवस का उद्देश्य धूम्रपान उद्योग, स्वास्थ्य के लक्ष्यों की व्यावहारिक होने की दिशा में रुकावट, धूम्रपान उद्योग के मुकाबले में धार्मिक मान्यताएं, धूम्रपान को रोकना सबकी ज़िम्मेदारी, धूम्रपान के विस्तार के मुकाबले में विधि पालिका, न्याय पालिका और कार्यपालिका की ज़िम्मेदारी और अंततः धूम्रपान की अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों को बंद किया जाये जैसे विषयों की समीक्षा कर निदान की चेष्टा करना है। धूम्रपान के सेवन में कमी और आम जनमत के स्वास्थ्य में वृद्धि की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम उठाना ये इस दिवस का उद्देश्य है।

❖ **गुड्डू कुमार**


# धूम्रपान की चीजों के प्रचार-प्रसार पर रोक लगा देनी चाहिए

हमें भोजन की आवश्यकता है। तंबाकू की नहीं। तंबाकू एक बेहद ही हानिकारक पदार्थ है। इसकी लत का शिकार पूरी दुनिया हो गई है। यह आने वाले भविष्य के लिए अच्छा नहीं है।

तंबाकू के अधिक सेवन से हर साल पूरी दुनिया में लाखों लोगों को मौत हो रही है। ऐसा माना जाता है, विकलांग होने का मुख्य कारण अधिक विषेले पदार्थो का सेवन है और उनमें से एक तंबाकू भी है। भारत दुनिया का दूसरे नंबर पर तंबाकू का सबसे बड़ा उपभोक्ता और उत्पादन करने वाला देश है, इसी वजह से भारत देश में हर साल लाखों से अधिक मौत तंबाकू के सेवन से हो रही है। दुनिया भर में अधिकांश आबादी धूम्रपान की लत से ग्रस्त है। एक बार जब भी धूम्रपान करना शुरू कर देते हैं तो लोगों को आमतौर पर इससे बाहर होना मुश्किल होता है। यह ललक का कारण है तंबाकू का मुख्य घटक रसायन निकोटीन। हर बार जब कोई धूम्रपान करने वाला सिगरेट से इनहेलर गैस लेता है। जिससे निकोटीन होता है जो मस्तिष्क को हीट प्रदान करता है। बस इसलिए कि उन्हीं को प्राप्त करने के लिए धूम्रपान करने वाला अधिक से अधिक सिगरेट का सेवन करता है। जो प्रतिदिन लगभग 1 पैक धूम्रपान करता है उसे हर दिन कम से कम 200-250 हीट मिलती है। यह मस्तिष्क को निकोटीन का उपयोग करते रहना सिखाना है और बार-बार उपयोग से व्यसन का खतरा बढ़ जाता है। सिगरेट व तम्बाकू खाना पीना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, ज्यादातर लोगों को कम उम्र में ही सिगरेट पीने की लत लग जाती है और छुटती नहीं है लोग एक दिन में कई सारी सिगरेट पी जाते हैं जो बिल्कुल गलत और अनुचित है। इससे ना केवल इंसान खुद को तकलीफ देता है बल्कि आसपास के लोगों को भी सिगरेट के धुएं से एलर्जी हो जाती है। धूम्रपान एक बुरी लत है। जो ना जाने हर वर्ष कितने लोगों की जान ले लेती है। धूम्रपान जैसा कि हम सब जानते हैं यह हमारे शरीर के लिए खतरनाक है, और धीरे-धीरे वह व्यक्ति को मौत के मुंह तक ले जाता है। सरकार नागरिकों के स्वास्थ्य को गंभीरता से ले रही है यही वजह है कि सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान निषेध किया गया। यह सरकार ने बिल्कुल सही किया है। लोग अपनी बुरी आदत को छोड़ नहीं पाते और कहीं भी सिगरेट व तम्बाकू खाने पीने लगते हैं। सिगरेट से जहरीली गैस निकलती है जो लोगों के लिए सही नहीं है इससे दिल और फेफड़े पर बुरा असर पड़ता है।साथ ही सरकार को यह भी कदम उठानी चाहिऐ कि तंबाकू के प्रचार-प्रसार पर रोक लगा देनी चाहिए। ऐसा करने से लोग इसकी तरफ आकर्षित नहीं होंगे और न ही इसका अधिक उपयोग करेंगे। तंबाकू बनाने वाले उद्योग और कारखानों को बंद कर देना चाहिए। यदि इन चीजों का उत्पादन नहीं होगा तो लोग इसका सेवन भी नहीं कर पाएंगे। सरकार द्वारा तंबाकू के सभी तरह के विज्ञापन पर रोक लगा देना ही सबसे अच्छा उपाय है। ताकि जिन लोगों को इसके बारें में जानकारी नहीं है वह इसका उपयोग नहीं करेंगे। तंबाकू में पाया जाने वाला जहरीला पदार्थ फेफड़ो से सम्बंधित अधिकांश बीमारी का कारण है। क्योकि इसमें निकोटिन के साथ-साथ अन्य दर्जनों तरह के विषैले तत्व पाए जाते है। जो कि हमारे फेफड़ो की कोशिकाओं में ऑक्सीजन ग्रहण करने और कार्बन-डाई ऑक्साइड गैस को छोड़ने की झमता को कम कर देते हैं। ऐसा करने से कुछ समय बाद यह कैंसर जैसी गंभीर बीमारी में बदल जाता है। मनुष्य में रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है और अंत में व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है।तंबाकू में निकोटिन की मात्रा अधिक होने से जब व्यक्ति इसका सेवन करना है, तो उसे अलग-सा ही आनंद महसूस होता है। और बार-बार इस आनंद को लेने के लिए वह निरन्तर तंबाकू व सिगरेट का सेवन करता है। और एक दिन उस व्यक्ति को इसकी लत लग जाती है। फिर तम्बाकू में पाया जाने वाला जहरीला पदार्थ धीरे-धीरे उसके पुरे शरीर में फैल जाता है। और अनेक बीमारीयो को जन्म दे देता है।

❖ **ओपी**

# सिगरेट व तंबाकू के सेवन से नुकसान



पलामू सहित पूरे विश्व में 31 मई को हर साल तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मकसद तंबाकू के खतरे के बारे में जागरूकता फैलाना है। तंबाकू का इस्तेमाल सेहत को काफी नुकसान पहुंचाता है। इस खास दिन पर इससे जुड़ी हर तरह की जानकारी दी जाती है। जो लोग सिगरेट की बजाय तंबाकू को चबाकर खाते हैं, उनमें मुंह का कैंसर होने का खतरा सबसे ज्यादा होता है। छोटी उम्र से ही बच्चों को तंबाकू का सेवन करने की लत लग जाती है। आपको जानकर हैरानी होगी कि विश्व में मुंह के कैंसर के सर्वाधिक मरीज शहर के हर कोने में कहीं न कहीं मिल ही जाते हैं। विशेषज्ञों की मानें तो तंबाकू सिर्फ मुंह के कैंसर के लिए ही जिम्मेदार नहीं होती, बल्कि खाने की नली और गले के कैंसर की वजह भी बनती है। स्मोकिंग और तंबाकू के सेवन से दिल की बीमारी होने का खतरा दो से चार गुना तक बढ़ जाता है। सिगरेट तो व्यक्ति के मस्तिष्क को प्रभावित करती है। इसके कारण डिमेंशिया या अल्जाइमर जैसे रोग होने की आशंका काफी बढ़ जाती है। इसके अलावा ये महिलाओं की प्रजनन क्षमता को भी प्रभावित करती है। स्मोकिंग से सिर्फ फेफड़े के कैंसर का ही रिस्क नहीं बढ़ता, बल्कि ये लिवर, अग्न्याशय, पेट आदि शरीर के किसी भी हिस्से में कैंसर को पैदा कर सकती है। इसके अलावा सिगरेट या तंबाकू के सेवन से लकवा, डायबिटीज और गठिया जैसी बीमारियों की आशंका भी काफी बढ़ जाती है। सिगरेट के धुएं में आर्सेनिक, फार्मलाडिहाइड और अमोनिया जैसे हानिकारक केमिकल्स पाए जाते हैं, जो न सिर्फ पीने वाले को, बल्कि धुएं के जरिए उसके आसपास रहने वालों को भी प्रभावित करते हैं। ऐसे में सिगरेट के धुएं के संपर्क में आने वाले व्यक्ति में भी इन बीमारियों की चपेट में आने की आशंका बढ़ जाती है। ये रसायन व्यक्ति के खून में मिलकर शरीर के तमाम अंगों के अलावा आंखों के नाजुक ऊतकों को नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे रेटीना की कोशिकाओं की संरचना प्रभावित हो सकती है। तंबाकू निषेध दिवस का इतिहासः तंबाकू के सेवन से होने वाली बीमारियों और मौतों के बढ़ते आंकड़े के चलते विश्व स्वास्थ संगठन ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाना शुरू किया है।इस दिन को मनाने के पीछे का मकसद लोगों को तंबाकू के सेवन से होने वाले नुकासान के बारे में बताना है।तंबाकू स्वास्थ्य के लिए बहुत ही हानिकारक है। हर साल लाखों की संख्या में लोगों की मौत तंबाकू के सेवन के कारण होती हैं।लोगों को इसके नुकसान के बारे में बताते हुए तंबाकू छोड़ने के लिए प्रेरित किया जाता है। युवाओं को भी इस बारे में समझाया जाता है ताकी वे इसकी शुरूआत कर सकें।

❖ **वेद प्रकाश**

**संकलन : ओम प्रकाश प्रजापति**

## आज का राशिफल

**मेष राशि** : वाणी में मधुरता रहेगी। किसी रुके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबार से आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। मानसिक तनाव रहेगा।

**वृष राशि** : परिवार की सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र की स्थिति में सुधार होगा। आय की स्थिति सुधरेगी। आय के नए स्रोत भी विकसित हो सकते हैं।

**मिथुन राशि** : शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ सकती है।

**कर्क राशि** : आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबार के प्रति सचेत रहें। कुछ कठिनाइयां आ सकती हैं। परिवार का साथ रहेगा। धन प्राप्ति होगी।

**सिंह राशि** : अति उत्साही होने से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मित्रों का सहयोग मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है।

**कन्या राशि** : आत्मविश्वास में कमी रहेगी। अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार से आय में वृद्धि होगी। खर्च भी बढ़ सकते हैं। क्रोध की तीव्रता में कमी आएगी।

**तुला राशि** : किसी मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के साधन बन सकते हैं। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। आत्मविश्वास में कमी आएगी। मन अशान्त रहेगा।

**वृश्चिक राशि** : नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**धनु राशि** : उच्च शिक्षा के लिए किसी दूसरे स्थान पर जाना हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। सेहत का ध्यान रखें। नौकरी में अफसरों के सहयोग से तरक्की के योग बन रहे हैं।

**मकर राशि** : संयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार का साथ मिलेगा। किसी सम्पत्ति से धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। शैक्षिक कार्यों में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**कुंभ राशि** : मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। नौकरी में विशेष कार्य के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। आय में वृद्धि होगी। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। पिता से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**मीन राशि** : स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मलिगी। भाई-बहनों का साथ मिल सकता है। आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु खर्च भी बढ़ सकते हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज





CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# जबलपुर : आईएसआईएस से जुड़े आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़, 3 धराए

**एजेंसी। भोपाल**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने तीन लोगों की गिरफ्तारी के साथ ही मध्यप्रदेश पुलिस के एंटी टेररिस्ट स्क्वैड (एटीएस) के साथ संयुक्त अभियान में आईएसआईएस से जुड़े एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने का दावा किया है। एक आधिकारिक प्रेस नोट के अनुसार, केंद्रीय एजेंसी ने मध्यप्रदेश पुलिस की एटीएस टीम के साथ 26 और 27 मई की दरम्यानी रात भोपाल से लगभग 300 किलोमीटर दूर जबलपुर जिले में 13 स्थानों पर छापेमारी की। प्रेस नोट में आगे कहा गया है, गिरफ्तार किए गए तीन लोगों की पहचान सैयद ममूर अली, मोहम्मद आदिल खान और मोहम्मद शाहिद के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान भारी मात्रा में धारदार हथियार, गोला-बारूद (निषिद्ध बोर सहित), आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल उपकरण भी जब्त किए




गए। एनआईए ने जांच के दौरान पाया कि मोहम्मद आदिल खान द्वारा आईएसआईएस समर्थक गतिविधियों का संचालन किया जा रहा था, जो अगस्त 2022 में एजेंसी के संज्ञान में आया था। इसके बाद 24 मई को जांच के बाद मामला दर्ज किया गया था। एनआईए के प्रेस नोट में कहा गया है, पता चला है कि मोहम्मद आदिल खान और उसके सहयोगी आईएसआईएस के कहने पर भारत में हिंसक आतंकी हमलों को अंजाम देने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के साथ-साथ जमीनी 'दावा' कार्यक्रमों के माध्यम से आईएसआईएस के प्रचार-प्रसार में शामिल थे। मॉड्यूल के सदस्य स्थानीय मस्जिदों और घरों में बैठकें करते थे और देश में आतंक फैलाने की योजना और साजिश रचते थे। आगे जांच से पता चला कि तीनों आरोपी चरम कट्टरपंथी हैं और हिंसक जिहाद को अंजाम देने के लिए फंड इकट्ठा करने, आईएसआईएस प्रचार सामग्री का प्रसार करने, युवाओं को प्रेरित करने और भर्ती करने और आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के उद्देश्य से हथियार और गोला-बारूद खरीदने की कोशिश में लगे हुए थे। प्रेस नोट के मुताबिक, सैयद मामूर अली ने 'फिसाबिलिल्लाह' के नाम से एक स्थानीय समूह (तंजीम) बनाया था और उसी नाम से एक व्हाट्सएप समूह भी संचालित कर रहा था। वह पिस्तौल खरीदने के लिए जबलपुर में मौजूद अपने सहयोगियों के संपर्क में था। एक कट्टर आईएसआईएस समर्थक आदिल ने जबलपुर में समान विचारधारा वाले कट्टरपंथी व्यक्तियों का सक्रिय समूह बनाने में कामयाबी हासिल की थी। एनआईए की जांच के अनुसार, मॉड्यूल के कुछ सदस्य पहले से ही हिजरत (उड़ान) पर विचार कर रहे थे, जबकि अन्य की भारत में ही रहकर हिंसक जिहाद को अंजाम देने के लिए एक स्थानीय संगठन बनाने की योजना थी। एनआईए ने कहा, आदिल युवाओं को आईएसआईएस में शामिल करने के लिए प्रेरित करने और भर्ती करने के लिए कई यूट्यूब, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप चैनल भी चला रहा था। जांच से पता चला कि शाहिद ने पिस्तौल सहित कई अवैध हथियार और यहां तक कि आईईडी व ग्रेनेड भी खरीदने की योजना बनाई थी।

# इसरो कल स्थापित करेगा जीएसएलवी-एफ12 और एनवीएस-01 उपग्रह

**एजेंसी। चेन्नई**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) सोमवार को श्रीहरिकोटा के स्पेसपोर्ट से जीएसएलवी-एफ12, एनवीएस-01 उपग्रह स्थापित करेगा। यह जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल मिशन एनवीएस-01 नेविगेशन उपग्रह को तैनात करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसका वजन लगभग 2,232 किग्रा है। उसे जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट में रखा गया है। इसके बाद की कक्षा को ऊपर उठाने की तकनीक का इस्तेमाल उपग्रह को इच्छित कक्षा में ले जाने के लिए किया जाएगा। इसरो के सूत्रों ने कहा कि उपग्रह को ले जाने वाला तीन चरणों वाला रॉकेट श्रीहरिकोटा के दूसरे लॉन्च पैड से सोमवार सुबह एसडीएससी-शार रेंज से 10



बजकर 42 मिनट पर प्रक्षेपित किया जायेगा। जीएसएलवी-एफ12, एनवीएस-01 को जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) में तैनात करेगा। एनवीएस -01 भारतीय नक्षत्र सेवाओं के साथ नेविगेशन के लिए परिकल्पित दूसरी पीढ़ी के उपग्रहों में से पहला है। यह इस साल का पहला जीएसएलवी मिशन है।

उल्लेखनीय है कि फरवरी में लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान एसएसएलवी-डी2 की दूसरी विकासात्मक उड़ान, मार्च में एलवीएम-एम3 मिशन और अप्रैल में पीएसएलवी-सी55 मिशन के सफल प्रक्षेपण के बाद वर्ष 2023 में इसरो का यह चौथा मिशन है।

# छत्तीसगढ़ में नक्सली मुठभेड़, जवान घायल



**एजेंसी। कांकेर/ रायपुर**

छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के बड़गांव थाना क्षेत्र में शनिवार को तड़के नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में बीएसएफ का एक जवान घायल हो गया। उसे अस्पताल पहुंचाया गया है। पखांजुर अनुविभागीय अधिकारी रवि कुजूर ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि घायल जवान मेंड्रा कैंप बीएसएफ 178 बीएन का है। इस कैंप के जवान सर्चिंग के लिए निकले थे। उन्होंने बताया कि इस दौरान घात लगाकर बैठे नक्सलियों ने जवानों पर हमला कर दिया। जवानों ने भी इसका मुंहतोड़ जवाब दिया। मुठभेड़ में एक महिला नक्सली के भी घायल होने की सूचना है। यह महिला नक्सली संगठन आरकेबी डिवीजन की सदस्य बताई जा रही है।

# कर्नाटक में कांग्रेस की नई सरकार के 24 मंत्रियों ने ली शपथ

**एजेंसी। बेंगलुरू**

कर्नाटक में कांग्रेस की नई सरकार शनिवार को 24 कैबिनेट मंत्रियों राजभवन में शपथ दिलाया गया। राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने नवनियुक्त मंत्रियों को शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री सिद्दारमैया, उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार और स्पीकर यू.टी. खादर ने नए मंत्रियों को बधाई दी। समारोह से पहले पत्रकारों से बात करते हुए, सिद्दारमैया ने कहा कि कैबिनेट मंत्रियों के विभागों का आवंटन आज (शनिवार) या कल (रविवार) तक किया जाएगा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एच. के. पाटिल, एन. चेलुवरायस्वामी, सिद्दारमैया, के. वेंकटेश द्वारा शुरू किए गए अहिंदा आंदोलन के साथ खड़े होने वाले एकमात्र वोक्कालिगा विधायक ईश्वर खंड्रे, शरणबसप्पा बापूगौडा दर्शनापुर और आर.बी. थिम्मापुर ने ईश्वर के नाम पर शपथ ली। कांग्रेस नेता शिवराज तंगाडगी, एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन



खड़गे के करीबी शरणप्रकाश रुद्रप्पा पाटिल, मोगावीरा समुदाय से संबंधित मंकल वैद्य और जैन समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले डी. सुधाकर, संतोष लाड, एआईसीसी सचिव और तेलंगाना कांग्रेस प्रभारी एन.एस. बोसेराजू, सीएम सिद्दारमैया के करीबी विश्वासपात्र भैरथी सुरेश, मधु बंगारप्पा और एम.सी. सुधाकर ने भी भगवान के नाम पर शपथ ली। कांग्रेस नेता एच.सी. महादेवप्पा ने सत्य और निष्ठा की शपथ ली। के.एन. राजन्ना ने बुद्ध, बसव, अंबेडकर और महर्षि वाल्मीकि के नाम पर शपथ ली। कांग्रेस नेता शिवानंद पाटिल ने बसवन्ना के नाम पर शपथ ली। एसएस मल्लिकार्जुन ने भगवान कल्लेश्वर के नाम पर शपथ ली। लक्ष्मी हेब्बालकर ने जगज्योति बसवेश्वर, छत्रपति शिवाजी, बाबासाहेब डॉ. बी.आर. अम्बेडकर, मतदाता और अपनी मां के नाम पार शपथ ली। वरिष्ठ कांग्रेस नेता रहीम खान ने अल्लाह के नाम पर शपथ ली। बेल्लारी जिले से शक्तिशाली भाजपा नेता बी श्रीरामुलु को हराने वाले बी नागेंद्र ने महर्षि वाल्मीकि और भगवान के नाम पर शपथ ली. कृष्णा बायरे गौड़ा, दिनेश गुंडु राव ने भी शपथ ली। सिद्दारमैया और शिवकुमार के अलावा आठ और मंत्री जी. परमेश्वर, के.एच. मुनियप्पा, के.जे. जॉर्ज, एम.बी. पाटिल, सतीश जरकिहोली, प्रियांक खड़गे, रामालिम्गा रेड्डी और बी.जेड. जमीर अहमद खान ने पिछले शनिवार को बेंगलुरु में शपथ ली थी। हालांकि, उनमें से किसी को भी अभी तक कोई पोर्टफोलियो आवंटित नहीं किया गया है। मधु बंगारप्पा, बी. नागेंद्र, एम.सी. सुधाकर, लक्ष्मी हेब्बलकर, भैरथी सुरेश, मंकल वैद्य और एन.एस. बोसेराजू ने पहली बार कैबिनेट मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला।

# एनआईए ने मांगी यासीन मलिक के लिए मौत की सजा

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आतंकवादी फंडिग के आरोप में जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के प्रमुख यासीन मलिक को मौत की सजा दिलाने के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है, जिसको लेकर प्रदेश के राजनीतिक दलों ने अलग-अलग प्रतिक्रिया व्यक्त की है। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कहा कि यासीन जैसे राजनीतिक कैदी के मामले की 'समीक्षा और पुनर्विचार' किया जाना चाहिए। अपनी पार्टी के प्रमुख अल्ताफ बुखारी ने कहा, 'निवारक उपाय' उन लोगों के खिलाफ किए जाने चाहिए, जो राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने की कोशिश कर रहे हैं।

# औषधि उद्योग वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए गुणवत्ता किफायती विनिर्माण पर दें ध्यान : डॉ . मांडविया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि घरेलू औषधि उद्योग को वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा के लिए गुणवत्ता और किफायती विनिर्माण पर ध्यान केंद्रित करना होगा। मांडविया ने शनिवार को प्रमुख दवा कंपनियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के साथ गोलमेज बैठक में उद्योग जगत से अनुसंधान एवं नवोन्मेष पर ध्यान बढ़ाने के लिए कहा। सरकारी बयान के अनुसार, मंत्री ने बैठक में कहा, यह क्षेत्र तेज गति से प्रगति कर रहा है और 'दुनिया की फामेर्सी' की अपनी छवि को बनाए रखने के लिए हमें



अनुसंधान एवं नवोन्मेष पर ध्यान बढ़ाते हुए गुणवत्ता एवं किफायती विनिर्माण पर ध्यान देने की जरूरत है। रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय की भी जिम्मेदारी संभाल रहे मांडविया ने संबंधित लोगों से मौजूदा अवसरों का लाभ उठाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाओं के साथ-साथ आगामी औषधि पार्कों के रूप में पर्याप्त निवेश के उपयोगी परिणाम सामने आ रहे हैं। सरकार की प्रतिबद्धता और संकल्प को दोहराते हुए मांडविया ने कहा कि सरकार की नीतियां उद्योग के अनुकूल है और सहयोग के अवसरों का स्वागत करती है। उन्होंने कहा कि सरकार और उद्योग, दोनों देश की प्रगति के अभिन्न अंग हैं और उन्हें समग्र विकास हासिल करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। माडंविया ने सरकार के सहयोग की प्रतिबद्धता दोहराते हुए संबंधित पक्षों को मूल्य निर्धारण, नियामक, नीति और रणनीति के पहलुओं से संबंधित सुझाव देने के लिए आमंत्रित किया।

# नेपाल के पीएम प्रचंड 31 मई से भारत की 4 दिवसीय यात्रा पर

**नई दिल्ली।** नेपाल के पीएम पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' 31 मई से भारत की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचेंगे। इस दौरान वह पीएम मोदी के साथ उच्चस्तरीय बैठक करेंगे। यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने शनिवार को दी। भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि दिसंबर 2022 में पदभार ग्रहण करने के बाद नेपाल के प्रधानमंत्री की यह पहली द्विपक्षीय विदेश यात्रा होगी। उनके साथ एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी भारत आएगा। प्रचंड इस दौरान राष्ट्रपति मुर्मू-उपराष्ट्रपति धनखड़ से भी मुलाकात करेंगे। वह भारत और नेपाल की द्विपक्षीय साझेदारी के विविध क्षेत्रों पर चर्चा करने के लिए मोदी से मुलाकात करेंगे।




## सेट पर महिलाओं से होने वाले बर्ताव पर भड़कीं एक्ट्रेस अदा शर्मा



'**द केरल स्टोरी**' फेम एक्ट्रेस अदा शर्मा इन दिनों सुर्खियों में हैं। इससे पहले अदा ने कई हिंदी, तमिल, तेलुगू और मलयालम फिल्मों में काम किया था, लेकिन "द केरल स्टोरी" ने अदाकारा को अलग पहचान दिलाई। अदा ने हाल ही में एक कार्यक्रम में शिरकत की थी, क्योंकि फिल्म ने केवल 18 दिनों में 200 करोड़ रुपये के क्लब में प्रवेश किया था। इस बार एक्ट्रेस ने बॉलीवुड में फीमेल एक्टर्स के साथ हो रहे अनुचित व्यवहार पर कमेंट किया है। एक्ट्रेस अदा शर्मा ने हाल ही में सिद्धार्थ कन्नन के शो में शिरकत की। इस दौरान अदा ने कहा, "मैं इस इंडस्ट्री में कई अच्छे लोगों से मिली हूं।

## 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' को जिंदगी का 'अभिशाप' मानते हैं अनुराग कश्यप



**अनुराग** कश्यप की 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' बेशक दर्शको को काफी पसंद आई हो, लेकिन निर्देशक इस फिल्म को 'अभिशाप' मानते हैं। फिल्म मेकर अनुराग कश्यप अपनी फिल्म 'कैनेडी' के प्रमोशन में बिजी है। हाल ही में उनकी इस फिल्म का प्रीमियर कान फिल्म फेस्टिवल में हुआ, जहां 8 मिनट का स्टैंडिंग ओवेशन मिला। आधी रात के स्क्रीनिंग सेक्शन में ग्रैंड थिएटर लुमियर में 'कैनेडी' की स्क्रीनिंग के अनुभव के बारे में बात करते हुए, कश्यप ने अपनी फिल्म 'ऑलमोस्ट प्यार विद डीजे मोहब्बत' का जिक्र करते हुए खुद का मजाक बनाया। उन्होंने ब्रूट इंडिया से कहाः यह वास्तव में जबरदस्त था, यह थियेटर लुमियर में मेरी पहली फिल्म है, जिसमें 2,500 लोगों ने फिल्म की सराहना की है।

# दिल्ली विश्वविद्यालय | राजनीति विज्ञान के पाठ्यक्रम से बाहर हुए इकबाल, बोले कुलपति

# डॉ.आंबेडकर को अधिकाधिक पढ़ाने पर दिया जोर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली विश्वविद्यालय की अकादमिक काउंसिल की 1014वीं बैठक में स्नातक पाठ्यक्रम पर चर्चा के दौरान पॉलिटिकल साइंस के सिलेबस से अल्लामा इकबाल को बाहर कर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि भारत को तोड़ने की नींव डालने वालों को सिलेबस में नहीं होना चाहिए। कुलपति के प्रस्ताव को हाउस ने सर्वसम्मति से पारित कर दिया। बैठक में अंडर ग्रेजुएट करिकुलम फ्रेमवर्क (यूजीसीएफ) 2022 के तहत अनेक कोर्सों के चौथे, पांचवें और छठे सेमेस्टर के पाठ्यक्रमों को पारित किया गया। इस अवसर पर कुलपति ने डॉ. भीमराव आंबेडकर को अधिकाधिक पढ़ाने पर भी जोर दिया। बैठक में दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा प्रस्तावित बीए के पाठ्यक्रम के संबंध में स्थायी समिति की सिफारिशों पर भी विचार किया गया और



दर्शनशास्त्र विभाग के प्रमुख सहित सर्वसम्मति से उन्हें मंजूरी दी गई। दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा प्रस्तुत किए गए बीए के पाठ्यक्रम में 'डॉ आंबेडकर का दर्शन', 'महात्मा गांधी का दर्शन' और 'स्वामी विवेकानंद का दर्शन' भी शामिल हैं। इसके अलावा कुलपति ने दर्शनशास्त्र विभाग के प्रमुख से अनुरोध किया की सावित्रीबाई फुले को पाठ्यक्रम में शामिल करने की संभावनाओं को भी तलाशा जाए। कुलपति ने दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के अर्थशास्त्र विभाग के प्रमुख को बी आर आंबेडकर के आर्थिक विचारों पर भी एक पेपर तैयार करने की सलाह दी। उन्होंने अर्थशास्त्र में इंडियन इकोनॉमिक मॉडल, यूएस मॉडल और यूरोपियन मॉडल आदि भी पढ़ाने की भी सलाह दी। कुलपति ने इकबाल को लेकर कहा कि इकबाल ने 'मुस्लिम लीग' और ₹पाकिस्तान आंदोलन₹ को समर्थन करने वाले गीत लिखे। भारत के विभाजन और पाकिस्तान की स्थापना का विचार सबसे पहले इकबाल ने ही उठाया था। ऐसे व्यक्तियों को पढ़ाने की बजाय हमें अपने राष्ट्र नायकों को पढ़ना चाहिए। दिल्ली विश्वविद्यालय के काउंसिल हाल में शुक्रवार को सुबह साढ़े दस बजे से शुरू हुई यह बैठक रात को एक बजकर 20 मिनट पर संपन्न हुई। करीब 15 घंटे चली इस बैठक में जहां अनेक यूजी पाठ्यक्रमों को पारित किया गया, वहीं उदमोदय फाउंडेशन की ह्ययूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली इनोवेशन एंड स्टार्टअप पॉलिसीह्व को भी मंजूरी दी गई। इसके साथ ही फैकल्टी ऑफ टेक्नॉलॉजी द्वारा बीटेक के तीन नए प्रोग्रामों को भी शैक्षणिक सत्र 2023-2024 से शुरू करने की मंजूरी दी गई। इसके तहत बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, बीटेक इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग और बीटेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के प्रोग्राम शुरू किए जाएंगे। इसके अलावा एलएलबी के पांच वर्षीय दो नए कोर्सों को शुरू करने को भी बैठक में मंजूरी दी गई।

## सुपर स्टार यश कुमार की फिल्म 'एक था जोकर', फर्स्ट लुक हुआ आउट




**सुपरस्टार** अभिनेता यश कुमार जल्दी एक नई फिल्म लेकर भोजपुरी बॉक्स ऑफिस पर नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का नाम 'एक था जोकर' है, जिसका फर्स्ट लुक आउट कर दिया गया है। इसमें यश कुमार एक पारंपरिक गेटअप में हाथ में चाबुक लिए नजर आ रहे हैं। फिल्म के निमार्ता यश कुमार इंटरटेनमेंट और निधि मिश्रा हैं। उन्होंने बताया कि यह एक अलग और अनोखी कहानी पर आधारित फिल्म होने वाली है जिसका निर्माण भव्य पैमाने पर किया जाएगा। फिल्म के निर्देशक सुजीत वर्मा हैं। यश कुमार एंटरटेनमेंट द्वारा प्रस्तुत फिल्म 'एक था जोकर' को लेकर यश कुमार ने कहा कि फिल्म की कहानी उन्होंने खुद लिखी है और इसपर काफी मेहनत की गई है। फिल्म को लेकर हमारी सोच यह थी कि हम ऐसी फिल्म लेकर आएं जो अब तक भोजपुरी स्क्रीन पर दर्शकों ने नहीं देखा है।

## केंद्रीय गृह विभाग ने झारखंड पुलिस मुख्यालय से 66 डीएसपी के कैरेक्टर की मांगी जानकारी

# जानकारी मिलते ही नियम के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी




**यह जानकारी झारखंड पुलिस मुख्यालय के आईजी एचआर अखिलेश झा ने शनिवार को दी। उन्होंने बताया कि एडीजी वायरलेस, डीआईजी, सभी जिले के एसएसपी, एसपी और सभी कमांडेंट से मांगी गई है**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
केंद्रीय गृह विभाग ने झारखंड पुलिस मुख्यालय को पत्र लिखकर 66 डीएसपी के कैरेक्टर की जानकारी मांगी है। राज्य पुलिस सेवा में दस साल पूरे कर चुके 66 डीएसपी को एमएसीपी का लाभ दिया जायेगा। गृह विभाग का पत्र मिलने के बाद पुलिस मुख्यालय ने जिले के एडीजी वायरलेस, बोकारो और हजारीबाग के डीआईजी, सभी जिले के एसएसपी, एसपी और सभी कमांडेंट से इन सभी डीएसपी के कैरेक्टर की जानकारी मांगी है। यह जानकारी झारखंड पुलिस मुख्यालय के आईजी एचआर अखिलेश झा ने शनिवार को दी। उन्होंने बताया कि 66 डीएसपी के कैरेक्टर की जानकारी एडीजी वायरलेस, डीआईजी, सभी जिले के एसएसपी, एसपी और सभी कमांडेंट से मांगी गई है। जानकारी मिलते ही मामले में नियम के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी। इन डीएसपी में ओमप्रकाश तिवारी, विकास आनंद लागूरी, मनीष कुमार, दिलीप खलखो, सुमित कुमार, चंदन कुमार वत्स, संतोष कुमार, प्रमोद कुमार केसरी, नाजीर अख्तर, अनुज उरांव, अभिषेक कुमार, अरविंद कुमार, अमर कुमार पांडे ,पूनम मिंज, पुरुषोत्तम कुमार सिंह, प्रवीण कुमार सिंह, राजा कुमार मित्रा, दीपक कुमार, जीत वाहन उरांव, कपिंद्र उरांव, प्रकाश सोए, जयदीप लकड़ा, बैजनाथ प्रसाद, नवनीत एंथोनी हेंब्रम, अजीत कुमार विमल, प्रदीप उरांव, मनोज कुमार झा, आनंद ज्योति मिंज, मंगल सिंह जामुदा, धीरेंद्र नारायण बंका, संजीव कुमार बेसरा, पवन कुमार, संदीप भगत, सकील आबिद शम्स, अजीत कुमार सिन्हा, विकास चंद्र श्रीवास्तव, कौसर अली, ज्ञानरंजन, तौकीर आलम, प्रदीप कुमार कच्छप, अमित कुमार कच्छप, अशोक कुमार सिंह, रणवीर सिंह, संजय कुमार, सुदर्शन कुमार आस्तिक, मजरुल होदा, अविनाश कुमार, वचन देव कुजुर और सतीश चंद्र झा, संदीप कुमार गुप्ता, राजकिशोर, नीरज कुमार, मुजीब उर रहमान, श्रद्धा केरकेट्टा, विजय कुमार महतो, सुनील कुमार रजवार, समीर कुमार सवैया, अजीत केरकेट्टा, अरविंद कुमार वर्मा, वेंकटेश्वर रमन, बहामन टूटी, फैज अकरम, आशीष कुमार महली, मनोज कुमार महतो और भूपेंद्र प्रसाद रावत शामिल हैं।

### झारखंड के उत्कृष्ट विद्यालयों में प्रवेश परीक्षा 30 मई को

**रांची।** झारखंड के उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। झारखंड के इन स्कूलों में एडमिशन के लिए आवेदन आना भी शुरू हो गया है। अब तक पूरे राज्यभर से एडमिशन के 40 हजार से ज्यादा आवेदन आ चुकें हैं। पूरे राज्य में अभी फिलहाल 12,146 सीटों पर एडमिशन होने वाला है। इन आवेदनों की स्क्रूटनी के बाद 30 मई को इन स्कूलों में एडमिशन के लिए प्रवेश परीक्षा ली जाएगी। प्रवेश परीक्षा के प्रश्नपत्र जिलावार तैयार किए जाएंगे। सात जून को इस परीक्षा की मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। इस मेरिट लिस्ट के आधार पर 12 जून से एडमिशन शुरू हो जाएगा। इस आदेश के अनुसार अब से झारखंड के इन उत्कृष्ट विद्यालयों को सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के नाम से जाना जाएगा। स्कूली शिक्षा सचिव के रविकुमार ने बताया कि सभी जिलों में ये उत्कृष्ट विद्यालय अलग-अलग नामों से जान जाएंगे।

## नाबालिग के साथ दुष्कर्म मामले में एक गिरफ्तार




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
ठाकुरगांव थाना पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के मामले में विशाल करमाली को गिरफ्तार किया है। वह मूल रुप से बड़कागांव हजारीबाग का रहने वाला है। आरोपित के पास से घटना के वक्त पहना हुआ कपड़ा भी बरामद किया गया है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने शनिवार को बताया कि एक शादी समारोह में पहुंचे रिश्तेदार (मौसा ) ने नाबालिग को मिठाई खरीदने के बहाने ले जाकर कोराबार जंगल में दुष्कर्म किया। नाबालिग के घर नहीं लौटने की जानकारी मां ने पिता को दी। इसके बाद आस-पास के लोग नाबालिग को खोजने लगे। इसी क्रम में ग्रामणों ने बच्ची को जंगल में बेहोशी की अवस्था में देखा। उसे अस्पताल ले गए, जहां इलाज के बाद होश में आने के बाद बच्ची ने मामले की जानकारी परिजनों को दी। मामले को लेकर बच्ची के परिजनों ने ठाकुरगांव थाने में 24 मई को मामला दर्ज कराया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित को हजारीबाग से गिरफ्तार किया।

# राज्य में बिजली संकट को लेकर भाजपा ने किया प्रदर्शन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
बिजली और पानी संकट को लेकर भाजपा रांची महानगर ने शनिवार को प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन जिला स्कूल मैदान से लेकर कचहरी चौक तक हुआ। इस दौरान सरकार से इस्तीफे की मांग की गई। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में भाजपा की महिला कार्यकर्ता भी शामिल हुईं। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में कैंडल, घड़ा और ढिबरी ले रखा था। जिला स्कूल से निकलने के बाद यात्रा कचहरी चौक पहुंची। इसका नेतृत्व विधायक सीपी सिंह, महामंत्री सुबोध सिंह गुड्डू, प्रतुल शाहदेव सहित महानगर के नेता कर रहे थे। इस दौरान कैंडल और ढिबरी जलाकर बिजली समस्या की ओर तथा घड़ा फोड़कर पेयजल संकट की ओर ध्यान आकृष्ट कराया गया। मौके पर भाजपा नेताओं ने जमकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। नेताओं ने कहा कि बिजली की संकट सिर्फ राजधानी रांची में ही नहीं, बल्कि पूरे राज्य में है। हेमंत सोरेन की सरकार बिजली पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं भी मुहैया नहीं करा पा रही है। अब हालत यह है कि पूरे राज्य में उद्योग धंधों पर संकट आ गया है। यही स्थिति रही तो उद्योग धंधे बंद हो सकते हैं। उद्योग धंधों के बंद होने से लोगों के रोजगार पर भी असर पड़ेगा।

### ट्रैफिक पुलिस के जवान ने सड़क पर गिरे 20 हजार रुपये को थाने में जमा किया



**रांची।** राजधानी रांची के ट्रैफिक पुलिस के जवान ने ईमानदारी की मिसाल पेश कर पुलिस का मान बढ़ाया है। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को हरमू रोड स्थित शनि मंदिर के पास ट्रैफिक ड्यूटी पर तैनात मकबूल अली को सड़क पर 20 हजार रुपये गिरे मिले। उन्होंने इसकी सूचना ट्रेट्रा (वायरलेस एसएसपी) को दी। इसके बाद 20 हजार रुपये को सुखदेवनगर थाने में जमा कर दिया। सभी नोट दो-दो हजार रुपये के थे। थाना प्रभारी ने बताया कि पर्याप्त साक्ष्य के बाद रुपये जिसके भी होंगे उन्हें दे दिया जायेगा।

## पुरुष हॉकी चैंपियनशिप के लिए झारखंड टीम का चयन ट्रायल रांची में हुआ संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
13 वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2023 के लिए झारखंड टीम का चयन ट्रायल शनिवार को रांची में संपन्न हो गया। ओडिशा के राऊलकेला में 12से 22 जून तक हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन किया गया है। इसे लेकर हॉकी खिलाड़ियों का चयन ट्रायल रांची के बरियातू स्थित एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम गर्ल्स हाई स्कूल में किया गया। चयन ट्रायल में झारखंड के कई जिला के कई खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस दौरान कई टीम बनाकर आपस में मैच कराया गया और उनमें से बेहतर 30 खिलाड़ियों का चयन किया गया। इन 30 खिलाड़ियों का विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे और उनमें से बेहतर 18 खिलाड़ियों को चयनित किया जायेगा। जो झारखंड टीम का प्रतिनिधित्व राष्ट्रीय जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप में करेंगे। चयन ट्रायल में मुख्य रूप से हॉकी झारखंड के कोषाध्यक्ष असरिता लकड़ा,संयुक्त सचिव माइकल लाल, बिगंन सोय, सीईओ रजनीस कुमार,कोच मनीष कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेस नेताओं ने दी श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
प्रदेश कांग्रेस ने शनिवार को रांची स्थित कार्यालय में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि मनायी। मौके पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के चेयरमैन कैप्टन अजय सिंह यादव एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने नेहरू के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर कैप्टन अजय सिंह यादव ने कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू न सिर्फ भारत के प्रधानमंत्री थे, बल्कि वे आधुनिक भारत के निमार्ता थे। आजादी के बाद उन्होंने देश का निर्माण किया। देश में ओद्योगिकरण, कृषि क्रांति के माध्यम से एक मजबूत राष्ट्र के निर्माण के लिए आधारशिला रखा। उन्होंने ऐसे वक्त पर हिन्दुस्तान का नेतृत्व किया जब देश टूट चुका था। सामाजिक ताना-बाना बिखर चुका था। आजादी के बाद प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने देश को एकजुटता में बांधते हुए विकास का मार्ग प्रशस्त किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू कांग्रेस के सिद्धांतों को आगे बढ़ाने का काम किया। नेहरू के योगदान के बिना 21वीं सदी के भारत की कल्पना नहीं की जा सकती है। नेहरू लोकतंत्र के निर्भीक प्रहरी थे। उनके प्रगतिशील विचारों ने कई चुनौतियों के बावजूद भारत के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक विकास को दृढ़ता से आगे बढ़ाया। इस वक्त में हम उनके पदचिन्हों पर चलकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं। इस अवसर पर अमुल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, राजीव रंजन प्रसाद, डॉ एम तौसीफ सहित कई नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### मुख्यमंत्री राहत कोष से लखींद्र प्रधान को एक लाख की सहायता

**रांची।** सरायकेला खरसावां निवासी शचिंद्र कुमार दास के बेटे के इलाज के लिए खरसावां प्रखंड के बागरायडीह निवासी लखींद्र प्रधान को मुख्यमंत्री राहत कोष से शनिवार को एक लाख रुपये की सहायता राशि मिली। खरसावां विधायक दशरथ गागराई की पहल पर लखींद्र प्रधान को मुख्यमंत्री राहत कोष से यह राशि मिली है। विधायक दशरथ गागराई ने शनिवार को लखींद्र प्रधान को एक लाख का चेक सौंपा। उल्लेखनीय है कि लखींद्र प्रधान के तीन वर्षीय पुत्र रजत प्रधान का इलाज नियमित रूप से ओडिशा के कटट स्थित ऑर्थोर्पेडिक्स हॉस्पिटल चल रहा है। रजत प्रधान बोन डिसऑर्डर से संबंधित एक बीमारी से ग्रसित है। लंबे समय से इलाज चलने के कारण उसकी आर्थिक स्थिति भी दयनीय हो गयी थी। इस पर विधायक ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से निवेदन कर चिकित्सा के लिए अनुदान उपलब्ध कराने का आग्रह किया था।

**बदलाव** | **झारखंड पुलिस एसोसिएशन इलेक्शनः प्रचार में जूटे प्रत्याशी**

# एक गुट ने चुनाव की तारीख को बदलने की मांग की




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड पुलिस के जूनियर अफसरों की प्रतिनिधि संस्था झारखंड पुलिस एसोसिएशन का चुनाव 16 जून को होगा। चुनाव में वर्तमान अध्यक्ष योगेंद्र सिंह फिर से मैदान में हैं। योगेंद्र सिंह अगर चुनाव इस बार भी जीत जाते हैं तो वह तीसरी बार झारखंड पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष बनेंगे। चुनाव के लिए 14 सदस्यी चुनाव समिति बनायी गई है। सात केंद्रीय पदाधिकारियों के लिए होने वाले मतदान में 1178 डेलीगेट और जिला पदाधिकारी शामिल होंगे। योगेंद्र सिंह पिछले दो बार से अध्यक्ष पद के चुनाव में विजेता रहे हैं। एसोसिएशन में उनका गुट पिछले 2 सालों से अधिकांश सीटें जीतते आ रहा है, इस बार भी उनका पलड़ा बेहद भारी है। **पुलिस एसोसिएशन चुनाव की तारीख बदलने की मांगः** एक तरफ जहां झारखंड पुलिस एसोसिएशन का चुनाव 16 जून को होना तय हो गया है, लेकिन दूसरी तरफ दूसरे गुट के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह ने डीजीपी समेत अन्य वरीय अधिकारियों को पत्र लिखकर चुनाव की तारीख बदलवाने की मांग की है। कमलेश ने लिखा है कि एएसआई से दारोगा में प्रमोशन पा चुके पुलिसकर्मियों का प्रमोशन 15 जून तक होना है। प्रशिक्षण के दौरान ही वर्तमान अध्यक्ष ने चुनाव की तिथि रख दी, जिससे एक बड़ा तबका चुनाव कार्यक्रम से बाहर हो जाएगा। अध्यक्ष प्रत्याशी ने लिखा है कि वह खुद प्रशिक्षण में होने के कारण चुनाव का प्रचार नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में चुनाव की तिथि को आगे बढ़ाया जाए। कौन कौन चुनावी रण मेंः अध्यक्ष पद के लिए योगेंद्र सिंह, कमलेश सिंह, राहुल कुमार मुर्मू के बीच मुकाबला होगा। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए संतोष कुमार महतो, राजीव रंजन गुप्ता, अखिलेश्वर पांडेय, मो। माहताब आलम और ब्रहमदेव प्रसाद मैदान में हैं। महासचिव पद के लिए बालेश्वर प्रसाद यादव और अरविंद प्रसाद यादव दांव लगा रहे हैं। संयुक्त सचिव पद के लिए रोहित कुमार रजक, संजीव कुमार, अशोक कुमार तिवारी और श्रीकांत और संगठन सचिव पद के लिए प्रद्युमन सिंह, निर्मल कुमार यादव और अंजनी कुमार चुनावी रण में हैं।

## पृष्ठ एक का शेष

**नीति आयोग की बैठक में शामिल...**
मनिहारी घाट (बिहार) के मध्य गंगा नदी पर निमार्णाधीन उच्च स्तरीय सेतु की तर्ज पर राजमहल एवं मानिकचक (पश्चिम बंगाल) के मध्य गंगा नदी पर उच्च स्तरीय सेतु निर्माण के लिए एनएचएआई से अनुरोध किया गया है। इस प्रोजेक्ट के लिए हमें केन्द्र सरकार से सहयोग की अपेक्षा है।
मुख्यमंत्री ने कहा कि होली टूरिस्ट कॉरिडोर एवं सेंट्रल कॉरिडोर को चिन्हित कर डीपीआर तैयार किया जा रहा है। इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं के कार्यान्वयन में हमें केन्द्र से सहयोग की अपेक्षा है। झारखंड में नगरीय क्षेत्रों एवं आबादी का निरंतर विकास हो रहा है और इसी के अनुरूप नगरीय अवसंरचनाओं एवं नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए प्रयास किये जा रहे हैं। इसके तहत 10 शहरों का नगर विकास योजना एवं 06 शहरों का व्यापक मोबिलिटी प्लान तैयार किया गया है। राज्य के कुल 43 शहरों का जीआईएस आधारित मास्टर प्लान भी तैयार किया गया है। ऑनलाइन भवन योजना अनुमोदन प्रबंधन प्रणाली एवं लेआउट योजना अनुमोदन प्रबंधन प्रणाली वर्तमान में 45 निकायों, 2 विकास प्राधिकार एवं रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन में लागू है।
मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं का विकास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। राज्य में एसएचजी एवं ग्राम संगठनों में महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करने में झारखंड हमेशा से अग्रणी रहा है। पंचायतों में भी महिलाओं की भागीदारी के मामले में झारखंड की गिनती अव्वल राज्यों में की जाती है। महिला सशक्तिकरण को सुनिश्चित करने के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना चलाई जा रही है। सावित्रीबाई फुले योजनान्तर्गत बालिकाओं की शिक्षा, बाल विवाह की रोकथाम, विद्यालय परित्याग की प्रवृति को कम करने आदि के उद्देश्य से 08 से 12 कक्षा वाले बालिकाओं को नगद आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।
मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वस्थ झारखंड सुखी झारखंड के संकल्प के तहत प्रत्येक व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण एवं सस्ती स्वास्थ्य सेवाओं की सार्वभौमिक पहुंच सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता के फलस्वरूप राज्य के महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सूचकांक तथा सुविधाओं में काफी सुधार हुआ है। वर्तमान में शिशु मृत्यु दर 25 एवं मातृ मृत्यु दर 56 है। कालाजार उन्मूलन के क्षेत्र में किये गये निरंतर प्रयासों के कारण राज्य के चार जिलों यथा दुमका, गोड्डा, पाकुड़ एवं साहेबगंज में एन्डेमिक प्रखण्डों की संख्या 16 से घटकर 01 रह गई है।
दुमका, साहेबगंज तथा गोड्डा जिला में एक भी प्रखण्ड अब एन्डेमिक नहीं है। झारखंड देश का पहला ऐसा राज्य है, जहां के सभी 24 जिलों के 260 प्रखण्डों तथा 32,210 ग्रामों का विश्लेषण कर ग्रामवार कुष्ठ रोगियों का जीआईएस मैपिंग कर दिया गया है। आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत राज्य निधि से अतिरिक्त राशि प्रदान करते हुए 33 लाख से अधिक अतिरिक्त परिवारों को योजना का लाभ प्रदान किया गया है।
**युवाओं को बनाया जा रहा हुनरमंद :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के वंचित वर्गों को कौशल विकास कार्यक्रमों से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री सारथी योजना का शुभारंभ किया गया है, जिसके माध्यम से आने वाले तीन वर्षों में राज्य के सभी 264 प्रखण्डों में कौशल केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त राज्य के सर्वांगीण विकास में सभी गरीब एवं वंचित वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत प्रखंड स्तरीय ग्रामीण कौशल अधिग्रहण संस्थान (बीआईआरएसए) स्थापित करने पर विचार किया जा रहा है।

**विदेशी हथियारों के साथ...**
राकेश सिंह उर्फ मोहनिश, पिता ब्रह्मा सिंह तथा मो. ताकिर उर्फ बम्बईया, पिता अब्दुल रऊफ ग्राम चोपेडीह, मुरपा (लातेहार) को विदेशी हथियारों के साथ गिरफ्तार किया । गिरफ्तार अपराधियों के पास से इटली मेड पिस्टल 1, यूएसए निर्मित पिस्टल 1, कट्टा 1, कारतूस 17, मैगजीन 1, पांच मोबाइल, एयरटेल वाईफाई 2, बिना नंबर की पल्सर मोटरसाइकिल 1 तथा कोल व्यवसायियों के नाम व पता संबंधित डायरी को जब्त किया गया है। वहीं पिपरवार थाने में उक्त मामले को लेकर मुकदमा दर्ज किया गया था। एसपी ने यह भी बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के स्वीकारोक्ति बयानों व साक्ष्यों के आधार पर समर्थन देने वाले कई सफेदपोशों का सत्यापन किया जा चुका है, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा छापेमारी की जा रही है। पुलिस के अनुसार इसके आलावा तीनों गिरफ्तार उग्रवादी पिपरवार व खलारी थाना क्षेत्र में संचालित कोल परियोजनाओ में टीएसपीसी नक्सली संगठन पर बैन लगने के बाद केजीएफ नामक संगठन बनाकर कोल व्यवसाइयो को लेवी व रंगदारी की मांग को लेकर लगातार धमकी दे रहे थे।

**पुलिस से बचने के लिए स्नैचर ने...**
दबोचा. जैसे ही सलमान और जफर को पुलिस के जवानों ने दबोचा है पुलिस से बचने के लिए सलमान ने छीनी हुई सोने की चेन को निगल लिया. हालांकि सलमान को सोने की चेन निगलते पुलिसकर्मियों ने देख लिया था , ऐसे में सलमान और जफर तक कोई भी बहाना पुलिस वालों के सामने नहीं चला।
**एक्स रे में दिखा सोने की चेन :** मामले की जानकारी मिलने के बाद हटिया डीएसपी राजा मित्रा ने पहल करते हुए सलमान के पेट और छाती का एक्सरे करवाया , एक्सरे में साफ साफ दिखा कि सोने का चेन सलमान के छाती में अटका पड़ा है. सीने में सोने की चेन को अटका पड़ा देख सलमान की हालत खराब हो गई ,वह पुलिस वालों के सामने हाथ जोड़ने लगा कि उसे बचा लिया जाए नहीं तो वह मर जाएगा ,क्योंकि सोने की चैन निकलने की वजह से उसके सीने में दर्द होने लगा था. फिलहाल सलमान को रांची के रिम्स अस्पताल में पुलिस की निगरानी में भर्ती करवाया गया है. रिम्स के डॉक्टर से सलाह मशवरा कर रहे हैं कि उसके छाती सोने की चेन को कैसे निकाला जाए ,क्योंकि अगर ज्यादा देर सोने की चेन सीने के अंदर रहा तो इन्फेक्शन का खतरा हो जाएगा।

**नये संसद भवन का...**
प्रयुक्त सागौन की लकड़ी महाराष्ट्र के नागपुर से लाई गई है, जबकि लाल और सफेद बलुआ पत्थर राजस्थान के सरमथुरा से लाया गया है। राष्ट्रीय राजधानी में लाल किले और हुमायूं के मकबरे के लिए बलुआ पत्थर भी सरमथुरा से लाया गया था। हरा पत्थर उदयपुर से, तो अजमेर के पास लाखा से लाल ग्रेनाइट और सफेद संगमरमर अंबाजी राजस्थान से मंगवाया गया है। एक अधिकारी ने कहा, एक तरह से लोकतंत्र के मंदिर के निर्माण के लिए पूरा देश एक साथ आया है। इस प्रकार यह एक भारत, श्रेष्ठ भारत की सच्ची भावना को दशार्ता है। लोकसभा और राज्यसभा कक्षों में फाल्स सीलिंग के लिए स्टील की संरचना केंद्र शासित प्रदेश दमन और दीव से मंगाई गई है, जबकि नये भवन के लिए फर्नीचर मुंबई में तैयार किया गया था। इमारत पर लगी पत्थर की जाली राजस्थान के राजनगर और उत्तर प्रदेश के नोएडा से मंगवाई गई थी। अशोक चिह्न के लिए सामग्री महाराष्ट्र के औरंगाबाद और राजस्थान के जयपुर से लाई गई थी, जबकि संसद भवन के बाहरी हिस्सों में लगी सामग्री को मध्य प्रदेश के इंदौर से मंगाया गया था। पत्थर की नक्काशी का काम आबू रोड और उदयपुर के मूर्तिकारों द्वारा किया गया था। वहीं, पत्थरों को कोटपूतली, राजस्थान से लाया गया था। नये संसद भवन में निर्माण गतिविधियों के लिए ठोस मिश्रण बनाने के वास्ते हरियाणा के चरखी दादरी में निर्मित रेत या एम-रेत का इस्तेमाल किया गया। एम रेत एक प्रकार की कृत्रिम रेत है, जिसे बड़े सख्त पत्थरों या ग्रेनाइट को बारीक कणों में तोड़कर बनाया जाता है और जो नदी की रेत से अलग होती है। निर्माण में इस्तेमाल की गई फ्लाई ऐश की ईंटें हरियाणा और उत्तर प्रदेश से मंगवाई गई थीं, जबकि पीतल के काम के लिए सामग्री और पहले से तैयार सांचे गुजरात के अहमदाबाद से लाए गए थे। नये संसद भवन में, दोनों सदनों (लोकसभा और राज्यसभा) की संयुक्त बैठक में 1,280 सदस्य शामिल हो सकेंगे। संसद का मौजूदा भवन 96 साल पुराना है, जिसका निर्माण कार्य 1927 में पूरा हुआ था। तत्कालीन वाइसरॉय लॉर्ड इरविन ने 18 जनवरी 1927 को इसका उद्घाटन किया था। अभिलेखीय दस्तावेजों और पुरानी दुर्लभ तस्वीरों के मुताबिक, इस भव्य इमारत के उद्घाटन के लिए 18 जनवरी 1927 को एक भव्य आयोजन किया गया था। उस समय इसे काउंसिल हाउस के रूप में जाना जाता था।

### धोनी की यादगार विदाई की राह में 'रन मशीन' शुभमन गिल की चुनौती

# सीएसके-गुजरात में कौन बनेगा विजेता?

**एजेंसी। अहमदाबाद**

चेन्नई सुपर किंग्स के करिश्माई कप्तान महेंद्र सिंह धोनी पांचवां आईपीएल खिताब जीतकर अपनी 'विदाई' को यादगार बनाना चाहेंगे लेकिन उनकी राह में गुजरात टाइटंस के शुभमन गिल के रूप में ऐसी 'रन मशीन' है जिसके बल्ले पर अंकुश लगाना इस सत्र में गेंदबाजों के लिए टेढी खीर साबित हुआ है। आईपीएल फाइनल में 'मिडास टच' के लिये मशहूर एक अनुभवी कप्तान का सामना एक ऐसे युवा बल्लेबाज से है जो तकनीक में भी माहिर है लिहाजा दर्शकों को मनोरंजन की पूरी सौगात मिलेगी। एक भारतीय क्रिकेट का सुनहरा इतिहास है तो दूसरा आने वाले उज्ज्वल कल। करीब 19 साल पहले जब युवा धोनी भारतीय टीम में पदार्पण की तैयारी कर रहे थे तब चार साल का गिल पाकिस्तान सीमा पर पंजाब के फजिल्का गांव में अपने दादा द्वारा हाथ से बनाये गए बल्ले से अपने बड़े से खेत में खेल रहा था। आज नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर



जब 132000 दर्शक जल्दी ही 42 वर्ष के होने जा रहे धोनी को शायद आखिरी बार पीली जर्सी में देखेंगे तब भारतीय क्रिकेट का भावी सुपरस्टार गिल अपने हाथ में आईपीएल की ट्रॉफी थामने को बेताब होगा। तीन शतक और 851 रन बना चुके गिल के बल्ले पर अंकुश लगाना धोनी की सीएसके के सामने सबसे बड़ी चुनौती होगी। दीपक चाहर की स्विंग या रविंद्र जडेजा की विकेट पर गेंदबाजी। मोईन अली की आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंद या मथीषा पथिराना की सीधे पैर पर पड़ती गेंद, कोई नहीं जानता कि तकनीक के धनी गिल की एकाग्रता किस गेंद पर भंग होगी। धोनी के प्रशंसक उन्हें अगले साल फिर खेलते देखना चाहेंगे लेकिन पूरा आईपीएल उन्होंने बायें घुटने पर पट्टी बांधकर खेला है लिहाजा उनके लिये अगले सत्र में फिर खेलना मुश्किल लग रहा है। इसलिये 'थाला' (तमिल में बड़ा भाई) के प्रशंसकों के लिये यह धोनी के आखिरी मैच के हर पल को यादों में कैद करने का अवसर है । वह अधिकांश मैचों में आठवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिये उतरे हैं लेकिन तुषार देशपांडे जैसे अनुभवहीन गेंदबाज और शिवम दुबे जैसे युवा बल्लेबाज को उन्होंने आत्मविश्वास दिया है। धोनी का करिश्मा कभी खत्म नहीं होगा। उनकी कप्तानी भारतीय क्रिकेट की किवदंतियों का हिस्सा रहेगी।

दूसरी ओर गुजरात के पास हार्दिक पांड्या के रूप में ऐसा कप्तान है जिसका मानना है कि टीम की कप्तानी का एक ही तरीका है जो धोनी से उन्होंने सीखा है। बल्लेबाज मैच जीतते हैं लेकिन गेंदबाज टूर्नामेंट जीतते हैं और यह टाइटंस ने साबित कर दिया है। मोहम्मद शमी (28 विकेट), राशिद खान (27 विकेट) और मोहित शर्मा (24 विकेट) ने अपने काम को बखूबी अंजाम दिया है। वहीं बल्लेबाजी में गिल के अलावा पंड्या ने 325 रन बनाये हैं। चेन्नई के लिये डेवोन कोंवे (625 रन), रूतुराज गायकवाड़ (564 रन), अजिंक्य रहाणे 13 मैचों में 299 रन बना चुके हैं जबकि दुबे ने 386 रन बनाये हैं। इस आईपीएल में दुबे 33 छक्के लगा चुके हैं। गेंदबाजी में श्रीलंका के पथिराना ने 17 और देशपांडे ने 21 विकेट लिये।

## यूपी के शार्दुल विहान तीसरी बार खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में भाग लेने के लिए तैयार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

उत्तर प्रदेश के एकमात्र ट्रैप शूटर शार्दुल विहान तीसरी बार खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की शान बढ़ाने के लिए तैयार हैं। 2018 जकार्ता एशियाई खेलों में, शार्दुल ने डबल ट्रैप स्पर्धा में रजत पदक जीतकर इतिहास रच दिया था और एशियाई खेलों में भारत के लिए पदक जीतने वाले सबसे कम उम्र के एथलीट बन गए थे। अब, शार्दुल खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए तैयार हैं और अपनी उपलब्धियों में स्वर्ण पदक जोड़ने का लक्ष्य रखते हैं। शोभित विश्वविद्यालय में बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बीबीए) कर रहे तीसरे वर्ष के छात्र मेरठ के रहने वाले शार्दुल ने क्रोएशिया के ओसिजेक शहर में आयोजित वालर्ज चैंपियनशिप में जूनियर ट्रैप टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। शार्दुल ने कहा कि उनका लक्ष्य खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में अपने पदकों का रंग बदलना है। उन्होंने पहले भुवनेश्वर और बैंगलोर में शूटिंग स्पधाओं में भाग लिया था, जहां उन्होंने दोनों अवसरों पर कांस्य



पदक जीते थे। उनके पिता रियल एस्टेट के कारोबार से जुड़े हैं और शार्दुल ने खुद 12 साल की उम्र में शूटिंग शुरू कर दी थी। वह दिल्ली में शूटिंग का अभ्यास करते हैं और अभ्यास के लिए रोजाना मेरठ से दिल्ली आते-जाते थे। चुनौतियों के बावजूद देश के लिए मेडल लाने का उनका जज्बा कायम रहा और लगन से दूरी कम नजर आई। शार्दुल का मानना है कि खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में शॉटगन शूटिंग में प्रतिस्पर्धा का स्तर ऊंचा है क्योंकि खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए अपने कौशल को व्यवस्थित तरीके से प्रदर्शित करना होता है। पूरे भारत से भाग लेने वाले विश्वविद्यालयों ने इसे एक राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता बना दिया है, जो सुव्यवस्थित है और नए खिलाड़ियों के लिए एक अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्रदान करता है। अन्य एथलीटों की तरह, शार्दुल का अंतिम लक्ष्य ओलंपिक में भारत के लिए पदक जीतना है। वर्तमान में दिल्ली में कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में अभ्यास कर रहे शार्दुल ने जोर देकर कहा कि ओलंपिक स्वर्ण पदक किसी भी खिलाड़ी के लिए शिखर होता है। वह निशानेबाजी में अपने देश, राज्य और परिवार के लिए स्वर्ण पदक लाना चाहते हैं। खुद को मेंटली फिट रखने के लिए शार्दुल योग और प्राणायाम करते हैं। शारीरिक फिटनेस के लिए, वह बैडमिंटन खेलते हैं। उनका मानना है कि यह हाथ-आंख के समन्वय के लिए अच्छा है, जो शूटिंग का एक अनिवार्य पहलू है। यह पूछे जाने पर कि वह महत्वाकांक्षी निशानेबाजों को क्या संदेश देना चाहेंगे, शार्दुल ने कहा कि वह अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करते हैं और दूसरों को प्रोत्साहित करते हैं कि वे जिस भी खेल को अपनाते हैं, उसमें अपना ध्यान स्पष्ट रखें।

## जियोसिनेमा ने क्वालीफायर 2 के दौरान 2.57 करोड़ दर्शकों के साथ विश्व रिकॉर्ड बनाया

**एजेंसी। मुंबई**

जियोसिनेमा ने गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस के बीच आईपीएल 2023 के क्वालीफायर 2 की पहली पारी में शुभमन गिल के सनसनीखेज शतक को 2.57 करोड़ दर्शकों द्वारा देखे जाने के रूप में एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। गिल की पारी और टाइटंस के कप्तान हार्दिक पांड्या की देर से चली तूफानी पारी ने चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात टाइटन्स के बीच क्वालीफायर 1 में जियोसिनेमा द्वारा विश्व रिकॉर्ड की बराबरी करने और 2019 विश्व कप में भारत बनाम न्यूजीलैंड सेमीफाइनल के दौरान बनाये गए रिकॉर्ड को मंगलवार रात पीछे छोड़ दिया। जियोसिनेमा की आईपीएल 2023 प्रस्तुति ने लगातार नए मानक स्थापित किए हैं और सीजन के माध्यम से लगभग हर हफ्ते रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं, जो क्रिकेट प्रशंसकों की पसंद का प्रमाण है।

17 अप्रैल को, एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में एमएस धोनी की सीएसके को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के एक हाई-ऑक्टेन रन चेज के खिलाफ बचाव करते हुए 2.4 करोड़ दर्शकों ने एक साथ देखा।

यह रिकॉर्ड 12 अप्रैल को 2.2 करोड़ के रिकॉर्ड को बेहतर करने के बाद स्थापित किया गया था, जब धोनी ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ एक और जीत लगभग हासिल कर ली थी। वायकॉम18 स्पोर्ट्स के सीईओ अनिल जयराज ने कहा, हम यह घोषणा करते हुए रोमांचित हैं कि जियोसिनेमा ने डिजिटल पर समवर्ती दर्शकों के विश्व रिकॉर्ड को तोड़कर एक नया मील का पत्थर स्थापित किया है। यह देश के हर कोने में प्रशंसकों और दर्शकों को टाटा आईपीएल का एक अनूठा अनुभव प्रदान करने के हमारे निरंतर प्रयास का एक प्रमाण है।

यह उपलब्धि विश्व स्तरीय खेल एक्शन देने की हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करती है, चाहे कोई भी पैमाना हो, और हमें प्रेरित करती है लाइव स्पोर्ट्स स्ट्रीमिंग की सीमाओं को लगातार आगे बढ़ाएं।

## एफआईएच मेन्स हॉकी प्रो लीग : बेल्जियम ने भारत को 2-1 से हराया



**लंदन।** भारतीय पुरूष हॉकी टीम को शुक्रवार को एफआईएच मेन्स हॉकी प्रो लीग मुकाबले में ओलंपिक चैंपियन बेल्जियम के खिलाफ 2-1 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम अगले दो सप्ताह में ग्रेट ब्रिटेन, नीदरलैंड, अर्जेंटीना और बेल्जियम से भिड़ेगी। दुनिया में दूसरे स्थान पर काबिज बेल्जियम ने 18वें मिनट में थिब्यू स्टॉकब्रोक्स के गोल के जरिए 1-0 की बढ़त बना ली, लेकिन सात मिनट बाद मनदीप सिंह ने गोल कर भारत को बराबरी दिला दी। हालांकि, मैच के आखिरी मिनटों में भारतीय डिफेंस लड़खड़ा गया, इस दौरान भारतीयों ने कई पेनल्टी कार्नर विपक्षी टीम को दिए।

## प्रणय मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में, सिंधु हारकर टूर्नामेंट से बाहर

**एजेंसी। कुआला लंपुर**

भारतीय शटलर एचएस प्रणय ने उनके प्रतिद्वंदी क्रिश्चियन आदीनाता के रिटायर हर्ट होने के बाद शनिवार को मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में जगह बना ली, जबकि पीवी सिंधु सेमीफाइनल में इंडोनेशिया की ग्रेगोरिया टुनजुंग से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गयीं। प्रणय सेमीफाइनल मैच में आदीनाता से 19-17 से आगे चल रहे थे, जब इंडोनेशियाई खिलाड़ी ने रिटायर होने का फैसला लिया। आदीनाता एक शॉट खेलने की कोशिश में अपने घुटने के बल गिर पड़े थे, जिसके बाद उन्हें व्हीलचेयर पर कोर्ट से बाहर ले जाना पड़ा। खिताबी मुकाबले में प्रणय का सामना चीनी ताइपे के लिन चू यी, या चीन के वेंग होंग यांग से होगा। दूसरी ओर, विश्व रैंकिंग में नंबर पांच पर काबिज टुनजुंग ने 44 मिनट चले सेमीफाइनल में विश्व नंबर 13 सिंधु को 21-14, 21-17 से हरा दिया। सिंधु ने इससे पहले टुनजुंग के खिलाफ हुए सातों मुकाबले जीते थे, लेकिन भारतीय खिलाड़ी से रैंकिंग में आगे निकल चुकीं टुनजुंग यहां अतीत को पीछे छोड़कर खेलती हुई नजर आयीं। पहले गेम में दोनों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट सिंधु ब्रेक तक 11-10 से आगे चल रही थीं, लेकिन ब्रेक के बाद 12-12 पर बराबरी करने के



बाद टुनजुंग तेजी से आगे निकल गयीं। सिंधु ने 19-13 से पिछड़ने के बाद एक पॉइंट अपने पक्ष में किया, लेकिन वह टुनजुंग को पहला गेम जीतने से नहीं रोक सकीं। दूसरे गेम में भी सिंधु और उनकी प्रतिद्वंदी ने एक दूसरे को बराबर परेशान किया, लेकिन टुनजुंग ब्रेक तक 11-10 से आगे निकलने में सफल रहीं। टुनजुंग के तेजतर्रार फुटवर्क के आगे सिंधु यह बढ़त समाप्त नहीं कर सकीं और हार के साथ मलेशिया में उनका सफर  समाप्त हुआ।

## चीनी शटलरों ने मलेशिया मास्टर्स के सेमीफाइनल में तीन स्थान हासिल किये

**कुआलालम्पुर।** चीनी खिलाड़ियों ने मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन चैंपियनशिप के चौथे दिन तीन क्वार्टरफाइनल मैच जीते। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, पुरुष एकल में चीन के वेंग होंगयांग ने एंगस एनजी का लोंग को 23-21, 14-21, 21-14 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। महिला एकल में चीन की हान यू ने थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान को 22-20, 21-9 से मात दी, लेकिन उनकी हमवतन वांग झियी और झांग यिमन बाहर हो गईं। भारत की ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग ने वांग को 21-11, 21-14 से हराया और भारत की ही पीवी सिंधु ने झांग को 21-16, 13-21, 22-20 से हराया। मिश्रित युगल में चीन की फेंग यान्झे और हुआंग डोंगपिंग ने जापान की यमाशिता क्योहेई और शिनोया नारू को 22-20, 11-21, 21-17 से हराया। फिर भी, यह चीनी शटलरों के लिए क्लीन स्वीप नहीं था, क्योंकि थाईलैंड के डेचापोल पुवारानुक्रोह और सपसीरी तेरातानाचाई ने जियांग झेनबैंग और वेई याक्सिन को 21-8, 21-17 से हराया।

## मेग लेनिंग महिला एशेज दौरे से हो गई बाहर



**एजेंसी। मेलबर्न**

ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मेग लैनिंग चिकित्सकीय कारणों से ब्रिटेन के महिला एशेज दौरे से बाहर हो गई हैं। सीए मेडिकल स्टाफ की सलाह पर लैनिंग को एक मेडिकल मुद्दे के कारण टीम से वापस ले लिया गया है जिसके लिए घर से प्रबंधन की आवश्यकता होती है। लैनिंग के खेलने के लिए वापसी की समयरेखा नियत समय में स्पष्ट हो जाएगी। सीए के प्रदर्शन प्रमुख (महिला क्रिकेट) शॉन फ्लेगलर ने कहा, यह मेग के लिए एक दुर्भाग्यपूर्ण झटका है और वह स्पष्ट रूप से एशेज से बाहर होने से निराश है, यह टीम के लिए एक महत्वपूर्ण श्रृंखला है और उसे याद किया जाएगा, लेकिन वह पहले अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देने की आवश्यकता को समझती हैं। मेग घर पर ही रहेगी जहां वह मेडिकल स्टाफ के साथ काम करना जारी रखेगी ताकि जल्द से जल्द खेल में लौट सकें। हम चाहते हैं कि इस समय मेग की गोपनीयता का सम्मान किया जाए। एलिसा हीली आगामी एशेज श्रृंखला में महिला टीम की कप्तानी करेंगी और उप-कप्तान के रूप में ताहलिया मैक्ग्रा द्वारा उन्हें सहयोग दिया जाएगा।

## भारत ने ऑस्ट्रेलिया-ए को 2-1 से हराया नवनीत कौर व दीप ग्रेस एक्का ने दागे गोल

**एजेंसी। एडिलेड**

भारतीय महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के पांचवें और अंतिम मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए शनिवार को ऑस्ट्रेलिया 'ए' पर 2-1 की रोमांचक जीत दर्ज की। भारत के लिए नवनीत कौर (10वां) और दीप ग्रेस एक्का (25वां मिनट) ने गोल किये। ऑस्ट्रेलिया 'ए' का एकमात्र गोल एबिगेल विल्सन (22वां मिनट) ने किया। पिछला मुकाबला 3-2 से जीतने के बाद ऑस्ट्रेलिया 'ए' ने आत्मविश्वास के साथ शुरूआत की और गेंद को अपने कब्जे में रखा। भारतीय टीम के रक्षण में गुरजीत कौर ने सतर्कता दिखाई और विपक्षी टीम को सर्कल के अंदर प्रवेश नहीं करने दिया। भारत ने जल्द ही तीन पेनल्टी कार्नर अर्जित करते हुए ऑस्ट्रेलिया ए के डिफेंस पर दबाव बनाया और नवनीत कौर ने रिवर्स हिट के साथ पहला गोल दागकर भारत को बढ़त दिला दी। भारत ने दूसरे क्वार्टर की शुरूआत में पिछली रेखा से गति



बनाना जारी रखा। ऑस्ट्रेलिया 'ए' ने तेज जवाबी हमले से गोल पर एक निशाना साधा लेकिन कप्तान सविता पूनिया उसे रोकने में सफल रहीं। ऑस्ट्रेलिया 'ए' ने दूसरे क्वार्टर के बीच में मैच का अपना पहला पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किया। एबिगेल ने जोरदार ड्रैगफ्लिक के साथ इस पेनल्टी को गोल में बदलते हुए स्कोर बराबर कर दिया। ऑस्ट्रेलिया की खुशी हालांकि ज्यादा देर तक नहीं टिकी और दीप ग्रेस एक्का ने तीन मिनट बाद ही पेनल्टी कार्नर पर अपनी ड्रैगफ्लिक से भारत को फिर से बढ़त दिला दी। वंदना कटारिया ने हाफ टाइम के बाद बायीं ओर से आक्रमण करते हुए भारत को एक और पेनल्टी कार्नर दिलाया। इस बार हालांकि ऑस्ट्रेलिया 'ए' का रक्षण खतरे को टालने में कामयाब रहा। नेहा गोयल ने मिडफील्ड को नियंत्रित करते हुए भारतीय फॉरवर्ड पंक्ति के लिये रास्ता बनाया जिसका दबाव मेजबान टीम के डिफेंस ने महसूस किया। वंदना की आक्रामकता ने ऑस्ट्रेलिया 'ए' को चौथे क्वार्टर में भी दबाव में रखा। मैच के अंत की ओर बढ़ते हुए दोनों टीमों की ओर से स्फूर्ति देखने को मिली। भारत ने मैच के अंतिम क्षणों में एक पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किया जिसे वह गोल में नहीं बदल सका। इसके बावजूद भारत ने गेंद पर कब्जा रखा और ऑस्ट्रेलिया ए को बराबरी करने की अनुमति नहीं दी।

## मैत्री मैच में गिनी, सेनेगल से भिड़ेगा ब्राजील

**एजेंसी। रियो डी जेनेरो**

ब्राजील अगले महीने यूरोप में गिनी और सेनेगल के खिलाफ मैत्री मैच खेलेगा, क्योंकि दक्षिण अमेरिकी दिग्गज 2026 विश्व कप क्वालीफायर की तैयारी कर रहे हैं। ब्राजील फुटबॉल परिसंघ (सीबीएफ) ने एक बयान में कहा कि पांच बार की विश्व चैम्पियन टीम 17 जून को बार्सिलोना में गिनी से और तीन दिन बाद लिस्बन में सेनेगल से भिड़ेगी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि ब्राजील को फिर से राष्ट्रीय अंडर-20 टीम के बॉस रेमन मेनेजेस द्वारा प्रबंधित किया जाएगा, क्योंकि सीबीएफ स्थायी मुख्य कोच की तलाश जारी रखे हुए है। मेनेजेस को कतर में



2022 विश्व कप के बाद टिटे के प्रस्थान के बाद जनवरी में अंतरिम मैनेजर नामित किया गया था। ब्राजील अपने 2026 विश्व कप क्वालीफाइंग अभियान की शुरूआत सितंबर में बोलिविया के खिलाफ घरेलू मैच के साथ करेगा और उसके बाद पेरू के साथ भिड़ेगा।

**आईपीएल 2023** | गिल के 100 रन बनाने की आदत पर बोले हार्दिक

# 'लगता है यह उनके लिए बस नाश्ता है'

**एजेंसी। अहमदाबाद**

गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने कहा कि शुभमन गिल आईपीएल 2023 में लगातार शतक लगा रहे हैं और तीन अंकों के आंकड़े तक पहुंचने की कला को नियमित रूप से नाश्ता करने जितना आसान बना रहे हैं। गिल ने दस छक्कों और सात चौकों की मदद से शानदार 129 रनों की पारी खेली, जबकि मुंबई के गेंदबाजों की उन्होंने मैदान में चारों तरफ धुनाई की। गुजरात ने 233/3 का बड़ा स्कोर पोस्ट किया। यह इस सीजन का उनका तीसरा शतक भी था, इस तरह टीम की क्वालीफायर 2 में मुंबई इंडियंस पर 62 रनों की जीत हुई। गुजरात की रविवार के फाइनल में चेन्नई सुपर किंग्स से भिड़ंत होगी। पांड्या ने गिल के साथ मैच के बाद



की बातचीत के आईपीएल के ट्विटर अकाउंट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, ₹वह 100 स्कोर करने की आदत बना रहा है और वह इसे ऐसा बना रहा है जैसे यह उसके लिए सिर्फ नाश्ता है। मैं बहुत सारे टी20 शतक देखने के लिए भाग्यशाली रहा हूं। लेकिन मैंने जो देखा (इस मैच में), वह मेरे अब तक के सबसे बेहतरीन में से एक था। हमें उस पर बहुत, बहुत, बहुत गर्व है। पांड्या ने यह भी भविष्यवाणी की कि गिल, जो वर्तमान में आईपीएल 2023 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं, जल्द ही खेल के सबसे बड़े सुपरस्टार में से एक बन जाएंगे। जीटी कप्तान ने कहा, कभी-कभी हमें इस व्यक्ति को रोकना पड़ता है क्योंकि वह बहुत अधिक बल्लेबाजी करता है। मुझे उसकी इतनी बल्लेबाजी देखकर डर लगता है। वह हर सफलता का हकदार है। यह व्यक्ति न केवल फ्रेंचाइजी क्रिकेट में बल्कि भारत के लिए भी एक अद्भुत क्रिकेटर बनने वाला है। वह पहले से ही एक स्टार है लेकिन वह सबसे बड़ा सुपरस्टार बनने वाला है। अपने शानदार फॉर्म के बारे में बात करते हुए गिल ने कहा कि सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल का पहला शतक जमाना एक महत्वपूर्ण मोड़ था। तब से, गिल ने आईपीएल 2023 की अपनी आखिरी चार पारियों में तीन शतक बनाए। गिल ने कहा, आईपीएल के पहले भाग में, मैं अच्छी शुरूआत कर रहा था। लेकिन मैं उन्हें परिवर्तित नहीं कर पा रहा था इसलिए मुझे पता था कि यह एक शतक बनाने के बारे में था और मुझे पता था कि जब मैं एक शतक प्राप्त करूंगा तो यह सब मानसिक स्विच के बारे में है। और फिर आप अलग तरह से सोचना और खेलना शुरू करते हैं, और यही मेरे लिए काम करता है। गिल ने यह भी साझा किया कि कैसे वह आईपीएल के व्यस्त कार्यक्रम के बीच बल्लेबाजी की अपनी बुनियादी बातों पर टिके रहते हैं। टाइटंस के सलामी बल्लेबाज ने कहा, मुझे लगता है कि जब आप बहुत सारे मैच खेलते हैं, तो कुछ चीजें बदल जाती हैं।